■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 351
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
26 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1987:** श्रीलंका ने जाफना में तमिल विद्रोहियों के खिलाफ अभियान छेड़ा।
**1999:** इसरो ने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया।
**1999:** सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ ने अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व रिकार्ड बनाया।
**2014:** नरेन्द्र मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

**प्रसन्नता कभी भी समाप्त नहीं होती, जब तक आप स्वयं नहीं चाहें।**

### एनडीए शासित मुख्यमंत्रियों व उपमुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की बैठक

# बिहार चुनाव व सुशासन पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस वार्ता कर बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए का सीएम कॉन्क्लेव हुआ। इस कॉन्क्लेव में दो प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई। वहीं, बैठक के दौरान पीएम मोदी ने पार्टी के नेताओं के लिए कुछ जरूरी निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने संघर्ष विराम को लेकर भी टिप्पणी की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान भाजपा नेताओं को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने पार्टी के नेताओं को नसीहत देते हुए बेवजह की बयानबाजी से बचने को कहा। इतना ही नहीं, एनडीए के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति गणना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है, जिसमें स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता भी दुनिया ने देखी है। जातिगत जनगणना पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते लेकिन वंचित, पीड़ित, शोषित और दलित जो लोग छूट गए हैं, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं। यह समाज की आवश्यकता है। जातिगत जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समाज की आवश्यकता है। जाति जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि **(शेष पृष्ठ 10 पर)**




## लालू प्रसाद ने तेज प्रताप को पार्टी व परिवार से निकाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने तेजप्रताप को परिवार से भी दूर कर दिया है। लालू यादव ने रविवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि तेजप्रताप की अब से पार्टी और परिवार में किसी तरह की कोई भूमिका नहीं रहेगी। यह फैसला खुद लालू प्रसाद यादव ने लिया और इस बात की जानकारी स्वयं उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये साझा की है। उन्होंने तेज प्रताप यादव के आचरण को निजी जीवन में नैतिक मूल्यों का अवहेलना करने वाला करार देते हुए कहा कि अब से पार्टी और परिवार में तेज प्रताप यादव की किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट करते हुए यह लिखा कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमज़ोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### एयरफोर्स सार्जेंट की स्पर्शाघात से मौत

**मुंगेर(नबिटा ब्यूरो)।** जमालपुर प्रखंड के इंदरुख पूर्वी पंचायत में करंट लगने से एयरफोर्स सार्जेंट अवनीश कुमार की मौत हो गई। वे अपने भतीजे के उपनयन संस्कार में शामिल होने के लिए 20 मई को परिवार के साथ गांव आए थे। उपनयन संस्कार के लिए घर के पीछे पंडाल बनाया गया था। वे पंडाल में पंखा लगा रहे थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गये।

### झुलसने से झोपड़ी में सोए भाई-बहन की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के भगवानपुर चकशेखू गांव में रविवार को भाई-बहन की जिंदा जलकर मौत हो गई। दोनों झोपड़ी में सोए हुए थे तभी शॉर्ट-सर्किट से उसमें आग लग गई। आग लगने से आसपास में रखा सामान और कपड़ा आदि भी जलकर राख हो गया। परिजन के अनुसार घर में दोनों बच्चों के अलावा कोई नहीं था। मृतकों में शंभू मांझी का बेटा अंकित कुमार (3) और बेटी प्रीति कुमारी (5) शामिल है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### हम पार्टी के नेता का अपहरण

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के साहेबपुर कमाल में अपराधियों ने हथियार के बल पर हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष और बीस सूत्री सदस्य राकेश कुमार का अपहरण कर लिया। आरोप संदलपुर पंचायत के सरपंच पति और राजद से जुड़े डब्बू यादव पर लगा है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। मामले की सूचना पर बेगूसराय एसपी मनीष कुमार मौके पर पहुंचे। पूरी घटना की जानकारी ली। बलिया डीएसपी नेहा कुमारी के नेतृत्व में स्पेशल टीम बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## तिलक में शामिल होने गये युवक की चाकू मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के दिनारा थाना अंतर्गत गणपोखरी गांव में बहन के तिलक समारोह में शामिल होने गये युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान नोखा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी टुनटुन चौहान के रूप में हुई है। दिनारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। शादी की खुशी के माहौल के बीच युवक की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, गोपालपुर निवासी सुदेश चौधरी की पुत्री की शादी दिनारा के गणपोखरी गांव में तय हुई थी। इसी सिलसिले में तिलक समारोह शनिवार की रात आयोजित किया गया था जिसमें सुदेश चौधरी का बेटा टुनटुन चौहान भी शामिल हुआ था। तिलक चढ़ाने के बाद बाकी परिजन गांव लौट गए लेकिन टुनटुन वहीं रुक गया था। अगले ही दिन उसकी मौत की खबर ने परिजनों को सदमे में डाल दिया। परिजनों के अनुसार टुनटुन चौहान की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही उसका पत्नी से विवाद शुरू हो गया। बाद में उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने जीजा के घर चली गई। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर टुनटुन पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि इस मामले में परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

## जीविका से जुड़कर 1.35 करोड़ से अधिक परिवारों को मिली आजीविका : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार में महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल देश भर में दी जा रही है। जीविका के माध्यम से 1 करोड़ 35 लाख से अधिक परिवारों ने आजीविका पाई है। बिहार देश का पहला राज्य है जहां इतनी बड़ी संख्या में महिला समूह सक्रिय हैं। यह बिहार की शक्ति और समर्पण का प्रतीक है। उक्त बातें बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने ओबरा प्रखंड के बेल ग्राम में आयोजित 'महिला संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वर्तमान में बिहार में 10,63,000 से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं की भागीदारी अब पंचायत, नगर निकाय, पुलिस, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में बढ़ी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सरकार ने दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिसमें 'जीविका निधि को-ऑपरेटिव बैंक' की स्थापना एवं सभी प्रखंड कार्यालयों की सफाई व्यवस्था जीविका समूहों को सौंपना शामिल है। मंत्री ने कहा कि आगामी योजनाओं में जीविका समूहों को जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पोखरों में मत्स्य पालन, प्रखंड कार्यालयों में कैंटीन संचालन जैसे कार्यों में भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब शहरी क्षेत्रों में भी जीविका के माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को संगठित कर उनका सामाजिक-आर्थिक उत्थान किया जाएगा। मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य के विकास में महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने जीविका समूहों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए सभी को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन जीविका के चन्द्रमा ग्राम संगठन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

### औरंगाबाद के ओबरा में 'महिला संवाद' कार्यक्रम आयोजित



## सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत, मां-बेटा जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के जम्होर थाना अंतर्गत जोकहरी गांव के समीप एनएच-139 पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई जबकि मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी सहेंद्र कुमार मेहता (30) और उनकी पुत्री रीमा कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में धनवंती देवी उर्फ रिंपी देवी और 5 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार महिला पति के साथ अपनी बहन के घर मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआंव गांव गई थी। बहन की घर ढलाई हुई थी। घर लौटने वक्त जम्होर थाना क्षेत्र के जोकहरी गांव के समीप एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक ट्रक के चक्के में फंस गया। चालक ट्रक लेकर भागना चाह रहा था पर स्थानीय लोगों ने उसे आगे बढ़ने नहीं दिया। इसके बाद आरोपी चालक मौका देखकर फरार हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-139 को जाम कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही जम्होर के प्रभारी थानाध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा, अपर थानाध्यक्ष वीरेंद्र राम, ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लोग इतने गुस्से में थे कि कुछ भी सुनने के लिए तैयार नहीं थे। आक्रोशित लोग घटनास्थल पर वरीय अधिकारियों को बुलाने और मुआवजे की मांग को लेकर अड़ गए। दो घंटे के बाद अधिकारियों ने मुआवजे का आश्वासन देकर जाम हटवाया। आक्रोशितों का कहना है कि सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण इसी जगह पर 18 घंटे के अंदर अलग-अलग 2 दुर्घटनाएं हुई है जिसमें तीन लोगों की जान चली गई है। प्रभारी **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

### वाहन के धक्के से दो युवकों की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के मोहनिया थाना अंतर्गत मोहनिया-रामगढ़ पथ स्थित फायर ब्रिगेड ऑफिस के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों युवक शादी समारोह में टेंट लगाने का काम करते हैं जो वापस लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान मोहनिया नगर के डड़वा निवासी शंकर शर्मा के पुत्र शेरू शर्मा जबकि दूसरा श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह के गांव बघिनी का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## दो नई रेलगाड़ियों का प्रारंभ होगा परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन का फैसला लिया गया है। इसमें एक वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दाहोद में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन दोनों एक्सप्रेस गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गाड़ी संख्या 26901 साबरमती वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में 6 दिन किया जाएगा। गुरुवार को इस ट्रेन का परिचालन नहीं होगा। प्रतिदिन यह गाड़ी सुबह 05.25 बजे साबरमती स्टेशन से खुलेगी और चांदलोडिया, विरमगाम, राजकोट, जूनागढ़ होते हुए दोपहर 12:25 पर वेरावल स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 26902 प्रतिदिन दोपहर बाद 14:40 पर वेरावल स्टेशन से खुलेगी **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

**BAYC Institute** स्थापित 1972
**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

### स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री ने रखी 31 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की आधारशिला

# बड़े पैमाने पर हो रही डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की बहाली : मंगल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाया है और अब गरीब सहित खास लोग भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। श्री पांडेय ने आज जिले के दाउदनगर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले में बनने वाले 31 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की आधारशिला रखते हुए कहा कि राज्य के लगभग सभी सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे सभी सुविधाएं उपलब्ध है। श्री पाण्डेय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि अभी राज्य में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली की जा रही है जिससे बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है और अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों को निलंबित एवं बर्खास्त करने की भी कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा मॉडल अस्पताल का उद्घाटन प्रगति यात्रा के दौरान किया गया था। वर्तमान में 21 करोड़ रूपये की लागत से मातृ शिशु अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सदर अस्पताल परिसर में 2.5 करोड़ रूपये की लागत से प्री-फैब पीआईसीयू अस्पताल तथा 7.5 करोड़ रुपये की लागत से 100 बेड प्री-फैब फील्ड अस्पताल, जम्होर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। हाल ही में जिले में 34 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निर्माण कार्य पूर्ण कर आम जनता को समर्पित किया गया है। औरंगाबाद जिले में 9.64 करोड़ रुपये की लागत से एक ट्रामा सेंटर की स्थापना हेतु निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु 400.29 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के **(शेष पृष्ठ 10 पर)**



# राहुल गांधी दुश्मन देश की भाषा बोल रहे हैं : डॉ. प्रेम कुमार

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद विपक्ष की बयानबाजी से देश और सेना का अपमान : सहकारिता मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद राहुल गांधी देश में घूम-घूमकर भारत के दुश्मन देश की भाषा बोल रहे हैं जिससे न केवल सेना का मनोबल टूट रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राहुल गांधी के बयान पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के खिलाफ सबूत के तौर पर इस्तेमाल करने का मौका दे रहे हैं जब पूरा देश और विभिन्न राजनीतिक दल एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं, तब राहुल गांधी जैसे जिम्मेदार पद पर रहे नेता का यह व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने याद दिलाया कि भारत ने 2016, 2019 और अब 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की है। यह भारत के बदले हुए रुख और वैश्विक मंच पर बढ़ती ताकत का प्रमाण है, लेकिन राहुल गांधी जैसे नेता राजनीतिक स्वार्थ में पड़कर देश की एकता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत ने 1947-48, 1965 और 1971 के युद्ध के बाद भी सिंधु जल संधि को नहीं तोड़ा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार इसे स्थगित कर देश की संप्रभुता और जल कूटनीति में निर्णायक कदम उठाया है। यह देश की सुरक्षा और स्वाभिमान से जुड़ा मुद्दा है, लेकिन विपक्ष इस पर भी सस्ती राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा हमने अपने दो राष्ट्रीय अध्यक्षों का बलिदान दिया है। भारत की जनता यह सब देख रही है। हर संकट की घड़ी में विपक्ष को सत्ता पक्ष के साथ खड़ा होना चाहिए, यही हमारे लोकतंत्र की खूबी रही है। स्वर्गीय नरसिंह राव ने कहा था कि 'दल से बड़ा देश है' और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था 'सरकारें आएंगी-जाएंगी, लेकिन देश रहना चाहिए।' लेकिन आज विपक्ष इस सोच को भी कुचलने पर आमादा है। डॉ. प्रेम कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि देश और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली इस राजनीति को जनता कभी माफ नहीं करेगी। इतिहास में पहली बार इतना निम्न स्तर देखा जा रहा है जिसे लोकतंत्र की सबसे बड़ी त्रासदी के रूप में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वह राजनीति को राष्ट्रनीति से ऊपर न रखे और संकट के समय देश के साथ खड़ा होकर राष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत करे।

# जदयू ने तस्वीर जारी कर तेजस्वी यादव पर बोला तीखा हमला

## बक्सर गोली बारी के अपराधी राजद से जुड़े हुए हैं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू ने बक्सर जिले में शनिवार को दो पक्षों में हुई गोलीबारी की घटना को लेकर राजद पर निशाना साधा है। गोलीबारी में तीन लोगों की मौत पर गरमाई सियासत के बीच जदयू ने इस घटना के पीछे राजद का हाथ बताया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने एक्स पर ट्रिपल मर्डर केस के आरोपी के साथ तेजस्वी यादव की तस्वीर को शेयर करते हुए जोरदार हमला बोला है। नीरज कुमार ने इस कांड के एक आरोपी संतोष यादव की तेजस्वी यादव और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह के साथ ली गई तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की है। इन तस्वीरों को आधार बनाते हुए नीरज कुमार ने कहा कि अपराधी राजद से जुड़े हुए हैं और यह पूरा घटनाक्रम विपक्ष द्वारा प्रायोजित है। नीरज कुमार के द्वारा जारी की गई एक तस्वीर में संतोष यादव, तेजस्वी यादव का स्वागत करते हुए नजर आ रहा है। अन्य दो तस्वीरों में वह राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जिस संतोष यादव पर बक्सर गोलीकांड को अंजाम देने का आरोप है, वह चुनाव के समय राजद के पक्ष में सक्रिय था। उन्होंने तेजस्वी यादव पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब कौन सी स्क्रिप्ट पढ़ेंगे तेजस्वी यादव? बक्सर पर बकार निकालेंगे? रीतलाल पर साजिश का राग था, अब आपके 'दुलरुआ' अपराधी संतोष यादव ने तिवारी सिंह यादव समेत एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या कर दी। इस पर क्यों मौन व्रत? अपराधी चाहे जिसका भी दुलरुआ हो, कानून के जबड़े से नहीं बचेगा! नीरज कुमार ने एक वीडियो बयान में कहा कि यह विपक्ष प्रायोजित हिंसा है। तेजस्वी यादव को इस पर भी बुलेटिन जारी करना चाहिए, लेकिन वे मौन हैं। बता दें कि यह खूनी संघर्ष बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में हुआ था जहां सरकारी जमीन पर बालू गिराने को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। इसी विवाद में पांच भाइयों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई जिसमें तीन की मौके पर मौत हो गई थी।

# किसानों को अपनी फसल के मूल्य निर्धारण का अधिकार मिलना चाहिए : किसान कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश किसान कांग्रेस की ओर से रविवार को सदाकत आश्रम में किसान महासम्मलेन का आयोजन किया गया। ''अन्नदाता के सम्मान में कांग्रेस मैदान में'' स्लोगन के साथ आयोजित किसान महासम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक राज कुमार शर्मा ने की। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज कुमार शर्मा ने कहा कि किसान के जीवन में आर्थिक बदलाव को लेकर वर्तमान केन्द्र एवं राज्य सरकार कारगर पहल नहीं कर पा रही है। खेती एवं किसानी घाटे का सौदा बनकर रह गया है। किसान खेती छोड़ने को विवश है और मजदूर बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अपना फसल का मूल्य निर्धारण करने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के 23 सूत्री मांग को लेकर सभी जिलों में आन्दोलन किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोती लाल शर्मा ने अपने संबोधन में किसानों की समस्याओं को रेखांकित करके उस पर आन्दोलन की बात कही और कहा कि हम सबको मिलकर बिहार में किसानों के हक की लड़ाई को उचित मंच देने की जिम्मेदारी है। प्रत्येक जिले में किसानों की समस्या है, नहरों में पानी, उचित सिंचाई का अभाव, खाद व बीज की आपूर्ति और उचित बाजार के साथ कीमत दिलाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अजय चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के साथ नाइंसाफी कर रही है। सरकार को किसानों का कर्ज माफ करना चाहिए, जिससे आत्म हत्या करने वाले किसानों को रोका जा सके। बिना ब्याज के किसानों को खेती के लिए सरकार को आसान लोन की व्यवस्था करनी चाहिए। सम्मेलन में हबीबुल्ला अंसारी, रौशन कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, रामचन्द्र पासवान, डा. गौतम कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद कुशवाहा, संतोष कुमार श्रीवास्तव, मो. शाहनवाज, किशोर कुमार, उमेश प्रसाद राठौर और कई अन्य नेता मौजूद थे।

# भाजपा कार्यालय में डॉ. दिलीप जायसवाल ने नेताओं के साथ सुनी 'मन की बात'

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा कर हौसला अफजाई की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को तन्मयता से सुनी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'मन की बात' के 122वें एपिसोड को सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, बिहार सरकार में मंत्री रेणु देवी, जीवेश मिश्रा, कृष्ण कुमार मंटू, सांसद भीम सिंह, विधायक संजीव चौरसिया, सिद्धार्थ सौरभ, संजय सिंह, अवधेश पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक विचारों को सुना। 'मन की बात' सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सभ्यता, संस्कृति और विरासत की चर्चा की तो आतंकवाद से लड़ने की भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रयासों के तहत ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा की। इस दौरान विश्वास व्यक्त किया कि आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। डॉ. जायसवाल ने कहा पीएम मोदी ने सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा कर उनकी हौसलाअफजाई की। प्रधानमंत्री ने आज के अपने मन की बात में खेलो इंडिया गेम्स के उत्साह और युवा प्रतिभाओं की उपलब्धियों को देशवासियों के साथ साझा किया।

उन्होंने बिहार के पांच शहरों में आयोजित खेलों इंडिया गेम्स में पूरे भारत से 5,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेने और इन खिलाड़ियों की मेहमाननवाजी और खेल भावना के लिए बिहार की भी जमकर तारीफ की। 'खेलो इंडिया गेम्स' की सफल मेजबानी कर बिहार ने इस आयोजन को खास बनाया। उन्होंने कहा कि बिहार में खेल की आधारभूत संरचनाओं में वृद्धि हो रही है। हमने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर यह साबित भी किया है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस क्रम में मधुमक्खी पालन की भी चर्चा की और भारत में एक 'स्वीट रिवॉल्यूशन' की बात कही। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि 'स्वीट रिवॉल्यूशन' से मतलब मिठास से भरी क्रांति से है, यानी मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार और अन्य संस्थानों ने कई कदम उठाए हैं जिससे शहद उत्पादन में वृद्धि हुई है।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया, मृत्युंजय झा, मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, अरविंद शर्मा, प्रभात कुमार, पटना जिला अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, ज्ञान ओझा सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरक संवाद सुने।

# तेज प्रताप यादव ने अनुष्का यादव से शादी कर ली है क्या?

## सोशल मीडिया पर तेज प्रताप यादव की शादी का वीडियो हो रहा वायरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने अनुष्का यादव से शादी कर ली है क्या? यह सवाल अभी चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी वजह यह है कि सोशल मीडिया पर तेज प्रताप यादव की शादी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि कोई नहीं कर रहा है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने इस वीडियो को पोस्ट किया है। इसके साथ ही तेज प्रताप यादव और अनुष्का यादव की कई तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। दरअसल, शनिवार को सोशल मीडिया पर तेज प्रताप यादव ने ट्विट कर अपने 12 साल के रिलेशनशिप का खुलासा किया था। हालांकि बाद में उन्होंने पोस्ट डिलीट कर दी और लिखा कि उनके सोशल साइट को हैक कर लिया गया है। वहीं अब अनुष्का के साथ सात फेरे लेते हुए तेज प्रताप यादव का वीडियो वायरल हो रहा है। इस पूरे विवाद की शुरुआत उस फेसबुक पोस्ट से हुई जिसमें कथित तौर पर तेज प्रताप यादव ने एक युवती के साथ अपने 12 साल पुराने रिश्ते की बात कबूल की थी। साथ में एक तस्वीर भी वायरल हुई जिसमें उन्हें उस युवती के साथ देखा जा रहा था।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए दसवीं एवं बारहवीं के टॉपर्स छात्र-छात्राएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजधानी के अग्रणी कॉमर्स कोचिंग की सूची में शामिल सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में इस वर्ष के सीबीएसई के दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थान के 200 छात्रों को सम्मानित किया गया। ए एन कॉलेज सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, संस्थान के निदेशक सीए विनय कुमार, निदेशक सीए विवेक कुमार एवं कार्यकारी निदेशक एच एस तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव एवं संस्थान के निदेशकों ने 200 सफल छात्रों को मोमेंटो, शैक्षणिक प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी छात्र जीवन के हर क्षेत्र में सफल हों और अपने माता - पिता, गुरुजनों तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। संस्थान के निदेशक सीए विनय कुमार ने कहा कि आज हमने इस सम्मान समारोह के माध्यम से सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये छात्र निश्चय ही भविष्य में इससे भी बड़ी सफलताएं अर्जित करेंगे। संस्थान के निदेशक सीए विवेक कुमार ने कहा कि इन छात्रों ने दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं में इस संस्थान का परचम एक बार पुनः लहराया है। ये छात्र ही हमारा भविष्य हैं और आज इनको सम्मानित करके हमें अत्यंत ही सुख की अनुभूति हो रही है। इन्होंने संस्थान तथा हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन व अपनी निरंतर मेहनत से इस सफलता को अर्जित किया है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक एचएस तिवारी ने भी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे आशा है कि आप इसी प्रकार मेहनत करके आगे भी अपना तथा संस्थान का नाम ऊंचा करेंगे। मौके पर संस्थान के शिक्षकों एवं कर्मियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** आचार्य वासुदेव द्विवेदी शास्त्री के पुण्य स्मृति महोत्सव में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं संस्कृत सम्भाषण को जन-जन तक पहुंचाने में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा को सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थान की ओर से 26 मई को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कला संकाय के भारत अध्ययन केन्द्र में सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. धर्मदत्त चतुर्वेदी ने बताया कि डॉ. मुकेश कुमार ओझा 1986 से संस्कृत भाषा को जन-जन की भाषा बनाने के लिए संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन कर रहे हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार आदि अनेक राज्यों में अनेक संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन कर चुके हैं। बत्तीस महीने से लगातार अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन चल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पाण्डेय करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ सिंहासन पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मुकेश कुमार ओझा होंगे। इस अवसर पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हरि प्रसाद अधिकारी, प्रो. सदा शिव कुमार द्विवेदी, प्रो. विवेक पांडेय, प्रो. कामेश्वर शुक्ल, प्रो. संतोष कुमार शुक्ल, प्रो. शरदिव्यन्दु कुमार त्रिपाठी, प्रो. शैलेश कुमार तिवारी, डॉ अरविन्द कुमार तिवारी, डॉ चन्द्र कांत शुक्ल, प्रो. श्रीनिवास द्विवेदी उपस्थित रहेंगे।

# रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब ऑफ पटना सिटी ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रोटरी एवं रोट्रैक्ट क्लब ऑफ पटना सिटी द्वारा खाजेकला घाट, पटना सिटी में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास से लगाया गया जिसमें 125 से अधिक मॉर्निंग वॉकर्स ने भाग लिया। शिविर में प्रतिभागियों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की जांच की गई। साथ ही उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया। रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की यह पहल भी उसी श्रृंखला की एक कड़ी है। वहीं चेयरमैन राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव ने बताया कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग अक्सर अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा कर देते हैं। पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर प्रीत ने बताया कि इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि रोटरी और रोट्रेक्ट समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभा रहे हैं। भविष्य में भी रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी इसी तरह समाजहित में कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में रोटरी पटना सिटी के कार्यकारी अध्यक्ष रो बिनोद मिश्रा, सचिव विष्णु झुनझुनवाला, कोषाध्यक्ष रव्यांशु प्रीत, पूर्व अध्यक्ष रो रवि शंकर प्रीत, रो बिजय कुमार यादव, रो शिशिर कुमार, रो कृष्ण कुमार यादव, रो अमित आनंद, रो बिमल प्रकाश, रो कवि सैनी, रो राजदीप मेहता, रो सविता प्रीत, रो विजय कुमार, सुजीत कसेरा, पिंकु कुमार, शत्रुघ्न कुमार, रोट्रेक्ट पटना सिटी के अध्यक्ष रो विशाल कुमार आर्य, आगामी सत्र के अध्यक्ष सह संयोजक रो राहुल राज सिंह, रो मनजीत राज, रो शुभांगिनी गुप्ता, रो हर्ष राज, धीरज कुमार, रवि कुमार,हर्षिता रस्तोगी, हरि ओम दिनकर, विक्की साह सहित कई गरिमामयी सदस्यों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# दक्षिण अमेरिका के गुयाना में सीता प्रदर्शनी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दक्षिण अमेरिका के गुयाना में प्रत्येक वर्ष 5 मई को भारतीय आगमन दिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस साल भारतीय आगमन दिवस के अवसर पर दक्षिण अमेरिका के गुयाना में सीता बिहार की बेटी विषय पर एक प्रदर्शनी आयोजित की गयी। प्रदर्शनी का आयोजन बिहार संग्रहालय, पटना की ओर से युवा एवं खेल मंत्रालय, गुयाना; भारतीय उच्चायोग, गुयाना और स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केन्द्र जार्जटाउन, गुयाना के सहयोग से किया गया। गुयाना के संस्कृति, युवा एवं खेल मंत्री चार्ल्स एस रामसन ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ सुनील कुमार झा और संग्रहालयाध्यक्ष डॉ रवि शंकर गुप्ता बिहार संग्रहालय के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए, गुयाना में भारत के उच्चायुक्त डॉ अमित तेलंग और अन्य दूतावास के राजदूत भी उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित रहे। जार्जटाउन में आयोजित यह प्रदर्शनी 4 जून तक चलेगी। भारतीय उच्चायुक्त और गुयाना के राष्ट्रपति डॉ इरफान अली ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी भारतीय मूल की प्रजा के लिए एक सुखद अनुभूति है।

# प्रजापति समाज की हुंकार रैली से गूंजा अधिकारों का स्वर, राजनीतिक भागीदारी की मांग हुई तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आज बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित हुंकार रैली ने राज्य की राजनीति में सामाजिक न्याय और समान भागीदारी की बहस को एक नई धार दे दी। इस विशाल रैली में प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में प्रजापति समाज के लोग शामिल हुए और अपने सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक हक की पूरजोर मांग उठाई। रैली के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति ने सभा को संबोधित करते हुए कहा अब समय आ गया है कि प्रजापति समाज खुद को सिर्फ कुम्हारी तक सीमित न रखे, बल्कि शिक्षा, राजनीति और प्रशासन में सशक्त भागीदारी दर्ज कराए। हम अब मौन नहीं रहेंगे। विशिष्ट अतिथि, मध्यप्रदेश के छतरपुर विधानसभा के पूर्व विधायक आर. डी. प्रजापति ने कहा कि राजनीतिक निर्णयों की प्रक्रिया में जब तक हम खुद भाग नहीं लेंगे, तब तक समाज की वास्तविक उन्नति संभव नहीं है। आबादी के अनुपात में भागीदारी ही लोकतंत्र की आत्मा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष रूपेश कुमार ने कहा मंडल आयोग लागू होने के बाद भी कुम्हार जाति को अपेक्षित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला है यह अन्याय है।

# प्रदेश किसान कांग्रेस ने आहूत किया किसान महासम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में रविवार को प्रदेश किसान कांग्रेस के द्वारा किसान महासम्मलेन का आयोजन किया गया। ''अन्नदाता के सम्मान में कांग्रेस मैदान में'' स्लोगन के साथ आयोजित किसान महासम्मलेन का आयोजन एवं अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक राज कुमार शर्मा ने किया। मंच संचालान पूर्व अतिपिछड़ा विभाग के अध्यक्ष कुन्दन गुप्ता ने किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज कुमार शर्मा ने कहा कि किसान के जीवन में आर्थिक बदलाव को लेकर वर्तमान केन्द्र एवं राज्य सरकार कारगर पहल नहीं कर पा रही है। खेती एवं किसानी घाटे का सौदा बनकर रह गया है। किसान खेती छोड़ने को विवश है और मजदूर बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अपना फसल का मूल्य निर्धारण करने का अधिकार मिलना चाहिए।

# भारतीय विश्वकर्मा महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक बेली रोड स्थित होटल बुद्धा रेसीडेंसी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राम शंकर एवं संचालन महासंघ के महासचिव भिखारी शर्मा ने की। बैठक में महासंघ के राज्य एवं जिला पदाधिकारियों सहित विश्वकर्मा समाज के कई संगठनों के प्रतिनिधियों एवं समाज के बुद्धिजीवीगण ने भाग लेकर विश्वकर्मा समाज को जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। इसके साथ ही सर्वसम्मति से 30 जुलाई 2025 को गांधी मैदान में विश्वकर्मा राजनीतिक हिस्सेदारी रैली करने की प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस अवसर पर भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व सभ्यता को दिशा देने वाले और औद्योगिक क्रांति के जनक माने जाने वाले विश्वकर्मा समाज के लोग आज भी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से वंचित हैं। सदियों से उपेक्षा झेलते आ रहे इस समाज को आज भी उसका वाजिब हक नहीं मिल रहा है। आजादी के 78 साल और गणतंत्र के 75 वर्ष बाद भी यह समाज विकास के मुख्यधारा से कोसों दूर है। फिर भी लोग समाज के प्रति संवेदनशील होने के बजाय अपनों की आलोचना करने में व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि यह विशाल रैली समाज के हक अधिकारों की लड़ाई में एक मजबूत कदम साबित होगी। वहीं मौके पर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार स्पंदन ने कहा विश्वकर्मा समाज स्वतंत्र कहां है दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि इस समाज की कोई अपना नेता नहीं है जबकि इस समाज की आबादी 8 से 9 प्रतिशत है जिस दिन ये समाज उठ खड़ा होगा या इसके पास अपना नेता होगा देश और राज्य पर इस समाज का कब्जा होगा।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा नि:शुल्क हड्डी रोग जांच एवं सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर समाजसेवी संजय भालोटिया के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस शिविर में हड्डी रोग संबंधी जांच के साथ-साथ किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि हड्डी रोग जांच शिविर में प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव ने 100 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 85 मरीजों का बोन डेंसिटी टेस्ट किया गया जिसमें से 40 से अधिक मरीजों में कैल्शियम की कमी और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पाई गई। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई।

# उद्योगों को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता : नीतीश मिश्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दुर्गावती।** राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्योगों के स्थापित होने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उक्त बातें बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने रविवार को कुल्हड़िया-चांद मार्ग स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एस आईपीबी के तहत नए यूनिट के उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों के विकास के लिए प्राथमिकता दी है। निवेशकों व उद्योगपतियों को हर सम्भव सहयोग दिया जा रहा है ताकि उद्यमी पूंजी निवेश कर सकें। एस0आई0पी0बी0 के तहत नवस्थापित इकाई मेसर्स यश लक्ष्मी इको पेक प्रा0 लि0 के उद्घाटन के उपरांत मेसर्स जयदयाल हाईटेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभुक मेसर्स काजल इन्टरप्राइजेज, मेसर्स भवानी गारमेन्ट्स का निरीक्षण किया। उद्योग विभाग द्वारा जिलान्तर्गत विगत वर्ष में संचालित विभिन्न योजनाओं यथा- औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2016 के तहत लगभग 250 इकाई को अनुदान के रूप में 12 सौ 50 करोड़ रूपये मात्र मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अन्तर्गत कुल 1028 उद्यमी को कुल एक सौ तेरह करोड़ तीस लाख रूपये मात्र बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत कुल- 1600 उद्यमी को लगभग बारह करोड़ उनहतर लाख रूपये मात्र प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक कुल 646 लाभुकों को 2087.38 लाख रूपये मात्र, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक 284 उद्यमियों को 20.00 करोड़ रुपये मात्र एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत 100 लाभुकों को एक करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया है। कैमूर जिले में औद्योगिक विकास हेतु औद्योगिक पार्क के लिए कुदरा प्रखण्ड में जीटी रोड के समीप नेवरास ग्राम में चिन्हित भूमि का जायजा लिया गया। उक्त भूमि के पास ही एक एथनॉल प्लांट भी लग चुकी है जिसमें सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। लालापुर में स्थित सैकड़ों राइस मिल रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे हैं एवं आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। मैं भरोसा दिलाता हूं कि राज्य सरकार उद्योगों के विकास के लिए पूर्ण रुप से प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण हेतु तत्पर है। मौके पर एसडीएम राकेश कुमार सिंह, उद्योग विभाग महाप्रबंधक, राजू अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, रमेश चौरसिया, अमित तुलस्यान आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# पीएम के आगमन को ले भाजपा ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड के बरांव कला में भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा एवं अकोढ़ी गोला प्रखंड के बांक में मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी 30 मई को प्रस्तावित बिक्रमगंज आगमन को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता ने कहा कि प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रूप से आमंत्रण पत्र देकर लोगों को चलने का आह्वान किया जाए। उन्होंने इसे न केवल मंडल के लिए, बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया कि देश के प्रधानमंत्री का कार्यक्रम रोहतास जिले के विक्रमगंज की धरती पर आयोजित होने जा रहा है। बैठक में विधानसभा प्रभारी प्रदेश युवा प्रभारी दुर्गेश सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा में पांच लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में डिहरी विधानसभा से 30 मई को बस एवं छोटी वाहन से जाएंगे। बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है। मौके पर अकोढ़ीगोला प्रखंड प्रभारी कन्हैया सिंह, महामंत्री डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष माया देवी, उपाध्यक्ष सुमित गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय पांडे, सचिव अमरेंद्र कुमार राम समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीविका दीदियों की ट्रेनिंग, ऋण वितरण में कोई बाधा न हो : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जीविका परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, विभिन्न प्रखंडों से आए बीपीएम सहित संबंधित पदाधिकारीगण एवं जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। बैठक में जिलाधिकारी ने जीविका के विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की जिनमें स्वयं सहायता समूहों का गठन, समूहों को बैंक लिंकेज, रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन, पशुपालन, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं सामाजिक व्यवहार परिवर्तन से जुड़ी गतिविधियां प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लाभार्थियों को योजनाओं से समय पर जोड़ा जाए। स्वयं सहायता समूहों को अधिक सशक्त और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाए। महिला समूहों के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग की व्यवस्था की जाए। जीविका दीदियों के लिए प्रशिक्षण, ऋण वितरण एवं तकनीकी सहयोग में किसी प्रकार की बाधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जीविका सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मबल और आत्मनिर्भरता की पहचान है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों और जीविका दीदियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभव, समस्याएं और सुझाव भी सुने।

# 25 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 25 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, वारंटी व शराब तस्कर है। 53 लीटर देशी व पांच लीटर अंग्रेजी शराब, तीन बाइक व एक देशी कट्टा, एक स्कॉर्पियो, ग्यारह जिंदा कारतूस, दो मैगजीन, एक मोबाइल, तीन लाख 97 हजार नगद आदि जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 97 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# बिहार पुलिस में चयनित 21 युवाओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** 'सपनों की उड़ान, नारी शक्ति का सम्मान'- इसी उद्घोष के साथ एवरेस्ट कोचिंग सेंटर, तिलौथू में रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाल ही में बिहार पुलिस में चयनित 21 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अंगवस्त्र, श्रीमद्भगवद्गीता एवं मिठाई खिला कर सम्मानित किया गया। इस सूची में लड़कियों की भागीदारी विशेष सराहनीय रही जिन्होंने गांव-कस्बों की सीमाओं को लांघते हुए यह साबित कर दिया कि आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। चटनी बिगहा की कविता कुमारी, बसडिहा की ज्योति पाल, सोनौरा की प्रीति कुमारी और



विशुनपुरा की निधि कुमारी, अंकिता कुमारी, पूजा कुमारी जैसी दर्जनों युवतियों ने अपने कड़े परिश्रम और अनुशासन से यह सिद्ध किया कि अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। सम्मानित होने वालों में- सीता कुमारी (चितौली), रबिया खातून (चुरेसर), रागिनी कुमारी (भिसड़ा), राधिका कुमारी (लोहराडीह), जूही कुमारी (भदोखरा), कंचन कुमारी (बाबूगंज), आकृति कुमारी (सोनौरा), अनिता कुमारी (जागोडीह), अंजु कुमारी (बंशीबिगहा), निशु कुमारी, रुचि कुमारी (मिर्जापुर) जैसे नाम शामिल हैं। पुरुष प्रतिभागियों में सोनू कुमार, चितरंजन कुमार एवं दीपक कुमार ने भी अपने परिवार एवं संस्थान का नाम रौशन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि समाजसेवी व पत्रकार सत्यानंद कुमार ने कहा कि- 'आज की बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यह चयन केवल नौकरी नहीं बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा देने वाला कदम है।' एवरेस्ट कोचिंग सेंटर के संस्थापक चंदन कुमार एवं मार्गदर्शक पंकज कुमार एवं आनंद कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि 'हमारा लक्ष्य सिर्फ नौकरी दिलवाना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, शिक्षित और सशक्त बनाना है।' समारोह ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि नारी अब अबला नहीं, वह सबला है- समाज की प्रहरी और राष्ट्र की रक्षक भी।

# जिला होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ एस एम आलम का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। सासाराम के सभी होम्योपैथिक डॉक्टर और दुकानदार शामिल होकर उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया जिसमें मुख्य रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉक्टर अवधेश कुमार, डॉक्टर कामेश्वर सिंह, डॉक्टर शिव शंकर सिंह, डॉक्टर आर पी सिंह, डॉक्टर कामेश्वर सिंह पंकज, डॉक्टर हेमंत कुमार, डॉक्टर राम लखन सिंह, डॉक्टर महेंद्र प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर विशाल कुमार, डॉक्टर मुकुल प्रकाश, डॉक्टर गुप्तेश्वर सिंह, डॉक्टर रविंद्र कुमार, डॉ शशि कुमार, डॉ महेंद्र सिंह, डॉक्टर सरोज कुमार, डॉक्टर एल बी सिंह, डॉक्टर के के शर्मा आदि शामिल हैं।

# रोहतास जिला में अंचल, ब्लॉक थाना एवं अनुमंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम कैंप कार्यालय में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि रोहतास जिला में अंचल ब्लॉक थाना अनुमंडल जिला कार्यालय में भ्रष्टाचार घूसखोरी चरम सीमा पर हो रहा है, लेकिन सासाराम अंचल में बहुत ही ज्यादा घूसखोरी अंचल अधिकारी सासाराम के द्वारा किया जा रहा है। कल निगरानी के द्वारा जो कंप्यूटर ऑपरेटर को 1,10000 रुपए के साथ निगरानी ने गिरफ्तार किया है इसका मुख्य सरगना भ्रष्ट घूसखोर अंचलाधिकारी सासाराम है जिसे तुरंत गिरफ्तार कर नौकरी से बर्खास्त करना चाहिए। भ्रष्ट घूसखोर सासाराम अंचल अधिकारी का रिश्वत उसके



साथ रहने वाले ऑपरेटर 1,10000 रुपए घूस लेते रंगे हाथ कल निगरानी विभाग ने गिरफ्तार किया, लेकिन असली भ्रष्ट घुसखोर अंचलाधिकारी सासाराम कब गिरफ्तार होगा। अंचल अधिकारी सासाराम से जनता परेशान हो चुकी है। किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि जनता से सभी रिश्वत मांगने वालों की शिकायत निगरानी विभाग को बताकर सभी घूसखोर भ्रष्ट कर्मचारियों, अधिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाना चाहिए।

# हर्ष फायरिंग में नर्तकी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** आयरकोठा थाना क्षेत्र अन्तर्गत टड़वा गांव में शादी समारोह में आए हुए बारातियों द्वारा आयोजित नाच कार्यक्रम के दौरान गोली लगने से एक नर्तकी घायल हो गई जिसको आनन-फानन में बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि टड़वा गांव में मनोज सिंह के यहां लड़की की शादी थी। नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सबदला गांव से बरात आई थी। बरात के ठहरने की व्यवस्था गांव की कुछ दूरी पर ढेला बाग स्थित निजी होटल में की गई थी। रात्रि में नाच देखने के दौरान हर्ष



फायरिंग में स्टेज पर नाच रही नर्तकी पलक कुमारी गांव शहरी थाना काराकाट की रहने वाली को गोली लग गई जिसका इलाज बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। फायरिंग एवं घटना की सूचना स्थानीय थाने को मिलते ही मामले की जांच शुरू की, परंतु किसी ने इस घटना की पुष्टि नहीं की। स्थानीय थाने में वर पक्ष और वधू पक्ष दोनों के लोगों को बुलाया गया। घटना के संबंध में किसी ने सटीक जानकारी नहीं दी। वधू पक्ष के लोगों ने कहा कि हम लोग शादी में व्यस्त थे। घटना कब हुई कैसे हुई हमें जानकारी नहीं है। घटना के संबंध में घायल नर्तकी पलक कुमारी ने अपने फर्द बयान में बताया कि वह मुस्कान एंड द ग्रेट थियेटर में काम करती है वह अपनी टीम के साथ टड़वा गांव के मनोज सिंह के यहां शादी में नाचने आई थी। नाच का बुकिंग दूल्हे का भाई राहुल कुमार पिता शिव मुनि सिंह ने किया था। नाच का कार्यक्रम जहां था वह होटल के अंदर गोदाम जैसा दिख रहा था। रात के तीन चार बजे के आसपास तीन-चार बार गोली चली इसी बीच मेरे कमर में गोली लग गई और मैं घायल हो गई। हमारे टीम के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के उद्भेदन को लेकर डिहरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन कोटा किरण कुमार गांव में पहुंचे तथा घटनास्थल पर भी पहुंचे और मामले की छानबीन की। उन्होंने बताया कि हर्ष फायरिंग करना या सार्वजनिक जगह पर गोली चलाना अपराध है। इस संबंध में चिन्हित कर लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्ष के लोगों को थाने में बुलाकर पूछताछ की जा रही थी वहीं होटल का सीसीटीवी कैमरा की जांच तथा शादी में हुए वीडियो रिकॉर्डिंग की मांग की जा रही थी।

# खिड़की तोड़ घर से लाखों की संपत्ति की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** हरिदासपुर गांव के निवासी राम प्रसाद सिंह के घर बीती रात करीब 12 बजे अज्ञात चोरों ने जंगला तोड़कर घर में घुसपैठ की और परिवार को भारी क्षति पहुंचाई। चोरों ने उनकी दो बहुओं के रहने के कमरे से कीमती सामान सहित गेहूं आदि उठा लिया जिसमें दो चैन, 35 साड़ी, अटैची 20, गेहूं 4 बोरी, मांग टीका तीन, हर तीन, मंगलसूत्र दो कान वाली तीन अंगूठी 6, 2 लाख नगद रुपए अनुमान है कि कुल मिलाकर लगभग 12 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हुई है। पीड़ित परिवार पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था, ऐसे में यह घटना उनके लिए एक बड़ा आघात बनकर आई है। ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि घटना की शीघ्र जांच कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को उचित सहायता प्रदान की जाए। प्रमुख प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार, उप प्रमुख ओमप्रकाश सिंह, युवा नेता मुन्ना यादव, पूर्व मुखिया अमरेंद्र पाल, भोलानाथ सिंह, मोतीलाल सिंह, उमाशंकर सिंह, उमेश कुमार सिंह सहित कई स्थानीय लोगों ने इस घटना की निंदा की है और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# बिहार में बह रही है विकास की गंगा : बैरिस्टर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला के जदयू के प्रवक्ता अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि 1990 के दशक में लालू प्रसाद यादव के कार्य काल जंगल राज और नीतीश कुमार के 2005 से अबतक के कार्य काल सुशासन राज में जिसको अन्तर नहीं दिखता उनको अपने आंखों और दिमाग का इलाज कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को सब कुछ दिखाई देता है। लालू जी के शासन में स्वास्थ, शिक्षा, रोड, बिजली व्यवस्था पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। वहीं कानून व्यवस्था चौपट व अपराधियों का बोलबाला था। नेता अपराधियों में गठजोड़ एवं सत्ता का लाभ सिर्फ अपने परिवार व रिश्तेदार को दिया जाता था और जनता त्रस्त होकर ही



नीतीश कुमार को अपना आशीर्वाद दिया जो 2005 में तब से लेकर अब तक देख सकते हैं कि बिहार में विकास की गंगा बह रही है, स्वास्थ सेवा, रोड, बिजली, पानी, पढ़ाई- लिखाई यहां तक कि अब अंतर्राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भी किया जा रहा है। यह सब कुछ सम्भव हो पाया कि कानून व्यवस्था अच्छी हो गई और सत्ता का लाभ जनता को मिल रहा है लोग निडर हो कर जीवनयापन कर रहे हैं। हमारे नेता नीतीश कुमार ने अपने परिवार को सत्ता में कभी हस्तक्षेप नहीं करने दिया। इन्होंने जब से बिहार का मुख्यमंत्री का पद संभाला है तब से सिर्फ बिहारियों के लिए ही काम किया। आज बिहारी कहलाना गर्व की बात है। वर्ना 90 वाले तो बिहार की बदहाली में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है, परंतु आज राजग सरकार में अनगिनत योजनाओं पर काम चल रहा है। भाजपा ने भी नीतीश कुमार को पूरा साथ दिया और आज भी सरकार के साथ है। इसलिए राजद के नेताओं से अपील करते हैं कि पहले तो अपनी गलती पर जनता से माफी मांगने के बाद ही जनता के बीच जाएं, हमारी सरकार का काम बोल रहा है।

# नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर 80 छात्र बने बिहार पुलिस सिपाही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे। इस लाइन को सच साबित कर दिखाया है महावीर क्विज। टेस्ट सेंटर के छात्रों ने। जिले का एकमात्र नि:शुल्क शिक्षण संस्थान महावीर क्विज। टेस्ट सेंटर से पढ़कर इस बार लगभग 80 छात्र बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में अंतिम रुप से चयनित हुए हैं। सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश के हाथों सफल अभ्यर्थियों को संस्था के प्रतीक चिन्ह, डायरी और पेन के साथ सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा सफल अभ्यर्थियों को अपने कर्तव्य निर्वहन का मूल मंत्र दिया गया।

# डस्टबिन के सही उपयोग के प्रति यात्रियों को किया गया जागरूक

## गैर प्लास्टिक इको-फ्रेंडली कटलरी को बढ़ावा






नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के उपलक्ष्य में चल रहे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के दूसरे दौर की शुरुआत आज, 25 मई को डीडीयू मंडल में हुई। यह चरण 27 मई तक चलेगा। दूसरे दौर में आज मंडल के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यात्रियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। स्टेशनों पर गीले और सूखे कचरे के लिए पृथक डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। ताकि कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को प्रोत्साहन मिल सके। इन डस्टबिनों के सही उपयोग के लिए यात्रियों और कर्मियों को जागरूक किया गया। गैर प्लास्टिक इको-फ्रेंडली कटलरी के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। यात्रियों को इन विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। खानपान इकाइयों पर प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल कटलरी के उपयोग हेतु जागरुक व प्रोत्साहित किया गया। रेलवे कर्मचारियों को जैविक और अजैविक कचरे के पृथक्करण तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने को लेकर संवेदनशील बनाया गया। इस दौर के अभियान में स्थानीय समुदायों और गैर-सरकारी संगठनों का भी सहयोग मिल रहा है। डीडीयू मंडल में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु यह व्यापक अभियान 22 मई से शुरू हुआ है और विभिन्न चरणों में 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस तक जारी रहेगा। पूरे अभियान में प्लास्टिक छोड़ो प्रकृति से नाता जोड़ो के मूल संदेश के साथ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# टमाटर के नीचे छिपा कर ले जा रहे शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती।** जीटी रोड पर रविवार को कर्णपुरा गांव के सामने एक होटल के समीप एक पिकअप वैन पर टमाटर के नीचे छुपाकर शराब ले जाते समय 829.92 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया। धंधेबाज उत्तर प्रदेश से शराब लेकर बिहार सीमा में आ रहा था। गिरफ्तार धंधेबाज वैशाली जिले के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव निवासी जनार्दन राय के पुत्र हिमांशु कुमार है। टमाटर के नीचे पेटी में किंग फिशर बीयर के 17 पेटी मात्रा 204 लीटर, हॉवर्ड बीयर के 14 पेटी मात्रा 168 लीटर, 8 पीएम अंग्रेजी शराब 180 एमएल का 30 पेटी मात्रा 259.2 लीटर, ऑफिसर च्वाइस 180 एमएल का 23 पेटी मात्रा 198.72 लीटर कुल शराब की मात्रा 829.92 लीटर शराब बरामद एवं पिकअप वैन जब्त किया गया।

# हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण व संरक्षण जरूरी : विनय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** चिल्ड्रेन्स अकादमी केयर जोन राज सदन, नगर पालिका गेट के सामने, वार्ड नं.-13, भभुआ के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिन्हा, निर्देशिका नीलम श्रीवास्तव, पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार व शिक्षकों आदि लोगों ने मिल कर छायादार व फलदार पौधारोपण किया गया और बड़ा होने तक देखभाल करने का संकल्प लिया गया। प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिन्हा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन पर्यावरण के लिए यह दौर



चिंताजनक हो गया है। धरती पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए हम सभी लोगों को पौधारोपण कर उसे बड़ा होने तक देखभाल अवश्य करना चाहिए। पर्यावरण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। वही पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने बताया कि प्रकृति का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इससे ही हमारे तत्व की सुरक्षा है। विश्व के सामने एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन व प्रदूषण जैसे मुद्दों के कारण हमारा जीवन खतरे में पड़ गया है। अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें कि अपने शुद्ध प्राण वायु के लिए एक पौधा अवश्य लगायें ताकि हमारी धरती हरी-भरी हो और पर्यावरण संरक्षण हो सके। अगर समय रहते हुए ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति नहीं सम्भले तो हम सभी का अस्तित्व इस धरती से समाप्त हो जाएगा। प्रकृति के प्रति अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक सुबोध श्रीवास्तव, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# समर कैंप में छात्राओं ने देशभक्ति गीत पर बिखेरे जलवे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** नगर पंचायत मुख्यालय स्थित उच्च माध्यमिक सह मिडिल स्कूल जहानाबाद में समर कैम्प का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं में देशभक्ति का जोश भर दिये। कार्यक्रम का प्रारम्भ उड़िया देश भक्ति गीत ये ई देश ये ई माटी... से हुआ। गीत को स्नेहा, स्वीटी, चंचल, पिंकी, सिमरन, अंचल, जैसमीन, काजल व संजुला ने प्रस्तुत किया। नंदनी, सीता, काजल, दिव्या, दिया परवीन ने सामाजिक कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में ओ देश मेरे नामक गीत गाकर लोगों का तालियां बटोरी। सितांजली, रागनी व रानी ने सामाजिक भाषण प्रस्तुत कर अपने हुनर दिखाए। रामजी से पूछे जनकपुरी की नारी... नामक गीत गाकर सबको भावुक कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापक कुमार अनिल सिंह व संचाल ब्यूटी व हाशमी ने किया। कार्यक्रम में दर्जनों शिक्षक समेत सैकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# निबंधन कार्यालय के दस्तावेज से कई महत्वपूर्ण कागजात गायब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा रजिस्ट्री कार्यालय में एक बड़े दस्तावेज फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है इस फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ स्वयं निबंधन कार्यालय के प्रभारी अभिलेखपाल महेंद्र रविदास ने किया है उन्होंने इस मामले में अपने ही अभिलेखगार में बतौर सर्चर का काम करने वाले रंजीत कुमार सहित संदिग्ध भूमिका में पाए गए बाइंडिंग कर्मी शिवन कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मोनू कुमार, दफ़्तरी मकसूद आलम सहित खरीदार गंगा शंकर के खिलाफ नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है शुरुआती जांच में यह बात सामने आ रही है कि अभिलेखों में हेरा फ़ेरी कर कई जाली दस्तावेज तैयार किए गए साथ ही अभिलेख से कई पृष्ठों को भी गायब कर दिया गया इससे न केवल सरकारी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ हुई बल्कि भूमि विवाद और संपत्ति हड़पने के मामले को भी जन्म दिया है। नवादा निबंधन कार्यालय में अभिलेख के साथ छेड़छाड़ के मामला का खुलासा तब हुआ जब राजेश कुमार नामक पक्षकार 8 अप्रैल को वर्ष 1978 की दस्तावेज संख्या 11352 से जुड़े अभिलेख का नकल प्राप्त करने के लिए निबंधन कार्यालय अभिलेखागार में आवेदन दिया जहां वर्ष 1978 की दस्तावेज संख्या 11352 के संख्या 98 में पृष्ठ 598 से 601 में छेड़छाड़ होना पाया गया। वर्ष 1971 की जिल्द संख्या 98 की पृष्ठ संख्या 431 से 442 को हटाकर वर्ष 1978 की जिल्द संख्या 98 में पृष्ठ संख्या 597 से 691 जोड़ा गया व उस वर्ष से सामान दस्तावेज संख्या 11352 जिल्द संख्या 134 के पृष्ठ संख्या 59 से 64 को गायब करने का कुकृत्य किया गया साथ ही दिनांक 1 नवंबर 2023 को भी वर्ष 1971 का जिल्द संख्या 98 से दस्तावेज संख्या 11352 जिसका पृष्ठ संख्या 438 से 441 का निर्गत किया गया इस नकल को प्राप्त करने के लिए भी सर्चर रंजीत कुमार द्वारा ही आवेदन किया था इतना उपाय करने के बाद 8 अप्रैल 2025 को नकल निकालने के लिए आवेदन दिया गया ताकि छेड़छाड़ किए गए अभिलेख का सत्यापित नकल बतौर सबूत प्राप्त हो सके क्योंकि 8 अप्रैल 2025 से पूर्व अभिलेख में छेड़छाड़ किया जा चुका था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला खुलासा होते ही तथाकथित सर्चर की भूमिका निभाने वाले रंजीत पकड़ाए जाने के डर से कार्यालय आना छोड़ दिया इससे जांचकर्ता लगभग कंफर्म हो गए कि सारा खुराफात का जड़ संदिग्ध रंजीत कुमार ही है।




नवादा निबंधन कार्यालय स्थित अभिलेखागार में दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने के मामले में समाहर्ता सह जिला निबंधन के निदेशानुसार कार्यालय अधीक्षक सह प्रभारी अभिलेखपाल महेंद्र रविदास ने नगर थाने में दस्तावेज खरीददार और तथाकथित सर्चर के अलावा कार्यालय में कार्य करने वाले तीन कर्मियों सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई है इसमें मुख्य सरगना अभिलेखागार कार्यालय में बतौर सर्चर कार्य करने वाला नगर थाना क्षेत्र स्थित स्टेशन रोड निवासी गया सिंह का पुत्र रंजीत कुमार दस्तावेज संख्या 11352 वर्ष 1971 व कूट रचित वर्ष 1978 की खरीदार नरहट थाना क्षेत्र के देदौर गांव निवासी देवनंदन राम के पुत्र गंगा शंकर सहित मामले में संदिग्ध पाए गए कार्यालय दफ्तरी मोहम्मद मकसूद आलम, अभिलेखागार कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर मोनू कुमार, अभिलेखागार में बाइंडिंग का कार्य करने वाले कर्मी शिवन कुमार व बाइंडिंग कार्य में पिता का सहयोग करने वाला शिवन कुमार के अज्ञात पुत्र के खिलाफ नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

# 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा पुलिस को रविवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब पांच वर्षों से फरार चल रहे हत्या एवं आर्म्स एक्ट के वांछित इनामी अपराधी अविनाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।




रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मामला नेमदारगंज थाना अंतर्गत धनधारी बिगहा का है। वर्ष 2020 में आपसी विवाद के चलते गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में थाना कांड संख्या 478/20 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। इस कांड में अब तक दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी थी और दोनों को जेल भेजा गया था। जबकि मुख्य अभियुक्त अविनाश कुमार, पिता -सर्वोदय सिंह उर्फ भोला सिंह, निवासी - गंगटा, थाना नेमदारगंज, जिला नवादा, लगातार फरार चल रहा था।

पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कई बार छापेमारी की, लेकिन वह हाथ नहीं आया। न्यायालय के निर्देशानुसार 27 जनवरी 2024 को उसके घर की कुर्की भी कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस मुख्यालय द्वारा उस पर इनाम घोषित किया गया। तकनीकी निगरानी और विशेष कार्य बल की मदद से पुलिस को आखिरकार सफलता मिली और दिनांक 24 मई 2025 को रजौली बस स्टैंड से उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे थाना लाकर पूछताछ की और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एसडीपीओ गुलशन कुमार ने कहा कि पुलिस की लगातार सक्रियता और तकनीकी निगरानी से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि कानून से भागने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रशासन के अफसरशाही रवैये पर जिला पत्रकार संघ ने जतायी नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रविवार को जिला पत्रकार संघ नालंदा की मासिक बैठक शहर के आईएमए हॉल में आयोजित की गई। संघ के अध्यक्ष प्रो. कमल किशोर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुईं। इस बैठक में कोषाध्यक्ष मो. जियाउद्दीन, रमाशंकर कुमार, संजीव, सुनील कुमार, महफूज आलम, ऋषिकेश, सुजीत वर्मा, प्रणय राज, सत्येंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, अनुज कुमार समेत जिले भर दर्जनों पत्रकार ने भाग लिया। बैठक में पत्रकारों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री और वीआइपी कार्यक्रमों में स्थानीय पत्रकारों के साथ जिला प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पत्रकार कार्ड की समस्या, संघ में बेहतर समन्वय की आवश्यकता, और नियमित संपर्क बनाए रखने के लिए वीडियो कॉलिंग के माध्यम से पाक्षिक बैठक का प्रस्ताव रखा गया। पत्रकारों ने समस्या निदान के लिए एक विशेष टीम बनाने की मांग की। किसी भी मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक अलग जांच कमिटी के गठन का सुझाव दिया गया। पत्रकारों के बीमा योजना से उनके परिवारजनों के नाम हटाए जाने व पत्रकारों के साथ भेदभाव और दुर्व्यवहार को लेकर जिला प्रशासन की अफसरशाही पर भी तीखी नाराजगी जताई गई। बैठक में संघ के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए नए पदों का सृजन किया गया। इस विस्तार में निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। जिला पत्रकार संघ के कमेटी की विस्तार किया गया जिसमें जिला पत्रकार संघ के संरक्षक सुजीत वर्मा, संतोष कुमार, उप सचिव प्रणय राज, उपाध्यक्ष आशीष कुमार, ऋषिकेश, संगठन सचिव बसंत कुमार, रामनारायण सिंह, संयुक्त सचिव विनोद कुमार का चयन किया गया। संघ की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने के लिए तीन महीने में एक बार बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह बैठकें अनुमंडल के आधार पर रोटेशन से होंगी, जिससे सभी क्षेत्रों के पत्रकारों की समान भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अध्यक्ष प्रो. कमल किशोर प्रसाद ने कहा कि यह विस्तार पत्रकार समुदाय की आवाज को और मजबूत बनाएगा। मुख्य संरक्षक चंद्रमणि पांडेय ने आश्वासन दिया कि पत्रकारों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से बातचीत की जाएगी। बैठक का समापन सभी उपस्थित सदस्यों के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## आभूषण समेत आठ लाख की संपत्ति ले गए बदमाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा में बंद पड़े घर को निशाना बनाते हो बदमाशों ने लाखों रुपए की सम्पत्ति की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादी बीघा गांव का है। चोरी की घटना (एसएलसी) सिग्नलिंग लाइन सर्किट के कर्मी इंद्रजीत कुमार के घर में हुई है। पीड़ित इंद्रजीत कुमार ने बताया कि वह पटना में एसएलसी में कार्यरत है। शनिवार शाम जब घर लौटे और मुख्य दरवाजे का ताला खोलकर घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा की घर के अंदर कमरों के कुंडी टूटे हुए एवं सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। चोरों ने करीब डेढ़ किलो चांदी समेत सोने के बने जेवर की चोरी कर ली है। इतना ही नहीं महंगे कपड़े पीतल के बर्तन समेत अन्य सामान भी चुरा लिए गए है। करीब आठ लाख की संपत्ति पर बदमाशों ने हाथ साफ कर दिया।

# अपराधियों की कोई जाति नहीं होती : गुंजन कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** भाजपा मंत्रिमंडल के नगर विकास आवास मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री जीवेश मिश्रा और हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह पंडपा गांव के अनुसूचित टोला में पहुंचे। उसके बाद 21 मई 2025 को फायरिंग की घटना की जानकारी प्राप्त कर ग्रामीणों की व्यथा को सुनकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मामले में ग्रामीणों से पूछताछ कर विस्तृत जानकारी लिए। नगर विकास आवास मंत्री ने कहा अपराधियों का कोई जाति नहीं होता है। यह हिडेन अपराध है। अपराधियों का आपराधिक पृष्ठभूमि रहा है। अपराधी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। घटना में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान घटना में जख्मी अर्जुन रविदास समेत अन्य ग्रामीणों से रूबरू होकर मामले को बारीकी से जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने कहा हमलोग 1960 से इस भूखंड पर बसे हुए हैं।



हमलोग को भूमि का बंदोबस्ती भी है और वासगीत पर्चा भी मिला हुआ है। यह भूमि खतियानी नही है। बीते 21 मई को हथियार से लैश होकर एक दर्जन से अधिक लोग पंडपा गांव के अनुसूचित टोला में आए और दलित लोगों के साथ गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। फायरिंग शुरू दशहत फैलाया। इन सभी लोगों को कहीं कहीं से संरक्षण प्राप्त है।पूरे मामला भूमि विवाद से जुडा हुआ है। मंत्री ने ग्रामीणों की बात को गम्भीरता से सुनने के बाद हर बिंदु पर जांच कराकर न्याय दिलाने आश्वासन दिया। नगर विकास आवास मंत्री ने इस दौरान सीओ रईस आलम से भी भूमि से सम्बंधित जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि सरकार आप सभी को न्याय के साथ सुरक्षा व्यवस्था देने के लिए सदैव तत्पर हैं। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, राजवंशी, विपिन कुमार, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, निरंजन मिश्र समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नौ वर्षों से लंबित संपर्क पथ निर्माण को लेकर बनी सहमति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड की बेलखुंडा पंचायत के जसत गांव में पिछले नौ वर्षों से लंबित संपर्क पथ निर्माण को लेकर रविवार को सार्थक पहल हुई। गांव के दोनों प्रमुख समुदायों के बीच सहमति बनते ही संपर्क पथ निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस सहमति के तहत गांव के लोगों ने सामूहिक रूप से भूमि दान कर एक मिसाल पेश की है। गांव के मुख्य सड़क से सामुदायिक भवन तक बननेवाली संपर्क पथ अब 14 फीट चौड़ी होगी। इसके लिए सभी रैयतों ने 7-7 फीट भूमि दान करने पर सहमति जताई है। इसके अलावा इमामबाड़ा से लालू यादव के खेत तक 8 फीट चौड़ा रास्ता भी बनेगा। इस निर्माण से न केवल आवाजाही सुगम होगी, बल्कि सामाजिक समरसता और विकास की नई राह खुलेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि



गांव में जो भी लोग नए मकान बनाएंगे, वे अपनी सीमा से 4 फीट छोड़कर ही निर्माण करेंगे ताकि भविष्य में रास्ते की चौड़ाई बरकरार रहे। रविवार को जसत गांव में इस मुद्दे को लेकर चार घंटों के मैराथन बैठक का दौर चला। ढोढ़ा गांव के वयोवृद्ध समाजसेवी रामचंद्र यादव उर्फ रामू यादव की अध्यक्षता में और धमौल के सामाजिक कार्यकर्ता कमरूल वारी के संचालन में हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। विशेष बात यह रही कि बैठक में ही जमीन मालिकों ने स्वेच्छा से संपर्क पथ के लिए अपनी भूमि दान कर दी। इस त्याग और सहयोग की भावना को सम्मान देते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि जिन लोगों ने जमीन दान की है, उनके नाम शिलापट्ट पर अंकित किए जाएंगे ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस सामाजिक सौहार्द की मिसाल को जान सकें। संपर्क पथ निर्माण को लेकर सहमति बनाने में समाजसेवी मो. आफताब आलम एवं विनय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इन दोनों ने लगातार गांव के लोगों से संवाद स्थापित कर सहमति की जमीन तैयार की। बैठक में धमौल के सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि धर्मराज यादव, उप मुखिया रामप्रवेश यादव, पूर्व मुखिया जगदीश यादव, चोरवर के मो. शेखू, राइस गांव के बहादुर मलिक, मो. बदरुद्दीन, रेहड़ी के फोशन यादव, तपसीपुर के रामसरेख यादव, बेलखुंडा के नागेश्वर यादव व उपेंद्र यादव, जसत गांव से मो. अरशद एवं मो. मिन्हाज सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से संपर्क पथ के अभाव में विशेषकर बरसात के दिनों में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब जब दोनों समुदायों ने एक स्वर में विकास का समर्थन किया है, तो यह गांव सामाजिक समरसता की एक नई मिसाल के तौर पर उभरेगा। यह पहल न केवल क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और आपसी सहयोग की मिसाल भी है, जिसे आने वाले समय में उदाहरण के तौर पर देखा जाएगा।

# विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में आशुतोष कुमार झा, विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा तथा धीरेंद्र कुमार पांडे, अपर न्यायाधीश तृतीय सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में रविवार को समय संयुक्त श्रम भवन राजकीय आईटीआई परिसर नवादा में असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूरों को विधिक जानकारी प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के बैनर तले विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिफेंस लॉयर मोहम्मद साजिद अयूब ने बताया कि जो




लोग मजदूरी का कार्य करते हैं उनको अपना श्रम कार्यालय में निबंध करना आवश्यक है एवं आई-श्रम कार्ड बनाना भी आवश्यक है ताकि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि सरकार के द्वारा असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने उन लोगों के विधिक अधिकारों के बारे में भी बताया। इस मौके पर मोहम्मद साजिद अयूब खान, श्रम विभाग के श्रम अधीक्षक सुनील कुमार, नवादा सदर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अजय कुमार वारसलीगंज श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुशील कुमार, तटवासी समाज न्यास से कल्याणी कुमारी एवं भारी संख्या में असंगठित क्षेत्र के कामगार एवं पारा विधिक स्वयंसेवक रामानुज कुमार मौजूद रहे साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के कार्यकर्ता और विभिन्न एनजीओ के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# थानाध्यक्ष ने दो छात्रा सहित 20 अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के रजौली इंटर विद्यालय के प्रांगण में रविवार को बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर चयनित होने वाले 20 अभ्यर्थियों को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार, एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना, प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव एवं समाजसेवी रुद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। कमांडो फिजिकल एकेडमी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद कमांडो फिजिकल एकेडमी के सीआरपीएफ चंदन सिंह एवं उनके सहयोगी टीम के द्वारा कड़ी मेहनत के बाद 25 में से 20 अभ्यर्थियों के चयन पर सभी लोग काफी खुश दिखाई दिए। सफल छात्र-छात्राओं को फूलों की माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सफल अभ्यर्थियों में प्राणचक के रौशन कुमार, कलाली गली के विकास कुमार, एकम्बा के पप्पू कुमार, बलिया के अखिलेश कुमार, छपरा के विक्की कुमार, रजौली के अक्षय कुमार, जगदीश मार्केट के संतोष कुमार, पुरानी बस स्टैंड के बंटी कुमार, महसई मोहल्ला के पिंटू कुमार, हरदिया की बासु कुमारी, दिबौर की मनीषा कुमारी एवं भुसडी के कौशल कुमार समेत अन्य लोग शामिल हैं। सभी सफल छात्र-छात्राओं को फूलों की माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना ने कहा कि इंटर विद्यालय का प्रांगण शुरू से ही अध्ययन और कार्यक्षेत्र रहा है। किंतु एकेडमी द्वारा सुव्यवस्थित तरीके से छात्र-छात्राओं को शारीरिक दक्षता हेतु मार्गदर्शन कर रहे हैं। एक समय था जब हमारी बेटियों को घर से बाहर दौड़ने आदि के लिए मना किया जाता था। आज वहीं बेटियां अपने साथ-साथ समाज की सुरक्षा के लिए आगे बढ़ रही है। यह स्वस्थ समाज के लिए बहुत अच्छा संकेत है। प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव ने कहा कि रजौली जैसे पिछड़े क्षेत्र में एकेडमी द्वारा अथक प्रयास के बाद इस तरह की सफलता को देख हमसभी काफी खुश हैं। उन्होंने भविष्य में एकेडमी को मदद करने की बात कही और सभी चयनित लोगों को शुभकामनाएं दी।

## पत्रकार को भातृशोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां के पत्रकार धर्मेन्द्र कुमार वर्मा के भाई ब्रजभूषण वर्मा का रविवार को निधन हो गया। वे पकरीबरावां के एक जाने- माने व्यवसायी थे। उनके निधन पर, डॉ अरुण कुमार वर्मा, डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, चित्रांश समाज पकरीबरावां के अध्यक्ष झूलन प्रसाद, संरक्षक श्यामाकांत सिन्हा, अशोक अम्बष्ठ, विनय कुमार सिन्हा, धमौल के सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, जदयू नेता नीरज कुमार राकेश आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# किसान कॉलेज के पूर्व प्राचार्य के घर लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा में बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने लाखों रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है। मामला बिहारशरीफ के सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मोगल कुआं का है। चोरी की घटना किसान कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉक्टर आर एन पोद्दार के घर में हुई है। घटना का खुलासा शनिवार को हुआ जब परिवार दिल्ली से घर लौटा। पीड़ित डॉ. आर एन पोद्दार ने बताया कि वह अपनी पत्नी निरुमा पोद्दार का इलाज कराने के लिए 6 मार्च को



दिल्ली गए थे। शनिवार को पत्नी के साथ जब घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का तलाक खोलते ही दंग रह गए। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था स्टोर बल टूटे हुए थे। बदमाश आंगन में लगे ग्रिल को काटकर छत के सहारे घर के अंदर प्रवेश कर गए और कमरे के गेट को तोड़ते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। करीब ढाई लाख रुपए नगद और 15 से 16 लाख के करीब जेवरात की चोरी कर ली गई है। इसके अलावा गैस सिलेंडर, बैटरी समेत अन्य कीमती सामान भी नहीं छोड़ा। डॉ. आर एन पोद्दार किसान कॉलेज में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थे। सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। घर में कोई नहीं था जिसके कारण बदमाशों ने निशाना बनाया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# शहीद मनीष की निकाली जाएगी अस्थि कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** 14 मई को कश्मीर के कारगिल में अपने कर्तव्य पथ पर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए भारतीय सेना के जवान व कौआकोल प्रखण्ड के मिट्टी का लाल पाण्डेयगंगौट निवासी मनीष कुमार की शहादत को यादगार बनाने के लिए उनकी ऐतिहासिक अस्थि कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा का गोविंदपुर विधानसभा के तीनों प्रखण्डों में भ्रमन कराया जाएगा। उक्त निर्णय रविवार को प्रखण्ड के कौआकोल दुर्गामण्डप परिसर में आयोजित



बैठक के बाद सर्वसम्मति से लिया गया। समाजसेवी व योग प्रशिक्षक योगी त्यागनाथ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद दर्जनों लोगों ने कहा कि शहीद मनीष की शहादत पर हम सभी प्रखण्डवासियों को गर्व है। योगी त्यागनाथ ने बताया कि अस्थि कलश यात्रा को विस्तृत मूर्त रूप देने के लिए अगले रविवार को एक और बैठक रखी जाएगी। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में अरुण कुमार, अजित वर्मा, बिपिन कुमार, आनन्द सिंह, अभिमन्यु प्रसाद, सनोज, युगेश्वर, संतोष, संदीप, सुनील आदि मौजूद रहे।

# मां-बेटे की एक साथ उठी अर्थी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय प्रखंड क्षेत्र के सैदपुर गांव में रविवार को मां और बेटे की एक साथ अर्थी उठने से पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। परिवार वालों ने बताया कि स्व. मुंशी दास के पुत्र जन्मेजय कुमार शौच के लिए गांव से बाहर गौरैया स्थान गए थे। इसी दौरान वे बिजली के टूटे हुए तार की चपेट में आ गए, जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकंगरसराय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्भाग्यवश, उनके निधन से एक रात पहले ही शनिवार की रात उनकी मां मुन्नी देवी का भी स्वर्गवास हो चुका था। रविवार को मां और पुत्र की अर्थी एक साथ उठी और फतुहा गंगा घाट पर दोनों की चिता एक साथ जलाई गई। अधेड़ मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# संगठनात्मक मजबूती को लेकर डॉ शिवाजी ने दिव्यांगों को दिलाई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार दिव्यांग संघ के बैनर तले शहर के पटना रोड स्तिथ मां नवरात्री भवन में दिव्यांग संवाद का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि डॉ शिवाजी कुमार ( पूर्व राज्य आयुक्त निःशकत्ता बिहार सरकार ने शिरकत कर दिव्यांगजनों को सशक्त और सरकार के दवारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।आगामी विधान सभा चुनाव में दिव्यांग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले लोकतंत्र के महा पर्व में मताधिकार का प्रयोग कर अपनी भूमिका सुनिश्चित करे साथ हि डॉ कुमार ने कहा की सभी दिव्यांगजन संगठन से जुड़ कर रहे जिससे योजनाओं का लाभ लेने मे आपको सहयोग और मार्गदर्शन मिले। प्रदेश सचिव धीरज कुमार धनराज ने कहा की दिव्यांगजन जानकारी के अभाव में अपने योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे सरकार को चाहिए



की विकास मित्र की तर्ज पर हर पंचायत मे दिव्यांग मित्र की बहाली हो जिससे टोले स्तर पर के दिव्यांगों को जमीनी स्तर पर लाभ पहुंच सकेगा। मौके पर कोच कुंदन कुमार पांडेय, जिला दिव्यांग आइकन सुदर्शन कुमार, जिला अध्यक्ष कुमार रौशन लाल, सचिव विकाश कुमार, ओमप्रकाश कुमार मंजीत कुमार, रामप्रवेश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, रामदाहिन के साथ सैंकड़ो दिव्यांग उपस्थित थे।

# निर्माण के नाम पर पेड़ काटने का मामला उजागर, डीएम ने दिए प्राथमिकी के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के बाकेबाजार (लूटुआ) और इमामगंज (झिकटिया) इलाके में आहर निर्माण के दौरान पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का मामला सामने आया है। यह जानकारी मिलने पर उप विकास आयुक्त गया ने प्राथमिक जांच कराई जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि योजना के क्रियान्वयन के दौरान कई पेड़ अवैध रूप से काटे गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए गयाजी के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही जिलाधिकारी ने आहर निर्माण योजना की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जांच का आदेश भी दिया है। इस जांच के लिए उप विकास आयुक्त, जिला वन पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी (शेरघाटी) को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन और भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा जारी किया गया है। यह कदम योजना में संभावित अनियमितताओं और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। प्रशासन की यह तत्परता जिले में विकास योजनाओं की पारदर्शिता और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर गंभीरता को दर्शाती है। वहीं, यह मामला ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती को भी उजागर करता है।

## महुआ शराब के साथ बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रौशनगंज।** थाने के पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के मंजरी खुर्द जंगल के पास से 35 लीटर महुआ शराब के साथ एक मोटरसाइकिल को जब्त किया। रौशनगंज थानाध्यक्ष अन्नू राजा ने रविवार को दोपहर तीन बजे जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मंजरी खुर्द के जंगल से बड़े पैमाने पर शराब को ढुलाई किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शराब कारोबारी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस को देखकर शराब कारोबारी मोटरसाइकिल को छोड़कर जंगल का फायदा उठाते हुए भाग निकला। मोटरसाइकिल एवं शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और कारोबारी को पता लगाया जा रहा है।

## बीस सूत्री उपाध्यक्ष के आवास पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार कोंच स्थित बीस सूत्री उपाध्यक्ष के आवास पर रविवार को पहुंचे और उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान उपाध्यक्ष जमीलू रहमान के शहजादे मो.रेहान सहित अन्य कार्यकर्ताओं के बीच क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मंत्री श्रवण कुमार ने बीस सूत्री उपाध्यक्ष के साथ क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र के लोगों के हितों और समस्याओं पर भी चर्चा की गई। मंत्री की इस मुलाकात से क्षेत्र के लोगों में उम्मीदें बढ़ी हैं और उन्हें उम्मीद है कि क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक कार्य किए जाएंगे। मौके पर युवा जदयू जिलाध्यक्ष सतीश रामाकांत उर्फ सतीश पटेल, जेडीयू जिला महासचिव आकिब आलम, मुकेश रंजन, मो. शकीलू रहमान, टिंकू, धीरज कुमार, मनीष कुमार, मो.इरफान, राहुल आदि मौजूद थे।

# राजस्व कर्मचारियों की जल्द समाप्त करायी जाए हड़ताल : डॉ. लालजी यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** भाजपा नेता सह प्रख्यात चिकित्सक डॉ.लालजी प्रसाद यादव ने सरकार से राजस्व कर्मचारियों के उचित मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से समाज हित में जल्द हड़ताल समाप्त कराने का आग्रह किया है। डॉ.यादव ने बताया कि यदि बनायी गयी नियमावली में यह वर्णित है कि राजस्व कर्मचारियों की पदस्थापना अपने गृह जिला स्तर पर हीं होगी तो फिर सरकार को इनकी मांगों को स्वीकार करते हुए अविलम्ब हड़ताल समाप्त कराना चाहिए। इनके हड़ताल से अंचल कार्यालय में इनके रिपोर्ट से जुड़े सभी कार्य ठप रहने से खासकर विभिन्न प्रमाण पत्र बनवाने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही है। एक ओर बिहार में सरकारी नौकरियों का दौर चल रहा है दूसरी ओर ससमय विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र नहीं बनना काफी चिंता का विषय है। आगे भाजपा नेता डॉ लालजी यादव ने दाखिल खारिज में सरकारी कमियों को बताते हुए कहा कि दाखिल खारिज प्रक्रिया के अंतिम चरण में आम खास नोटिस का प्रावधान है परन्तु यह प्रक्रिया सिर्फ सरकारी कंप्यूटर में ही रह जाता है और विक्रेता - क्रेता एवं आमजन को बगैर सूचना प्राप्त हुए म्युटेशन ऑनलाइन हो जाता है। यह प्रक्रिया भूमि विवाद का कारण बन रहा है। ऐसी परिस्थिति में सरकार को बताना चाहता हूं कि आम खास नोटिस को कंप्यूटर से निकाल कर पंचायत सरकार भवन पर चस्पा कराया जाए ताकि आम लोग को भी उक्त विक्रय संपदा पर यदि आपत्ति हो तो विरोध दर्ज करवा कर दस्तावेज को पूर्णतः शुद्ध करवा सके। दाखिल -खारिज की यह गुप्त प्रकिया उचित नहीं है।

## शहादत दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लुटुआ (बांके बाजार)।** रविवार को दोपहर 3 बजे बांके बाजार प्रखंड अंतर्गत लुटुआ गांव में भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता संदीप यादव उर्फ बड़े साहेब की शहादत दिवस मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संदीप यादव के विचारों और आंदोलन में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बड़े साहेब ने सामाजिक न्याय और अधिकारों के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। शहादत दिवस के मौके पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हालांकि सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में सतर्कता बरती गई।

# संज्ञा समिति गयाजी धाम केंद्रीय कमेटी के चुनाव में देवेंद्र पाठक अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में रविवार को स्थानीय डी पी एस बी. एड. कॉलेज गया में संज्ञा समिति गयाधाम के आम सभा का आयोजन किया गया। गौरतलब हो कि संज्ञा समिति लगातार समाज हित के लिए समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्तियों को हर संभव मदद पहुंचा कर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य करती है। इस अवसर पर संज्ञा समिति गयाधाम की केन्द्रीय कमिटी एवं गया जिला कमिटी की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव भी कराया गया। आम सभा की शुरुआत सूर्यपूजन एवं स्तोत्र पाठ से किया गया। तदुपरान्त डॉ देवेन्द्र कुमार पाठक ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। तदुपरान्त सच्चिदानन्द प्रेमी, राम कृष्ण मिश्र, बालमुकुन्द मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र शैल,




डॉ रामदत्त मिश्र गया जिला अध्यक्ष, अशोक पाण्डेय आज के समय में सामाजिक एकता विषय पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात केन्द्रीय समिति गयाधाम के महासचिव बृजनन्दन पाठक ने अपने कार्यकाल के सन्दर्भ में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए आय-व्यय का ब्योरा भी प्रस्तुत किया इसके उपरान्त जिला सचिव गया मनीष मिश्र ने अपने कार्यकाल का ब्योरा एवं आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसके बाद सर्वसम्मति से केन्द्रीय अध्यक्ष के रूप में डॉ देवेन्द्र कुमार पाठक, उपाध्यक्ष बृजनन्दन पाठक, महासचिव गोपाल मिश्र, सचिव, राजेश मिश्र, सहसचिव आशुतोष कुमार पाठक, औरंगाबाद, कोषाध्यक्ष, राघवेन्द्र मिश्र निर्वाचित घोषित किए गए गया जिला, अध्यक्ष, देवेन्द्र नाथ मिश्र, उपाध्यक्ष, विजय कु. चक्रवर्ती, सचिव, कृष्णकुमार मिश्र, सहसचिव डॉ प्रमोद पाठक, कोषाध्यक्ष, सौरभ कुमार मिश्र निर्वाचित घोषित किए गए। आज के सभा की अध्यक्षता निवर्तमान केन्द्रीय अध्यक्ष बालमुकुन्द मिश्र ने किया तथा सभा का संचालन शशिभूषण मिश्र ने किया। आज की इस आम सभा सह कार्यकारिणी के चुनाव के अवसर पर डॉ धर्मेन्द्र मिश्र, विजय कुमार चक्रवर्ती, अरुणोदय मिश्र, कमलेश पुण्यार्क, विकास कुमार पाठक, अरुणाभ क्षितिज, उदय भास्कर, देवेन्द्र नाथ मिश्र, अभय नारायण मिश्र, प्रमोद पाठक, मनोज मिश्र, सनत मिश्र, अर्चना पुण्यार्क, राधामोहन मिश्र, नीलम भारद्वाज, निर्मला देवी, रेणु मिश्र, मनोरमा पाठक, योगेन्द्र कुमार मिश्र, अम्बुज कुमार मिश्र, अशोक पाण्डेय, कुमार शानु, उपेन्द्र मिश्र, आशुतोष मिश्र, सतीश कुमार पाण्डेय, अमरेन्द्र कुमार मिश्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। अंत में नरेश मिश्र द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का कार्यवाही समाप्त की गई।

## सरकारी जमीन पर दबंग द्वारा कब्जा के खिलाफ ग्रामीणों ने किया बेलागंज ब्लॉक का घेराव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** बेलागंज प्रखंड के हसनपुर गांव वार्ड नंबर 12 में सरकारी जमीन को दबंग व्यक्ति द्वारा कब्जा करके तालाब बनाने के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण प्रखंड कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को इससे अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि उस भूखंड के पास आंगनबाड़ी और सरकारी विद्यालय चल रहा है। ऐसे में आबादी के करीब तालाब बनाने से कभी भी अप्रिय घटना होने का खतरा बना रहेगा। इस पर तत्काल रोक लगाया जाए। वहीं भाकपा माले के युवा नेता मो. शेरजहां बेलागंज ब्लॉक पहुंच कर ग्रामीणों की चिंता की सूचना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लोगों को न इसकी जानकारी दी गई है और न ही उन्हें भरोसे में लिया गया है। वहीं ग्रामीणों की मांग उक्त स्थल पर प्राथमिक विद्यालय बनाने की है क्योंकि अभी तक सामुदायिक भवन में विद्यालय चल रहा है। भाकपा माले नेता मो. शेरजहां ने कहा कि स्कूल बनाने की ग्रामीणों की मांग को बुलंद पार्टी बुलंद करेगी और इसके लिए संघर्ष किया जाएगा। ग्रामीण मो.अमजद, पवन कुमार, पंकज कुमार, उत्तम कुमार, मो. खाजे, मो.मुकीम, मो.ओसामा, मो.सोहराब।

# मगध फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर द्वारा विदाई समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गयाजी शहर के गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम में मगध फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के द्वारा बिहार पुलिस विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेलागंज के विधायक मनोरमा देवी, नरोमा हॉस्पिटल के डॉ संजय कुमार, महावीर फाउंडेशन के डायरेक्टर अशोक कुमार बडे, संतोष कुमार छोटे मौजूद हुए। इस दौरान बेलागंज के विधायक मनोरमा देवी ने बिहार पुलिस विदाई समारोह में 90 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को सिपाही का टोपी, सर्टिफिकेट, मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक



मनोरमा देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए के सरकार में महिलाओं को सम्मान देने का काम किया गया है। अभ्यर्थियों से राज्य की सेवा में ईमानदारी और सच्ची निष्ठा से कार्य करने के लिए अपील किया। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर किसी तरह की जरूरत पड़े तो हमें बताएं इसके लिए मैं 24 घंटा खड़ा रहूंगा। इसके साथ ही विधायक मनोरमा देवी ने सभी सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं मगध फिजिकल एकेडमी के ट्रेनर राहुल सर विमल ने कहा कि इस बार बिहार पुलिस कांस्टेबल में सफल अभ्यर्थियों को बिहार पुलिस विदाई समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें इस बार 90 युवक और युवतियां सफल हुए हैं जिनको सिपाही का टोपी, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। ट्रेनर राहुल सर विमल ने विधायक मनोरमा देवी से आग्रह किया कि यहां पर युवतियां काफी संख्या में ट्रेनिंग करने का लिए आते हैं। शौचालय नहीं रहने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके बाद विधायक मनोरमा देवी ने बोली की इसको लेकर हमने डीएम से वार्तालाप किए, जल्द ही इसका समाधान कर दिया जाएगा।

## बीएसएफ जवान अनुराग रंजन को अदम्य साहस के लिए पुलिस पदक से किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने वाले क्षेत्र के केसपा के रहने वाले बीएसएफ जवान अनुराग रंजन को अदम्य साहस व वीरता के लिए वीरता का पुलिस पदक सम्मान से सम्मानित किया गया। विगत दिनों विकास भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में गृह मंत्री अमित शाह के हाथों सम्मानित किया गया। बता दें कि केसपा ग्राम निवासी उपेंद्र शर्मा के पुत्र अनुराग रंजन वर्ष 2020 में जम्मू काश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में बीएसएफ के 169 बटालियन में बतौर उप निरीक्षक तैनात थे। ड्यूटी के दौरान अनुराग रंजन की पेट्रोलिंग टीम का सामना सशस्त्र घुसपैठियों से हुआ जहां अनुराग रंजन व इनकी टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक आतंकी को मार गिराया था साथ ही साथ भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया था। अनुराग रंजन व इनकी टीम ने अत्यंत दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में ऑपरेशन को अंजाम दिया था। वर्तमान में अनुराग एसपीजी में तैनात है। अनुराग की वीरता को लेकर वर्ष 2023 में पुलिस पदक से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी। देश सेवा से ओत प्रोत व मातृभूमि की रक्षा को लेकर संकल्पित अपने लाल को मिले सम्मान पर माता पिता सहित गांव के अन्य लोगों ने खुशी जताई है। पिता उपेंद्र शर्मा ने बताया कि लाल की वीरता सुन सीना गर्व से ऊंचा हो गया है।

## कबड्डी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के सीआरसी स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 'मशाल' 2024 के तहत शनिवार को श्री रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में आयोजित सीआरसी स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ जिसमें सभी भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को संकुल समन्वयक कृष्ण कुमार ने मेडल, मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कबड्डी, दौड़, थ्रो बॉल, साइकिलिंग, लम्बी कूद आदि का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी अलग-अलग क्षेत्रों में सफल बच्चों को प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बच्चों को प्रोत्साहित व सम्मानित किया गया। सभी क्षेत्रों में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपना दम दिखाया। सबसे दिलचस्प मुकाबला कबड्डी खेल में हुआ जिसमें डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय वजीरगंज की छात्राओं की टीम ने मध्य विद्यालय दखिन गांव की छात्राओं की टीम को 22-12 से हराकर प्रखंड स्तरीय टीम के लिए अपनी जगह बना ली। मौके पर मध्य विद्यालय दखिनगांव के प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक कृष्ण कुमार ने कहा कि खेल से बच्चों के शारीरिक विकास तो होता ही है, लेकिन बच्चों की प्रतिभा का खोज करने की जो सरकार द्वारा पहल की गई है वो बहुत ही सराहनीय कदम है। इस तीन दिवसीय खेलकूद 'मशाल' 2024 प्रतियोगिता को सफल बनाने में दखिनगांव संकुल के संचालक राकेश कुमार, शिक्षक विवेक कुमार, ऋषभ कुमार, सपना कुमारी, ज्योत्सना शाही, मधु, आशा कुमारी, रविरंजन कुमार, प्रभाकर कुमार, नीतीश कुमार गौड़, अफरोज आलम, महेंद्र चौधरी, ऋतु रंजना, अंकिता सिंह, नीरज रंजन, रेणु वर्मा, कल्याणी, पिंकू कुमार, रेखा मालटो, अमरजीत कुमार एवं अजीत कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अतिरिक्त प्रखंड के सभी संकुलों में संकुल समन्वयक के देखरेख में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बच्चों का चयन किया गया।

## युवाओं में असीम शक्ति : इं. सिद्धार्थ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत मां तारा नगरी केसपा ग्राम निवासी एवं जेपी मॉर्गन बैंक, लंदन के वाइस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ प्रियदर्शी ने प्रखंड अंतर्गत खनेटू ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता सह दवा व्यवसायी उमेश कुमार के पौत्र प्रथम कुमार को उनकी सफलता पर पुरस्कृत किया। प्रथम कुमार ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने गांव को गौरवान्वित किया है। श्री प्रियदर्शी ने कहा कि युवाओं को प्रोत्साहित करना समाज का परम कर्तव्य है। युवाओं में असीम शक्ति है एवं वे बदलाव के वाहक होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। प्रथम की सफलता पर ग्रामीण प्रख्यात चिकित्सक डॉ नंद किशोर नवल, पूर्व जिला पार्षद सतेन्द्र नारायण, हिमांशु शेखर, बाल्मीकि प्रसाद, बृज मोहन शर्मा सहित कई लोगों ने बधाई दिया है।

## कांग्रेस पार्टी का महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के ग्राम पंचायत केर में कांग्रेस पार्टी द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के नेत्री सह कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के बारे में चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें समाज में मजबूत भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की और समाधान के लिए सुझाव दिए और बताया कि महागठबंधन की सरकार बनने के पश्चात माई बहिन मान योजना के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को 2500 रुपये प्रत्येक महीने की सम्मान राशि देने की भी बात कही गई। सैकड़ों महिलाओं ने पार्टी के द्वारा जारी किए गए नंबर पर अपने नंबर से मिस कॉल देकर इस योजना को अपना समर्थन दिया। रिया कुमारी ने बताया कि टिकारी विधानसभा के हरेक गांव में महिलाओं के साथ लगातार यह संवाद जारी रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज में मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना था।

## दुसाध कल्याण परिषद ने लिया संगठन को प्रखंडों में विस्तार करने का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद गया जिला इकाई के द्वारा गया गांधी मैदान के गांधी मंडप में समीक्षा बैठक रखा गया जिसमें अपने संगठन को सभी प्रखंडों में विस्तार करने का निर्णय लिया गया और साथ ही आने वाले समय में गया में सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आज के मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय दुसाध महासंघ सह अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद प्रदेश के अध्यक्ष हेमंत कुमार उपस्थिति रहे। साथ ही गया जिला कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, अंतर्राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक प्रसाद भारती, सूर्यदेव पासवान, राम जतन पासवान, केदार पासवान, भूषण पासवान, बिपिन पासवान, विकास पासवान, विन्देश्वरी पासवान, रजनीकांत पासवान, शत्रुघ्न पासवान, कृष्णा पासवान, राजेन्द्र पासवान, सुनील पासवन, नरेश प्रसाद कमलेश पासवान, चन्द्रदेव पासवान, लखन पासवान, कवि कृष्णा पासवान, विकास पासवान एवं संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और स्वजातीय गार्जियन सभी आज के इस बैठक में शामिल हुए।

# शब्दवीणा फरीदाबाद की विचारगोष्ठी में लिये गए महत्वपूर्ण निर्णय

### हर माह आयोजित होगा 'एक शाम, साहित्य के नाम' कार्यक्रम : सरोज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी की अनुमति से तथा शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश सचिव व फरीदाबाद जिला संरक्षक कवयित्री सरोज कुमार के आह्वान पर शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश समिति की फरीदाबाद जिला इकाई द्वारा एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शब्दवीणा द्वारा जिले में विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करवाने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। सरोज कुमार ने शब्दवीणा द्वारा नियमित तौर पर एक मासिक कार्यक्रम 'एक शाम, साहित्य के नाम' प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा जिसमें संस्था द्वारा किसी एक साहित्यकार को आमंत्रित करके उनकी साहित्यिक यात्रा और रचनाओं पर संवाद किया जायेगा। श्रीमती सरोज ने शब्दवीणा की ओर से बड़ी साहित्यिक गोष्ठियों में सहभागिता हेतु भी प्रस्ताव रखा जिस पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी। वहीं जिलाध्यक्ष किशोर कुमार कौशल ने साहित्यिक कार्यक्रमों की निरंतरता बनाये रखने के लिए प्रत्येक माह नियमित रूप से शब्दवीणा द्वारा काव्यगोष्ठियों एवं साहित्यिक सम्मेलनों के आयोजन हेतु प्रस्ताव रखा। कहा कि इस पहल से जिले के युवा रचनाकारों को देश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों के समक्ष अपनी स्वरचित कविताएं, कहानियां एवं अन्य साहित्यिक विधाओं में लिखी रचनाओं को प्रस्तुत करने हेतु राष्ट्रीय मंच मिल सकेगा। श्री किशोर ने लोक संगीत एवं साहित्य को बढ़ावा देने की भी बात रखी। जिला प्रचार मंत्री कवयित्री मधु वशिष्ठ ने भी कार्यक्रमों की निरंतरता को जरूरी बताते हुए शब्दवीणा से अधिक से अधिक सदस्यों को भी जोड़ने हेतु प्रतिबद्धता दुहरायी। जिला साहित्य मंत्री जितेन्द्र सिंघल ने कहा कि निकटवर्ती विद्यालयों अथवा महाविद्यालयों एवं शब्दवीणा के संयुक्त तत्वावधान में साहित्यिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवायी जाये ताकि बच्चों एवं युवाओं में भी सृजनात्मक कौशल का विकास हो सके। उन्होंने इस कार्य की जिम्मेदारी स्वयं लेते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा जतायी।

जिला कोषाध्यक्ष कवि विकास शुक्ला ने ऑनलाइन ही नहीं, अपितु, पूर्व की भांति समय-समय पर ऑफलाइन काव्य गोष्ठियों के आयोजन करते रहने का सुझाव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। जिला संगठन मंत्री कवयित्री सरिता कुमार ने गोष्ठी में प्राप्त सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार-विमर्श करते हुए संस्था एवं साहित्य हित में सामूहिक रुप से संगठित प्रयास करते रहने के संकल्प को दुहराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश सचिव सरोज कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद जिला समिति द्वारा किये जा रहे प्रयत्नों को शब्दवीणा की अन्य प्रदेश एवं जिला समितियों के लिए अनुकरणीय बताया। एक सफल तथा सार्थक विचारगोष्ठी के आयोजन पर शब्दवीणा फरीदाबाद जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा राज, जिला सचिव रिया अग्रवाल, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार जाखड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला यादव, प्रदेश साहित्य मंत्री सोनल शुक्ल एवं अन्य पदाधिकारियों ने हार्दिक खुशी जतायी।

## एक ही गांव से आठ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के फांफर गांव से थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने शनिवार की देर शाम आठ व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि फांफर गांव की सरोजा देवी पति रामप्रवेश पासवान एवं अन्य के साथ मारपीट करने के आरोपित रोहित पासवान एवं राहुल पासवान दोनों पिता कपिलदेव पासवान को गिरफ्तार किया वहीं एक पक्ष को मदद करने परैया थाना क्षेत्र के पुनाकला गांव से आए उत्तम कुमार, शैलेश कुमार, गौतम कुमार, गौरव कुमार चारों पिता सूर्यदेव पासवान एवं रंधीर कुमार, मनीष कुमार उर्फ राजा पिता संतोष कुमार को शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

संपादकीय

# अब पूर्ण साक्षर मिजोरम

सुदूर पूर्वोत्तर के छोटे से सीमावर्ती राज्य मिजोरम का पूर्ण साक्षर बनना अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस आदिवासी बहुल राज्य में अब एक भी अनपढ़ नहीं बचा, इसका ऐलान खुद भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने किया है। इसके पहले देश के सर्वाधिक साक्षर राज्य का ताज 93.91 प्रतिशत साक्षरता के साथ बरसों तक केरल के सिर पर रहा। लेकिन अब यह सम्मान मिजोरम ने छीन लिया है। वहां साक्षरता दर 96 प्रतिशत हो चुकी है, जो पूर्ण साक्षरता के बराबर ही है। मिजोरम की कुल आबादी 14 लाख है। राज्य में 11 जिले हैं। मिजोरम ने यह कामयाबी 'उल्लास (नवभारत साक्षरता कार्यक्रम) के तहत हासिल की। अब मिजोरम का हर वयस्क व्यक्ति पढ़ने लिखने मे सक्षम है। वैसे तो मिजोरम की इस कामयाबी के पीछे कई कारक हैं। लेकिन वहां साक्षरता की नींव पहले से मजबूत थी। 2011 की जनगणना में मिजोरम की साक्षरता दर 91.33 प्रतिशत थी, जो देश में तीसरे स्थान पर थी। उल्लास योजना के तहत 2023 में पूरे राज्य में सर्वे किया गया। इसमें 3026 निरक्षर लोगों की पहचान की गई, जिनमें से 1,692 ने रोजाना पढ़ाई शुरू की। इसके बाद राज्य की साक्षरता दर 98.20 प्रतिशत तक जा पहुंची। सरकार ने 292 स्वयंसेवक तैयार किए, जिनमें छात्र, शिक्षक, एक्सपर्ट और क्लस्टर रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर शामिल थे। इन लोगों ने मिलकर सबको पढ़ाया। गौरतलब है कि लद्दाख पहले ही इस कार्यक्रम के तहत पूर्ण साक्षर प्रशासनिक इकाई बन चुका है। मिजोरम के मुख्यमंत्री ललदुहोमा के अनुसार 292 स्वयंसेवक शिक्षकों के कारण यह संभव हुआ है। इस टीम ने जो सर्वे किया, वो चार सवालों पर फोकस था। जैसे कि क्या आप अपना नाम लिख सकते हैं? क्या आप अखबार पढ़ सकते हैं? क्या आप गिनती गिन सकते हैं या पैसे का हिसाब कर सकते हैं? तथा क्या आप कभी स्कूल गए हैं? जो इन सवालों के जवाब नहीं दे सके, उन पर ध्यान केन्द्रित कर उन्हें साक्षर बनाया गया। इस अभियान में गांव प्रमुखों ने भी अहम भूमिका निभाई। लोगों में कर्तव्य बोध और शिक्षा बोध जागृत किया। पढ़ने वालों को कोपी, पेन, स्लेट, पुस्तिकाएं आदि मुफ्त दी गईं। इसी के साथ विद्यार्थी कितना सीख रहे हैं, इसी भी लगातर मॉनिटरिंग की जा रही थी। इसकी भी निगरानी की जा रही थी कि स्वयंसेवक शिक्षक ठीक से पढ़ा रहे हैं या नहीं। विद्यार्थियों के 6 माह बाद परीक्षा भी ली गई। यूं तो भारत में साक्षरता लगातार बढ़ ही रही है। शिक्षित होने के लाभ तथा शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता ही देश में साक्षरता वृद्धि का प्रमुख कारण है। दूसरे, लोगों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आ रहा है, इसका कारण भी मां बाप अपने बच्चों को पढ़ने भेज रहे हैं। मप्र जैसे राज्य में तो सरकारी शिक्षण संस्थानों में बेटियो की शिक्षा मुफ्ती ही है। इसका भी असर पड़ता है। मिजोरम जैसे प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर राज्य का इस मुकाम पर पहुंचना काफी मायने रखता है। पूर्ण साक्षर होने के मिजोरम को कई लाभ होंगे।यह राज्य पर्यटन की दृष्टि से देश के अन्य पूर्वोत्तर राज्य की तुलना में पीछे है। अधिकांश देशवासी मिजोरम को रंगबिरंगी कपड़े पहनने वाले आदिवासी प्रदेश के रूप में ही जानते हैं। लेकिन अब यहां की तस्वीर बदल रही है। लड़के लड़कियों में पढ़ने की भूख बढ़ी हैं। पढ़ाई करने काम करने वालों में लोगों को अपना भविष्य दिख रहा है। वैसे आजादी के बाद 77 सालों में देश में अभी भी निरक्षर लोगों की संख्या बढ़ी ही है। यह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। मिजोरम ने पूर्ण साक्षर होकर पूरे देश को नई दिशा दिखाई है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने जासूस यूट्यूबर की चुनौती

**ज्योति मल्होत्रा का मामला एक बड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसका भंडाफोड़ हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए एक आतंकी हमले के बाद हुआ। इस हमले के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने देश भर में सक्रिय जासूसों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी।**



**ऑपरेशन सिंदूर के तहत, हरियाणा और पंजाब से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें ज्योति मल्होत्रा प्रमुख हैं। अन्य गिरफ्तार व्यक्तियों में गजाला, यामीन मोहम्मद, और देविंदर सिंह ढिल्लो शामिल हैं। ये सभी कथित तौर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन के एक अधिकारी, अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश, के संपर्क में थे।**

**संदीप सृजन**

ज्योति की गिरफ्तारी से पहले पंजाब पुलिस ने मलेरकोटला से गजाला और यामीन मोहम्मद को गिरफ्तार किया था। गजाला का काम दानिश से पैसे लेकर जासूसों तक पहुंचाना था, जबकि यामीन हवाला और अन्य माध्यमों से धनराशि ट्रांसफर करने में शामिल था। पूछताछ के दौरान इन दोनों ने ज्योति और अन्य जासूसों के नाम उजागर किए। हरियाणा के कैथल से गिरफ्तार देविंदर सिंह ढिल्लो ने 2024 में गुरु नानक जयंती के अवसर पर पाकिस्तान की यात्रा की थी, जहां उसे हनी ट्रैप में फंसाकर पटियाला कैंट की तस्वीरें और वीडियो साझा करने के लिए मजबूर किया गया। ज्योति मल्होत्रा का पाकिस्तान कनेक्शन 2023 में शुरू हुआ, जब वह अपने यूट्यूब चैनल के लिए वीजा लेने दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन गई थीं। वहां उनकी मुलाकात अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई, जो पाकिस्तान हाई कमीशन में कार्यरत एक अधिकारी था। दानिश ने ज्योति को पाकिस्तान की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया और उनके ठहरने और घूमने की व्यवस्था की। ज्योति ने 2023 और 2024 में तीन बार पाकिस्तान की यात्रा की, जहां उनकी मुलाकात दानिश के परिचित अली अहवान, शाकिर, और राणा शहबाज जैसे व्यक्तियों से हुई। इनमें से कुछ लोग पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए काम करते थे। ज्योति ने अपने मोबाइल में शाकिर का नंबर 'जट रंधावा' के नाम से सेव किया था ताकि किसी को शक न हो। वह व्हाट्सएप, टेलीग्राम, और स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इन लोगों के साथ संपर्क में थी। पूछताछ में ज्योति ने स्वीकार किया कि उन्होंने कुछ 'राष्ट्र-विरोधी' जानकारी साझा की थी, जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती थी। उनके यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश करने की कोशिश की गई, जिसे अब जांच एजेंसियां संदिग्ध मान रही हैं।

ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी ने उनकी आर्थिक स्थिति और जीवनशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उनके यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' से होने वाली आय का अनुमान लगाया गया है। यूट्यूब विज्ञापनों से प्रति 1,000 व्यूज पर 1-3 डॉलर (80-240 रुपये) की कमाई होती है। यदि उनके वीडियो पर औसतन 50,000 व्यूज आते थे और वह महीने में 10 वीडियो पोस्ट करती थीं, तो उनकी मासिक आय 40,000 से 1.2 लाख रुपये के बीच हो सकती थी। इसके अलावा, ब्रांड डील्स और स्पॉन्सरशिप से भी उनकी कमाई होती थी। एक अनुमान के अनुसार, वह प्रति ब्रांड पोस्ट 20,000 से 50,000 रुपये चार्ज करती थीं, जिससे उनकी मासिक आय 80,000 से 2.7 लाख रुपये तक हो सकती थी।

ज्योति की कुल नेटवर्थ 15 से 40 लाख रुपये के बीच होने का अनुमान है, जो उनकी आय, खर्च, और जीवनशैली पर निर्भर करता है। हालांकि, पुलिस जांच में यह सामने आया कि उनकी आय उनके खर्चों से कहीं अधिक थी, जिसने विदेशी फंडिंग की संभावना को जन्म दिया। उनके बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की जांच चल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या उन्हें पाकिस्तान या अन्य स्त्रोतों से धन प्राप्त हो रहा था। ज्योति मल्होत्रा का मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है। हिसार के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ज्योति को अपनी संपत्ति के रूप में विकसित कर रही थी। वह अन्य यूट्यूबरों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के संपर्क में थी, जो पाकिस्तानी एजेंटों के साथ मिलकर काम कर रहे थे। यह एक तरह का 'सूचना युद्ध' है, जिसमें पाकिस्तान सोशल मीडिया के माध्यम से भारत के खिलाफ अपनी कहानी को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। पुलिस ने ज्योति के मोबाइल और लैपटॉप की फोरेंसिक जांच शुरू की है, जिसमें कई पाकिस्तानी नंबर कोड नेम के तहत सेव मिले हैं। उनकी ट्रैवल हिस्ट्री की भी जांच हो रही है, जिसमें यह देखा जा रहा है कि उन्होंने 2023 से 2025 तक भारत में किन राज्यों और विदेशों में किन देशों की यात्रा की। खास तौर पर, उनकी पाकिस्तान यात्राओं के दौरान अली अहवान, शाकिर, और राणा शहबाज जैसे व्यक्तियों से मुलाकात की जांच हो रही है।

ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली और जम्मू-कश्मीर से जांच एजेंसियां हिसार पहुंचीं ताकि उनसे पूछताछ की जा सके। यह मामला पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ा हुआ माना जा रहा है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जासूसी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज की। भारत सरकार ने 13 मई, 2025 को पाकिस्तानी हाई कमीशन के अधिकारी दानिश को जासूसी के आरोप में देश से निष्कासित कर दिया था। दानिश इस नेटवर्क का मास्टरमाइंड माना जा रहा है, जो पैसे और हनी ट्रैप जैसे तरीकों से भारतीय नागरिकों को अपने जाल में फंसा रहा था।पंजाब और हरियाणा में सक्रिय इस जासूसी नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों की भी जांच चल रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि ज्योति और अन्य जासूसों ने किन-किन जानकारियों को साझा किया और इस नेटवर्क में कितने लोग शामिल हैं। यह मामला भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा माना जा रहा है, क्योंकि संवेदनशील जानकारी का रिसाव सैन्य और रणनीतिक स्तर पर नुकसान पहुंचा सकता है। ज्योति मल्होत्रा का मामला सामाजिक और नैतिक सवाल भी उठाता है। एक तरफ, वह अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से सांस्कृतिक एकता और सद्भाव का संदेश दे रही थीं, लेकिन दूसरी तरफ, उन पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का आरोप है। उनके वीडियो में पाकिस्तान की तारीफ और दोनों देशों के बीच दोस्ती की बातें थीं, लेकिन अब यह सवाल उठता है कि क्या यह सब एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा था।ज्योति के पिता, हरिस कुमार, ने उनकी गिरफ्तारी पर बयान दिया कि उनकी बेटी किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल नहीं थी। उन्होंने कहा कि ज्योति केवल कंटेंट क्रिएशन के लिए यात्राएं करती थीं और उनकी सभी यात्राएं अनुमति के साथ थीं। हालांकि, जांच एजेंसियों के पास उनके खिलाफ ठोस सबूत होने का दावा है, जिसमें उनके डिवाइसों से बरामद डेटा और उनकी पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत शामिल है। ज्योति मल्होत्रा का मामला यह दर्शाता है कि सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन या जानकारी साझा करने का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह जासूसी और सूचना युद्ध का एक नया हथियार बन गया है। यूट्यूबर और इन्फ्लुएंसर, जो लाखों लोगों तक अपनी पहुंच रखते हैं, संवेदनशील जानकारी साझा करने का एक आसान जरिया बन सकते हैं। ज्योति जैसे लोग, जो अपनी यात्राओं और वीडियो के माध्यम से एक सकारात्मक छवि बनाते हैं, आसानी से लोगों का भरोसा जीत सकते हैं, लेकिन उनकी गतिविधियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं। हिसार के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने इसे 'एक तरह का युद्ध' करार दिया, जिसमें पाकिस्तान प्रभावशाली लोगों को भर्ती करके अपनी कहानी को आगे बढ़ाने की कोशिश करता है। ज्योति का मामला इस बात का उदाहरण है कि कैसे सोशल मीडिया के माध्यम से न केवल जानकारी साझा की जा सकती है, बल्कि इसे एक हथियार के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

ज्योति मल्होत्रा और अन्य जासूसों की गिरफ्तारी ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने एक नई चुनौती पेश की है। यह मामला न केवल जासूसी नेटवर्क के खतरे को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि डिजिटल युग में सूचना युद्ध कितना जटिल और खतरनाक हो सकता है। ज्योति का मामला एक चेतावनी है कि सोशल मीडिया की पहुंच और प्रभाव का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।

सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता और समय पर कार्रवाई ने इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, लेकिन यह सवाल अब भी बाकी है कि ऐसे कितने और लोग इस तरह की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। यह मामला न केवल सुरक्षा एजेंसियों के लिए, बल्कि आम लोगों के लिए भी एक सबक है कि डिजिटल दुनिया में सावधानी और जिम्मेदारी कितनी महत्वपूर्ण है।

अध्यात्म

## जीवन के बहाव में ऐसे ना बहें कि थक कर हार भी जाएं

एक समय की बात है, गंगा नदी के किनारे पीपल का एक पेड़ था। पहाड़ों से उतरती गंगा पूरे वेग से बह रही थी कि अचानक पेड़ से दो पत्ते नदी में आ गिरे। एक पत्ता आड़ा गिरा और एक सीधा। जो आड़ा गिरा वह अड़ गया, कहने लगा – आज चाहे जो हो जाए मैं इस नदी को रोक कर ही रहूँगा। चाहे मेरी जान ही क्यों न चली जाए मैं इसे आगे नहीं बढ़ने दूंगा। वह जोर–जोर से चिल्लाने लगा – रुक जा गंगा, अब तू और आगे नहीं बढ़ सकती, मैं तुझे यहीं रोक दूंगा। पर नदी तो बढ़ती ही जा रही थी, उसे तो पता भी नहीं था कि कोई पत्ता उसे रोकने की कोशिश कर रहा है। पर पत्ते की तो जान पर बन आई थी। वो लगातार संघर्ष कर रहा था। नहीं जानता था कि बिना लड़े भी वहीं पहुंचेगा, जहाँ लड़कर, थककर, हारकर पहुंचेगी पर अब और तब के बीच का समय उसकी पीड़ा का उसके संताप का काल बन जाएगा। वहीं दूसरा पत्ता जो सीधा गिरा था, वह तो नदी के प्रवाह के साथ ही बड़े मजे से बहता चला जा रहा था। यह कहता हुआ कि – चल गंगा, आज मैं तुझे तेरे गंतव्य तक पहुंचा के ही दम लूँगा। चाहे जो हो जाए मैं तेरे मार्ग में कोई अवरोध नहीं आने दूंगा, तुझे सागर तक पहुंचा ही दूंगा। नदी को इस पत्ते का भी कुछ पता नहीं, वह तो अपनी ही धुन में सागर की ओर बढ़ती जा रही थी। पर पत्ता तो आनंदित है, वह तो यही समझ रहा है कि वही नदी को अपने साथ बहाए ले जा रहा है। आड़े पत्ते की तरह सीधा पत्ता भी नहीं जानता था कि चाहे वो नदी का साथ दे या नहीं, नदी तो वहीं पहुंचेगी जहाँ उसे पहुंचना है! पर अब और तब के बीच का समय उसके सुख का उसके आनंद का काल बन जाएगा। जो पत्ता नदी से लड़ रहा है, उसे रोक रहा है, उसकी जीत की कोई संभावना नहीं है। और जो पत्ता नदी को बहाए जा रहा है उसकी हार हो ये संभव नहीं है। हमारा जीवन भी उस नदी के सामान है जिसमें सुख और दु:ख की तेज़ धारायें बहती रहती हैं। और जो कोई जीवन की इस धारा को आड़े पत्ते की तरह रोकने का प्रयास भी करता है, तो वह मूर्ख है, क्योंकि ना तो कभी जीवन किसी के लिये रुका है और ना ही रुक सकता है। वह अज्ञान में है जो आड़े पत्ते की तरह जीवन की इस बहती नदी में सुख की धारा को ठहराने या दु:ख की धारा को जल्दी बहाने की मूर्खता पूर्ण कोशिश करता है। सुख की धारा जितने दिन बहनी है, उतने दिन तक बहकर ही रहेगी, आप उसे बढ़ा नहीं सकते। और अगर आपके जीवन में दु:ख का बहाव जितने समय तक के लिए आना है वो आ कर ही रहेगा, फिर क्यों आड़े पत्ते की तरह इसे रोकने की मेहनत की जाय। बल्कि जीवन में आने वाली हर अच्छी बुरी परिस्थितियों में खुश होकर जीवन की बहती धारा के साथ उस सीधे पत्ते की तरह ऐसे चलते जाओ, जैसे जीवन आपको नहीं बल्कि आप जीवन को चला रहे हो। सीधे पत्ते की तरह सुख और दु:ख में समता और आनन्दित होकर जीवन की धारा में मौज से बहते जाएँ। और जब जीवन में ऐसी सहजता से चलना सीख गए तो फिर सुख क्या? और दु:ख क्या ? जीवन के बहाव में ऐसे ना बहें कि थक कर हार भी जाएं और अंत तक जीवन आपके लिए एक पहेली बन जाये। बल्कि जीवन के बहाव को हँसते–खेलते ऐसे बहाते जाएं कि अंत तक आप जीवन के लिए पहेली बन जायें।

# गैर-परमाणु अक्षय ऊर्जा उत्पादन हो प्राथमिकता

**परमाणु क्षेत्र के निजीकरण, 'एसएमआर' के अनुसंधान और विकास के लिए बड़े बजटीय आबंटन करना परमाणु विस्तारवाद की ओर बढ़ता कदम है। एक 'एसएमआर' अपने 60 वर्षों के अपेक्षित जीवन में, अपशिष्ट के रूप में लगभग 1,800 टन 'व्यय ईंधन' उत्पन्न करेगा। चुने गए स्थल को बहुत लंबी अवधि में 'व्यय ईंधन' के सुरक्षित भंडारण के लिए प्रावधान करना होगा। कानूनी प्रावधानों में यह सुनिश्चित करना होगा कि निजी पक्षों के स्वामित्व वाली साइटें विनियामक नियंत्रण में रहें। डिज़ाइन और लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं में प्रारंभिक रूप से खर्च किए गए ईंधन और रेडियोधर्मी अपशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकताओं को शामिल करने से यह सुनिश्चित होगा कि सभी अपशिष्टों के निपटान के लिए एक निश्चित मार्ग है? इसलिए 'एसएमआर' के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए, उत्पादन और मॉड्यूल असेंबली के सभी चरणों में तथा स्टार्ट-अप और संचालन के लिए, उत्पादन और सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए, विनियामक निरीक्षण और नियंत्रण की अत्यधिक आवश्यकता होगी।**

**राजकुमार सिन्हा**

भारत सरकार संसद के आगामी सत्र में परमाणु ऊर्जा संबंधी अधिनियमों में संशोधन करने जा रही है। परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 'निजी ऑपरेटरों को अनुमति देने और उनकी देनदारी सीमित करने' का यह कदम उस निर्णय के बाद आया है, जिसमें अमेरिकी कंपनियों को भारत में परमाणु उपकरण बनाने और डिजाइन करने की अनुमति दी गई है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली 'संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (यूपीए) सरकार ने इसके लिए जो 'सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट 2010' बनाया था, उसकी शर्तें देशों के नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करती थीं, कंपनियों को ज़िम्मेदार बनाती थीं। इसी तरह एक दूसरा क़ानून 'एटॉमिक एनर्जी एक्ट 1962' भी है जिसके तहत केन्द्र सरकार 'परमाणु ऊर्जा केन्द्रों' का विकास और संचालन करती है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जल्द-से-जल्द परमाणु दायित्व के बिल को संसद में पारित करवाना चाहते थे, मगर संसद के अंदर और बाहर विपक्षी दलों तथा अन्य नागरिक संगठनों के विरोध और उनकी सरकार के डांवाडोल होने के कारण उन्हें उसे वापस लेना पड़ा था। इस बिल के अनुसार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में दुर्घटना होने पर सप्लायर को किसी भी क्षतिपूर्ति से मुक्त रखा गया था। बाद में विपक्षी दलों की मांग के अनुरूप बिल में बदलाव किए जाने पर 'सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डेमेज एक्ट 2010' संसद से पारित हुआ था।

इस अधिनियम के तहत फिलहाल घरेलू निजी कम्पनियों की ऊर्जा क्षेत्र में भागीदारी होती है, परन्तु 'नीति आयोग' की ओर से गठित सरकारी समिति ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी निवेश पर लगी पाबंदी हटाने की सिफारिश की है। समिति ने परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में विदेशी कम्पनियों को शामिल करने के लिए अधिनियम के साथ 'विदेशी निवेश अधिनियमों' में भी बदलाव की सिफारिश की है।

गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु सहयोग के लिए 2008 के समझौते के तहत परमाणु प्रौद्योगिकी सामग्रियों के आयात की अनुमति दी थी और निजी कम्पनियों को भारतीय परमाणु बाजार में प्रवेश करने का रास्ता खोला था। यह समझौता अमेरिका के 'परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1954' की 'धारा 123' के तहत किया गया था जिसे '123 समझौता' कहा गया था। इस समझौते को लेकर देशभर में गंभीर सवाल उठे थे।

प्रस्तावित बदलाव का संकेत 2022 में भारत-अमेरिका के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच वाशिंगटन की द्विपक्षीय वार्ता के समय ही मिल गया था, जब अमेरिकी कम्पनी ने भारत में 60 हजार करोड़ रुपए की लागत से छह परमाणु रिएक्टर लगाने और भारत के घरेलू उपयोग और निर्यात के लिए 'लघु मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर' (एसएमआर) तकनीक के विकास पर करीब 10 हजार करोड़ रुपए निवेश की इच्छा जाहिर की थी। 'एसएमआर' ऐसे परमाणु रिएक्टर होते हैं जो केवल 10 से 300 मेगावाट बिजली उत्पादित करते हैं। इनके मॉड्यूलर डिजाइन और छोटे आकार के चलते जरूरत के मुताबिक एक ही साइट पर इनकी कई इकाइयां लगाई जा सकती हैं। इसको लेकर उस समय 'न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया' और 'वाशिंगटन इलेक्ट्रिक कंपनी' के बीच 2022 में बातचीत अंतिम चरण में थी।

भारत चरणबद्ध तरीके से परमाणु ऊर्जा में 49 प्रतिशत तक 'प्रत्यक्ष विदेशी निवेश' (एफडीआई) की अनुमति दे सकता है। सरकार शुरुआती चरण में केवल 26 प्रतिशत तक की अनुमति दे सकती है और समीक्षा के बाद इसे बढ़ा सकती है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2035 तक परमाणु ऊर्जा को वर्तमान 8 गीगावाट से बढ़ाकर 40 गीगावाट करने के लिए निजी क्षेत्र को खोलने की योजना बनाई है। भारत सरकार के पूर्व सचिव ईएएस सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी अपील दोहराई है कि वे भारत के मौजूदा कानूनों को कमजोर करने के लिए अमेरिका और अन्य परमाणु आपूर्तिकर्ता देशों के दबाव में न आएं, जैसा कि वित्तमंत्री ने इस वर्ष के बजट भाषण में संकेत दिया है। सवाल उठता है कि परमाणु क्षेत्र में निवेश करने वाली कम्पनियां भारत क्यों आना चाहती हैं? दरअसल आजकल परमाणु बिजली उद्योग में जबरदस्त मंदी है, इसलिए अमेरिका, फ्रांस और रूस आदि देशों की कम्पनियां भारत में इसके ठेके और आर्डर पाने के लिए बेचैन हैं। वर्ष 2017 में जारी 'विश्व परमाणु उद्योग स्थिति रिपोर्ट' (वर्ल्ड न्यूक्लियर इंडस्ट्री स्टेटस रिपोर्ट) में बताया गया था कि पिछले चार सालों में दुनियाभर में निर्माणाधीन परमाणु रिएक्टरों की संख्या में गिरावट देखी गई है। 2013 तक वैश्विक स्तर पर 68 रिएक्टरों का निर्माण कार्य चल रहा था, वहीं 2017 में निर्माणाधीन रिएक्टरों की संख्या 53 हो चुकी थी।

'भोपाल गैस त्रासदी' के पीड़ित आज तक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। ऐसे में विदेशी कंपनियों को कड़े कानूनों से छूट देकर हम अपने नागरिकों के साथ खिलवाड़ करने जा रहे हैं। अमेरिका की परमाणु कंपनियों को यह छूट भारत के लिए भारी पड़ सकती है। भारत में निवेश से मोटा मुनाफ़ा कमाने वाली परमाणु कंपनियों को उनके दायित्व से कैसे छूट मिल सकती है? भारत में व्यापार कीजिए, मुनाफ़ा अमेरिका ले जाइए। अगर कोई गड़बड़ी हो तो हाथ झाड़कर खड़े हो जाइए। सवाल पूछने वालों पर कंपनी उल्टे मुक़दमे क़ायम कर देगी, क्योंकि हमारा क़ानून उनके लिहाज़ से तैयार किया जा रहा है।

परमाणु क्षेत्र के निजीकरण, 'एसएमआर' के अनुसंधान और विकास के लिए बड़े बजटीय आबंटन करना परमाणु विस्तारवाद की ओर बढ़ता कदम है। एक 'एसएमआर' अपने 60 वर्षों के अपेक्षित जीवन में, अपशिष्ट के रूप में लगभग 1,800 टन 'व्यय ईंधन' उत्पन्न करेगा। चुने गए स्थल को बहुत लंबी अवधि में 'व्यय ईंधन' के सुरक्षित भंडारण के लिए प्रावधान करना होगा। कानूनी प्रावधानों में यह सुनिश्चित करना होगा कि निजी पक्षों के स्वामित्व वाली साइटें विनियामक नियंत्रण में रहें। डिज़ाइन और लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं में प्रारंभिक रूप से खर्च किए गए ईंधन और रेडियोधर्मी अपशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकताओं को शामिल करने से यह सुनिश्चित होगा कि सभी अपशिष्टों के निपटान के लिए एक निश्चित मार्ग है? इसलिए 'एसएमआर' के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए, उत्पादन और मॉड्यूल असेंबली के सभी चरणों में तथा स्टार्ट-अप और संचालन के लिए, उत्पादन और सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए, विनियामक निरीक्षण और नियंत्रण की अत्यधिक आवश्यकता होगी।

केन्द्र सरकार ने 'परमाणु ऊर्जा मिशन' के लिए 2025-26 के बजट में 20,000 करोड़ रुपए निर्धारित किए हैं। यह राशि 'एसएमआर' के अनुसंधान एवं विकास के लिए आवंटित की गई है। इसका लक्ष्य वर्ष 2033 तक कम-से-कम पांच स्वदेशी 'एसएमआर' विकसित करना है। सरकार परमाणु विकिरण के दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभावों को समझे और इसके बजाय विकेंद्रीकृत, न्यूनतम पारिस्थितिक प्रभावों वाले और सामाजिक समानता और वित्तीय स्थिरता के सिद्धांतों को बनाए रखने वाले 'गैर-परमाणु अक्षय ऊर्जा' उत्पादन को प्राथमिकता दे। (सप्रेस)

## आज का कार्टून

फील्ड मार्शल बनने पर इमरान खान ने जनरल मुनीर पर किया कटाक्ष, कहा–खुद को राजा धोषित क्यों नहीं किया




## राशिफल

**मेष**
वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। युवाओं को किसी बड़ी कम्पनी से जॉब ऑफर हो सकती है। अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग कर पायेंगे।

**वृषभ**
आपकी आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। घर के लिये आप इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा।

**मिथुन**
रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ मनोरञ्जन भरा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचार जन्म ले सकते हैं।

**कर्क**
व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से ज्यादा शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। ज्यादा चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**सिंह**
कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा।

**कन्या**
कार्यशैली में बदलाव करना उचित होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानान्तरण की चर्चा चल सकती है।

**तुला**
विवाहेतर सम्बन्धों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिये। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिये। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

**धनु**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक बदलाव कर सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं।

**मकर**
नौकरीपेशा लोगों का ऑफिस में सम्मान बढ़ेगा। प्रेमी जन के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम सम्बन्धों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ**
नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा।

**मीन**
आज अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त के आपको समय नहीं बिताना चाहिये। सोचे हुये कार्य देरी से पूर्ण होंगे।

# पशुपालकों का हित सर्वोपरि : प्रबंध निदेशक

## पशुपालकों को दुग्ध मूल्य का भुगतान खाते में करने का किया जा रहा प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि बरौनी डेयरी के प्रबंध निदेशक रवीन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रबंधन संघ से जुड़े सम्मानित दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को सर्वोपरि रखते हुए बरौनी डेयरी को उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर रखने में सतत् प्रयत्नशील एवं दृढ़संकल्पित है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान सीधे उनके खाते में करने की सुविधा प्रदान करने का कार्य विशेष अभियान चलाकर यथाशीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। पशुपालकों की आय में वृद्धि के



लिए नवोन्मेषी प्रयासों एवं गतिविधियों को अपनाया जा रहा है। पशु नस्ल सुधार सहित पशुआहार, चारा बीज, सायलेज, दलिया आदि का उत्पादन सुनिश्चित कराकर समग्र रूप से पशुओं के ब्रीडिंग एवं फीडिंग पर विशेष सुविधायें मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। संघ, अधीनस्थ इकाइयों एवं जुड़ी हुई समितियों के बुनियादी संरचना को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप समुन्नत करने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इससे दुग्ध एवं दुग्ध जन्य उत्पादों की गुणवत्ता में और वृद्धि होगी एवं हम संघ से गुलाब जामुन के अलावा अन्य उत्पादों का निर्यात विदेशों में करने में सक्षम हो सकेंगे। इससे पशुपालकों की आय में भी वृद्धि संभव होगी। श्री प्रसाद ने बताया कि ग्रामीण विपणन के द्वारा आज बरौनी डेयरी का उत्पाद गांवों तक पहुँच रहा है। लोगों को लगन एवं त्योहारी मांग में उत्पादों की सुलभता से काफी सहूलियत मिल रही है। शीघ्र ही बरौनी डेयरी कुछ नये उत्पाद अपने सम्मानित उपभोक्ताओं के बीच लाने की दिशा में कार्य कर रही है। संघ से जुड़े एफपीओ के माध्यम से सुधा के चावल, आटा, सरसों का तेल, दालों आदि का उत्पादन एवं विपणन करने के क्रम में कुछ उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन शुरू किया गया है।श्री प्रसाद द्वारा संघ के उत्तरोत्तर प्रगति में भारत सरकार, राज्य सरकार, एनडीडीबी, कम्फेड, जिला एवं स्थानीय प्रशासन सहित अन्य सभी से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मिल रहे सतत् सहयोग के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गयी।

# महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

## महिलाओं ने किया अनुभव को साझा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के समसा पंचायत के राधिका जीविका महिला ग्राम संगठन तथा राजा जीविका ग्राम महिला संगठन द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक मनोरंजन कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महिला संवाद में आई महिलाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रम में जुटी महिलाओं की भीड़ इस बात की साक्षी है कि जीविका में जुड़ने के बाद ये घर की चहारदीवारी तक ही सीमित नहीं है। घर से बाहर निकल कर अपने आप को सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में सशक्त हुई है। इस अवसर पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आये बदलावों को प्रचार रथ में लगे एलईडी पर फिल्मों के द्वारा दिखाया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाये जा रहे योजनाओं से लाभ लेने के तरीके के संबंध में जानकारी संबंधित फ्लीपकार्ड का वितरण किया गया। योजनाओं का लाभ ले चुकी महिलाओं ने अपने-अपने अनुभवों का साझा करते हुए लाभ लेने की अपील की। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बदौलत वे सामाजिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। अपनी अपेक्षाओं को भी साझा किया। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक रूपम कुमारी, सामुदायिक समन्वयक रीमा देवी, विकास कुमार, अर्चना कुमारी, दुलार चंद राम के अतिरिक्त काफी संख्या में महिलाओं ने शिरकत किया।

## एक नजर

### स्नान के क्रम में बच्चे की डूबने से मौत

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मुजफ्फरा सरैया घाट में रविवार को एक लड़का का स्नान करने के क्रम में डूब कर मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा बच्चे की शव को नदी से बाहर निकाला गया। बच्चे की डूबने की सूचना मिलते ही घाट पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमर पड़ी। मृतक बच्चे की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के करीमटोल निवासी मंटून पासवान के करीब सोलह वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार उर्फ मोनू के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रवीण उर्फ मोनू सुबह आठ बजे से ही घर से गायब था। घटना की सूचना मिलते ही वीरपुर थाना के अवर निरीक्षक परमा पासवान ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए बेगुसराय भेज दिया। वहीं बेटे की मौत की खबर मिलते ही बच्चे के परिजनों में कोहराम मच गया।

### कबड्डी में सहुरी ने किया फुलकारी को पराजित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के प्रांगण में शनिवार को आयोजित संकुल स्तरीय महिला वर्ग के कबड्डी के खेल में मध्य विद्यालय सहुरी के बच्ची का दब दबा रहा। इस खेल का आयोजन बिहार सरकार के द्वारा संचालित कार्यक्रम मशाल 2024-25 के तहत खिलाड़ी के पहचान के लिए आयोजित किया गया। जिसमें संकुल स्तरीय खेल में कबड्डी के अंडर 14 वर्ष के वर्ग 6 से 8 वीं तक के बच्चियों के द्वारा खेला गया। इसमें तीन विद्यालय मध्य विद्यालय सहुरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहुरी नवीन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के बालिका वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मध्य विद्यालय सहुरी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के बीच खेला गया कड़ी मशक्कत के बाद 36-31 अंकों की बढ़त से उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी को मध्य विद्यालय सहुरी ने शिकस्त देकर जीत अपने नाम हासिल किया। खेल का विधिवत् उद्घाटन सहुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय जय राम सहनी, सामाजिक कार्यकर्ता सरोज कुशवाहा समेत विद्यालय के प्रधान शिक्षक मोहम्मद असलम, अशोक कुमार दास, मिथलेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

### आयुष ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की परीक्षा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पहसारा के आयुष राज ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसका चयन उत्तरप्रदेश के झांसी सैनिक में नवमी कक्षा में नामांकन हेतु हुआ है। इसने अपने गाँव सहित संपूर्ण प्रखंड को गौरवान्वित किया है। इसकी सफलता पर मां जयमंगला ज्ञानोदय शिक्षण संस्थान पहसारा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल रामाशीष सिंह उर्फ गुरूजी ने पठन पाठन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का है। इसका आंल इंडिया सैनिक स्कूल में नामांकन हेतु चयन से और चार चांद लग गया। पिता सह निदेशक, माता अराधना देवी ने कहा कि इसकी सफलता इसकी प्रतिभा को परिलक्षित करता है। इसकी सफलता पर प्रमुख अनिता देवी, मुखिया निभा देवी,मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह उर्फ बुडुल सिंह, पंसस अनिता झा, घनश्याम कुमार, मुकेश कुमार सिंह, अजय भारती आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### बंगराहा में किसान की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समस्तीपुर जिले के विधापतिनगर थाना क्षेत्र के बंगराहा गांव में कल देर रात अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि जिले के बंगराहा गांव निवासी किसान सुरेंद्र सिंह अपने घर के दरवाजे पर सोये हुए थे तभी उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर समस्तीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### दो बच्चों की जलकर मौत

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के भगवानपुर चकशेखू मुसहरी टोला स्थित एक घर में आज अचानक आग लग जाने के कारण घर में सो रहे दो बच्चों की जलकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के दलसिंहसराय बाजार स्थित मुसहरी टोल के एक घर मे रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई जिसमें घर मे सो रहे शंभू मांझी के 3 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार एवं 5 वर्षीया पुत्री प्रीति कुमारी की जलकर दर्दनाक मृत्यु हो गई।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आठ घरों में आग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बछवाड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दादूपुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ भगवानपुर दियारा में बीती रात चूल्हे की चिंगारी से लगभग आठ फुस का घर जलकर राख हो गया। देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल इलाके में उत्पन्न हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पंप सेट, चापाकल के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपट इतनी तेज थी कि एक-एक कर आठ घरों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आगलगी की सूचना अग्निशामक टीम को दी। मौके पर अग्निशामक टीम ने पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा कपड़ा, अनाज, जरूरी कागजात समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गया। पीड़ित वार्ड संख्या आठ भगवानपुर दियारा निवासी महेश राय की पत्नी पूनम देवी, रूदल राय की पत्नी रेणु देवी, कन्हैया राय की पत्नी पूजा देवी, कृष्णा राय की पत्नी राधा देवी, विपिन कुमार की पत्नी अंजली कुमारी, सुरेश राय की पत्नी रेखा देवी एवं संजय राय की पत्नी कोमल देवी ने बताया कि रोजाना की तरह खाना पीना खाकर पूरा परिवार सोने के लिए गए थे कि अचानक रिंकू देवी पति नरेश राय के घर में आग लग गई और देखते-देखते आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग एवं अग्निशामक टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया। पीड़ित रिंकू देवी ने बताया कि देर रात अचानक चूल्हे की सुलगती चिंगारी से आग लग गई और देखते-देखते कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राय, पंचायत समिति मिथिलेश कुमार उर्फ ओम प्रकाश, सरपंच प्रतिनिधि अंजय राय और राजस्व कर्मचारी पप्पू कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सरकारी सहायता प्रदान कराने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी प्रीतम गौतम ने बताया कि दादूपुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ में बीती रात चूल्हे की चिंगारी से लगभग आठ घर जलकर राख हो गया है।

# समय के साथ प्रिंट मीडिया के हर क्षेत्र में आया है बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में अनुमंडल पत्रकार संघ बखरी इकाई की त्रैमासिक बैठक रविवार को आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष सुमन झा ने की। जिलाध्यक्ष विनोद कर्ण ने कहा कि प्रिंट मीडिया की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। समय के साथ हर क्षेत्र में बदलाव आया है। समाचार के इलेक्ट्रनिक माध्यम सोशल मीडिया एवं यूट्यूबर भी खबरें परोसती है। लेकिन उसकी प्रमाणिकता पर सवालिया निशान लग रहा है। कथित तौर पर यूट्यूबर, फेसबुक एवं सोशल मीडिया द्वारा भ्यूवर और टीआरपी के लिए फेक न्यूज चलाये जाने पर चिंता प्रकट की। उन्होंने बताया प्रतिद्वंद्विता के चक्कर में आजकल डिजिटल प्लेटफर्म पर ऐसे लोग फेक न्यूज चलाकर पत्रकारों की गरिमा को धूमिल कर दिया है।ऐसे पत्रकारों से सामाजिक स्तर पर वास्तविक पत्रकारों की साख घटने लगी है। उन्होंने तमाम उपस्थित पत्रकारों को संघ संगठन के दायरे में रहकर पत्रकारों को गरिमा, निष्पक्षता और सामाजिक स्वीकार्यता को जिंदा रखने की अपील की। कार्यक्रम में बखरी, गढ़पुरा एवं नावकोठी के विभिन्न समाचार-पत्रों एवं बैनर, संस्थानों में काम करने वाले पत्रकारों ने बैठक में गढपुरा के हिंदुस्तान के पत्रकार दिवंगत दीपक कुमार दीप के स्मृति में अनुमंडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट करने का प्रस्ताव दिया। त्रैमासिक बैठक को नियमित करने, आपसी गिले शिकवे और मतांतर को भूलकर एकजुट होकर नये साथियों को अपने संघ संगठन में जोड़ने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बैठक में उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, हरेराम दास, संतोष श्रीवास्तव, संगठन मंत्री सुमित कुमार सिंह, रिमझिम कुमारी उपाध्यक्ष अरूण चंद्र झा, प्रो हरेराम सिंह, सुधांशु, एस एम बेग, प्रदीप झा, गौरव केसरी, उमर खान, शंभू प्रसाद चौधरी, रामकरण पाल, सुरेंद्र किशोरी, नवीन कुमार मिश्र, अमित कुमार, गोविंद भारद्वाज, रंजीत अनारी, नितेश सिंह आदि ने भी अपने विचार प्रकट किये।

# पर्यावरण जागरूकता को साइकिल पे संडे की 554वीं यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बरौनी प्रखंड क्षेत्र के पिपरा देवस पंचायत स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी की यात्रा की गयी। इस यात्रा के दौरान ठाकुरबारी परिसर में स्थानीय लोगों के साथ पर्यावरण को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में भाग लेते हुए पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह ने कहा कि आज जिस रूप में आसपास के क्षेत्र में जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है, यह हम सबके लिए बड़ा संकट है। इसके लिए जरूरत है कि हम जहां एक तरफ जल का दोहन कम करें वहीं दूसरी तरफ इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। साइकिल पे संडे के साथी विनोद भारती ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल और केवल संकट देकर जा रहे हैं। हम पेड़ काट रहे हैं, पानी बर्बाद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में जरूरत है कि हम सब अपने पर्यावरण के लिए सजग हो। वहीं अभियान के सदस्य अंशु कुमार ने युवाओं और बच्चों को अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। कहा कि जब युवा इस अभियान को अपना मान लेंगे तो फिर हम संकट को थोड़ा काम कर सकते हैं। मौके पर टीम के वरिष्ठ सदस्य कुणाल कुमार, संयोजक डॉ कुंदन कुमार, पत्रकार मुकेश कुमार, विकास कुमार, श्याम कुमार, शशि कुमार, लक्ष्य, अक्षत रोहित, केशव, ओम सानी कुमार शर्मा हर्ष किशोर सहित दर्जनों सदस्यों ने अपनी दमदार उपस्थिति दी।

# माउंट लिट्रा में स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की शुरूआत

## अनुभवी विशेषज्ञों के साथ होगी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की शुरूआत की है। इस अभिनव पहल के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 95प्रतिशत अंकों की तैयारी के साथ-साथ आईआईटी जेईई, नीट यूजी, एनटीएसई और विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं की रणनीतिक और गहन तैयारी स्कूल परिसर में ही कराई जाएगी। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रेस कन्फ्रेंस में आईआईटियंस हब मुंबई



के वाइस प्रेसिडेंट मनीष कुमार ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने एसआईपी को छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, बेगूसराय में आईआईटियंस हब की अनुभवी शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देगी। इस अवसर पर साइंस विषय के विशेषज्ञ शामिल थे। इन सभी विशेषज्ञों को 10 वर्षों से अधिक का शिक्षण अनुभव प्राप्त है। जो विद्यार्थियों को न केवल विषयों की गहरी समझ देंगे। बल्कि आत्मविश्वास और सफलता की ओर अग्रसर भी करेंगे। स्कूल की प्राचार्या डा. शीतल ने कहा हमारा प्रयास है कि हमारे बच्चे कोचिंग सेंटर की तलाश में भटकें नहीं, बल्कि स्कूल परिसर में ही उन्हें सर्वोत्तम शिक्षण और मार्गदर्शन मिले। हम उन्हें शैक्षणिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं। स्कूल के डायरेक्टर डा. मनीष देवा ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा हम बच्चों को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए तैयार कर रहे हैं। एसआईपी माउंट लिट्रा की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है। जहाँ शिक्षा केवल अंक नहीं, आत्मविश्वास, कौशल और जीवन मूल्यों से जुड़ी होती।

# दो बाइकों की टक्कर में दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बछवाड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 28 रानी पम्प के समीप शनिवार की दर शाम दो बाईको की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उक्त दोनों घायलों को ईलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां प्रथम उपचार कर समुचित इलाज के लिए बेगूसराय रेफर किया गया। उक्त दोनों घायलों में एक का इलाज बरौनी स्थित निजी क्लीनिक लाइफ लाईन और एक युवक का इलाज बेगूसराय स्थित ग्लोकल अस्पताल में चल रहा है। जहां दोनों घायल जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। घायल की पहचान मंसूरचक थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहिलवारा गांव निवासी किशन ठाकुर के पुत्र आशीष कुमार और तैयाय ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा गांव निवासी अर्जुन साह के पुत्र संदीप साह के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक बाइक सवार गोधना की ओर से तो दूसरा बाइक सवार बछवाड़ा की ओर से आ रहा था। इसी दौरान ओवरटेक करने के क्रम में दोनों बाईकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उक्त घायलों को निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां प्रथम उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए बेगूसराय रेफर किया गया। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर पूर्व उप प्रमुख सह वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सुशील कुमार राय उर्फ मल्ली राय ने बताया कि बेगूसराय जीरोमाइल से रसीदपुर सीमांकन तक राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं कमने का नाम नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए टोल टैक्स के नाम पर वसूले जा रहे हैं। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही दुर्घटना के बाद टोल टैक्स का एंबुलेंस समय से नहीं पहुंचता है और ना ही दुर्घनाग्रस्त गाड़ियों को सड़कों पर से हटाने के लिए क्रेन उपलब्ध कराया जाता है। यदि कहे तो टोल टैक्स पर कार्यरत कर्मी और विभाग सिर्फ बछवाड़ा में वसूली के लिए है।

# पिकअप वैन की चपेट में आकर मजदूर की मौत, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिंहवाड़ा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पनिशाला चौक के निकट रविवार की सुबह तेज रफ़्तार पिकअप भान की चपेट में साइकिल सवार मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही पिकअप भान का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित लोगो ने सड़क पर ही लाश को रख बांस बल्ला लगा टायर जलाकर सड़क को दो घंटे तक जाम कर दी। जिसके कारण अतरबेल भरवाड़ा पथ पर दोनों और वाहनो की कतार लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र के तेहवारा पंचायत के धनवारा गांव निवासी लालधारी महतो के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया मृतक के पुत्र महेश महतो और धर्मेंद्र महतो ने बताया की उसका पिता मजदूरी करने के लिए घर से साइकिल से निकला था। मृतक के पुत्र और एक पुत्री है। पत्नी का देहांत पहले ही हो चुका है।

# जल संकट से बचने के लिए लगाएं पेड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** साइकिल पे संडे के 554 वें रविवार को पिपरा देवस पंचायत स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी की यात्रा की गयी। इस यात्रा के दौरान ठाकुरबारी परिसर में स्थानीय लोगों के साथ पर्यावरण को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में भाग लेते हुए पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह ने कहा कि आज जिस रूप में आसपास के क्षेत्र में जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है, यह हम सबके लिए बड़ा संकट है। इसके लिए जरूरत है कि हम जहां एक तरफ जल का दोहन कम करें वहीं दूसरी तरफ इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। साइकिल पे संडे के साथी विनोद भारती ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल और केवल संकट देकर जा रहे हैं। हम पेड़ काट रहे हैं, पानी बर्बाद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में जरूरत है कि हम सब अपने पर्यावरण के लिए सजग हो। वहीं अभियान के सदस्य अंशु कुमार ने युवाओं और बच्चों को अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। कहा कि जब युवा इस अभियान को अपना मान लेंगे तो फिर हम संकट को थोड़ा काम कर सकते हैं। मौके पर टीम के वरिष्ठ सदस्य कुणाल कुमार, संयोजक ड कुंदन कुमार, पत्रकार मुकेश कुमार, विकास कुमार, श्याम कुमार, शशि कुमार, लक्ष्य, अक्षत रोहित, केशव, ओम सहित दर्जनों सदस्यों ने अपनी दमदार उपस्थिति दी।

# निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**फुलवारीशरीफ।** पारस एचएमआरआई अस्पताल में रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 545 मरीजों ने आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों से परामर्श का लाभ उठाया. शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग, डेंटल स्क्रीनिंग समेत विभिन्न जांचें और परामर्श सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं. रेडियोलॉजी और लैब सेवाओं पर 50% तक की छूट दी गई। डॉ. मसीउल्लाह, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. जमशेद अनवर, डॉ. जावेद अनवर थे।

# सोमवार से बनेगा आयुष्मान कार्ड : एसडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी में 26 मई से 28 मई तक हरेक पंचायतों में आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। बखरी प्रखंड में 26 मई से 28 मई तक हरेक पंचायतों में आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। यह विषेष अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में आयुष्मान बनाए जाएंगे। ये जानकारी बखरी एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया ने बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान को चलाया जा रहा है। इन्होंने बताया कि बखरी प्रखंड क्षेत्रों में कुल 89 हजार दो सौ 46 महिला पुरुष आयुष्मान कार्ड लाभ लेने से छूटे हुए हैं। इस अभियान में विशेष रूप से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अनुमंडल के पेंशनर क्लबों, वरिष्ठ नागरिक संघों और बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि हर वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा सके। एसडीएम ने मीडिया कर्मियों से अपील की कि वे इस अभियान का प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजना से जोड़ने में सहयोग करें, जिससे यह कल्याणकारी योजना अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

# विकास कार्यों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं : मुरारी मोहन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिंहवाड़ा।** मंडल भाजपा पूर्वी के कार्यसमिति सदस्यों की बैठक सिमरी स्टेडियम में शनिवार की शाम आयोजित की गई। बैठक में विधान सभा चुनाव की तैयारी व संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की गई। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष नवीन राउत ने की मुख्य अतिथि विधायक डा. मुरारी मोहन झा ने कहा बिहार में आगामी विधान सभा चुनाव के बाद एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। पुनः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बनेंगे। बूथ लेवल स्तर तक पार्टी को मजबूत कर आप सभी जन जन की आवाज बनकर विकसित बिहार का संकल्प लें।




उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला के बाद पाकिस्तान के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से भारत की शक्ति से पूरे दुनिया को एहसास हो गया है। दुश्मन हिन्दुस्तान की तरफ आंख उठाने व कायरतापूर्ण कारवाई के लिए अब सौ बार सोंचेगा। हम देश वासियों का नैतिक जिम्मेदारी बनता है कि वीर सैनिकों का सम्मान कर हौसला बढाना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्राकर्म एवं नेतृत्व से भारत ताकतवर देश बन गया है। विधायक ने कहा इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न पाकिस्तान के ऊपर ऐसी कार्रवाई के साथ सिंधु जल समझौता तोडा गया है। राष्ट्रभक्त को जागृत करने के संकल्प के साथ भारत माता व वंदेमातरम की जय जयकार किया गया। जनसंघ प्रचारक सह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रधुम्न श्रीवास्तव ने कहा कि गर्व है कि हम सब हिन्दुस्तानी के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के सदस्य हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौधरी व महासचिव सुजीत मल्लिक ने कहा कि भाजपा की निति व विकासात्मक कार्य योजना को धरातल पर मजबूती प्रदान करने में कार्यकर्ताओ की अहम भूमिका है। अपने अपने दायित्व का सफल निर्वहण कर पीएम व नीतीश कुमार के संदेशों को जन जन तक पहुंचावें। इस बीच सरैया निवासी सफी अहमद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर मनोनित कर माल्यार्पण किया गया। मौके पर जिपस दिलीप यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमेश सहनी, जटाशंकर सिंह, पूर्व पंचायत समिति नरेश मंडल, जय शंकर सिंह, शंकर राउत, चितरंजन मंडल, दीपक महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# सड़क हादसे में जन प्रगति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के डुमरिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर जलवा टोला के समीप शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में जन प्रगति पार्टी (जप्रपा) के प्रदेश अध्यक्ष नीरज कुमार और केसरिया विधानसभा की भावी उम्मीदवार ज्ञानती देवी की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक बच्ची सहित चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।




पुलिस के अनुसार, जन प्रगति पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान नया गांव की निवासी ज्ञानती देवी भी कार में सवार थीं। तेज रफ्तार कार जैसे ही जलवा टोला के पास पहुंची, सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर डुमरिया घाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गैस कटर की मदद से कार में फंसे नीरज कुमार के शव को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल ज्ञानती देवी को तत्काल मोतिहारी के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

थानाध्यक्ष ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों में एक बच्ची भी शामिल है, जिनका इलाज जारी है।

ज्ञानती देवी जन प्रगति पार्टी की सक्रिय नेता थीं और आगामी विधानसभा चुनाव में केसरिया सीट से उम्मीदवार के रूप में उतरने की तैयारी कर रही थीं। उनके और नीरज कुमार के असामयिक निधन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है। यह हादसा पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

# नेपाल से पीठ पर लादकर ला रहे थे गांजा, आठ तस्कर 100 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

## 40 लाख रुपये की खेप बरामद, अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** पूर्वी चंपारण जिले के हरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में लिप्त आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से करीब 100 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत अंतरराज्यीय बाजार में करीब 40 लाख रुपये आंकी जा रही है।



पुलिस को पहले से सूचना थी कि शनिवार रात करीब 8 बजे नेपाल की ओर से कुछ तस्कर पीठ पर गांजे की खेप लादकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर सकते हैं। हरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए अपनी टीम के साथ सैनिक रोड स्थित कड़ियां पुल के पास घेराबंदी कर दी।

तस्कर नदी के रास्ते भारत में दाखिल हो चुके थे और जब वे पुल के पास पहुंचे, तभी पुलिस ने उन्हें घेरकर दबोच लिया। सभी तस्कर गांजे की भारी खेप को पीठ पर लादे हुए थे। कुल सात पैकेट में 99.1 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस पूरे गिरोह में एक लाइनर की भूमिका भी सामने आई है, जो तस्करों को रास्ता और दिशा निर्देश देने का काम करता था। वह भी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान इस प्रकार की गई है:

प्रभु महतो, पिता कैलाश महतो, निवासीः भटवलिया, थाना संग्रामपुर
गोपी महतो, पिता महेंद्र महतो, निवासीः सागर चूडामन गांव, थाना केसरिया
मुन्ना पासवान, पिता किशोर पासवान, निवासीः माधोपुर मधुबालक, थाना तुरकौलिया
नवल यादव, पिता राम अयोध्या यादव, निवासीः आमवा, थाना तुरकौलिया
रविंद्र राय, पिता फुलेना राय
राजा महतो, पिता इचुआतर महतो, निवासीः माधोपुर जगवाडीह, थाना तुरकौलिया
श्यामलाल महतो, पिता योगेंद्र महतो, निवासीः भटवलिया, थाना संग्रामपुर
विनोद महतो, पिता महेंद्र महतो, निवासीः माधोपुर जोमडावा

पुलिस ने सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस गिरोह की नेपाल से भारत तक सक्रियता पर निगरानी बढ़ा दी गई है और अन्य संभावित नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

यह कार्रवाई क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी पर एक बड़ी चोट मानी जा रही है।

# खाता-खेसरा चढ़वाने में हो रही देरी से किसान परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (मोतिहारी)।** पूर्वी चंपारण के कोटवा अंचल कार्यालय में व्याप्त लापरवाही से रैयती किसान बुरी तरह परेशान हैं। सरकार की ओर से चल रहे भूमि सर्वेक्षण के बीच किसान अपने जमीन से संबंधित दस्तावेजों को दुरुस्त कराने में जुटे हैं, लेकिन अंचल कार्यालय में बैठे अधिकारी और कर्मचारी उनकी राह में रोड़ा बनते नजर आ रहे हैं। जसौली पंचायत के किसान राकेश सिंह की जमाबंदी में छह एकड़ 42 डिसमिल जमीन दर्ज है। उन्होंने वर्ष 2024-25 तक की रसीद भी कटवा ली है। बावजूद इसके ऑनलाइन रिकॉर्ड में खाता और खेसरा नंबर अब तक अपडेट नहीं हुआ है। राकेश सिंह ने 8 अक्टूबर 2024 को 'परिमार्जन प्लस' पोर्टल पर आवेदन संख्या 240252491107949 से आवेदन दिया था। सरकार की ओर से मोबाइल पर यह संदेश भी आया कि आवेदन निष्पादित हो चुका है, लेकिन जब उन्होंने ऑनलाइन स्थिति देखी तो वह अब भी 'पेंडिंग' दिखा रहा है। राकेश सिंह पिछले सात माह से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। ऐसे कई मामले अंचल कार्यालय में लंबित हैं, जिससे किसान वर्ग में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार 'परिमार्जन प्लस' आवेदन के निष्पादन की समय सीमा 90 दिन निर्धारित है, लेकिन सात माह बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं होना अंचल कार्यालय की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इससे पहले एक अन्य किसान के दाखिल-खारिज को गलत खाता-खेसरा के आधार पर रिजेक्ट कर दिया गया था। जब मामला बढ़ा, तो अंचलाधिकारी ने वरीय पदाधिकारी को पत्र लिखकर इसे मानवीय भूल बताया। कोटवा अंचल कार्यालय में फैली अनियमितताओं को लेकर स्थानीय विधायक ने हाल ही में बैठक कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया था। साथ ही विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाकर मंत्री से अंचल कार्यालय में सुधार की मांग की थी।

# गैस टैंकर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र जीवधारा चौक के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक गैस टैंकर की ठोकर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई वहीं एक अन्य घायल हो गया। मृतक की पहचान जीवधारा मुसहर टाली के लालबाबू माझी के 25 वर्षीय पुत्र बसंत माझी के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक की शादी इसी माह में 11 तारीख को हुई थी। मौत बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर एनएच जाम कर दिया।

# अटल श्री किसान उत्पादक संगठन द्वारा किसानों के बीच मक्का और बाजरा के बीज का निःशुल्क वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के पतौरा स्थित अटल श्री किसान उत्पादक संगठन के कार्यालय में फसल विविधीकरण पर पायलट परियोजना के तहत संगठन के सदस्य किसानों के बीच मक्का, मड़वा और बाजरा के बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सत्यम कुमार ने की, जबकि संचालन सचिव साकेत कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्यम कुमार ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (एसीआर) और कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), पिपराकोठी के सहयोग से पतौरा में 30 एकड़ भूमि पर मक्का और बाजरा की खेती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और उन्हें अधिक लाभ सुनिश्चित करना है। बीज वितरण समारोह में हरिमोहन भगत, राघवेंद्र, विश्वनाथ पंडित, मोतीलाल पटेल, संजीत प्रसाद, प्रिंस कुमार शाह, सोनू कुमार दुबे, सत्येंद्र शाह, राजेश श्रीवास्तव, राजेश पटेल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न, विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण में आम आदमी पार्टी (आप) की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला संगठन मंत्री सुजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में नरसिंह बाबा मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को मजबूत करना और संगठन का विस्तार करना था। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में निम्नलिखित विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गईः कल्याणपुर विधानसभाः कौशल कुमार, नरकटिया विधानसभाः ईश्वरचंद्र त्रिपाठी, सुगौली विधानसभाः अमरेश्वर कुमार मिश्रा, केसरिया विधानसभाः अजय कुमार यादव, गोविंदगंज विधानसभाः पंडित राहुल कुमार, हरसिद्धि विधानसभाः जगदेव दास।

इसके अतिरिक्त, हरसिद्धि प्रखंड अध्यक्ष के रूप में राजू कुमार कुशवाहा को नियुक्त किया गया।

**संगठन विस्तार पर जोर**

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संगठन विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर ईश्वरचंद्र त्रिपाठी, बिपीन सहनी, रामाधार राय, अमरेश्वर कुमार मिश्रा, पंडित राहुल कुमार तिवारी, कौशल कुमार, जगदेव दास, गयासुद्दीन सामनी, राजू कुमार कुशवाहा सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। आम आदमी पार्टी ने इस बैठक के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया कि वह बिहार विधानसभा चुनाव में पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरेगी।

# औकाफ की सुरक्षा प्रत्येक मुसलमानों की नैतक व मजहबी जिम्मेवारी-अमीर-ए-शरीयत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** औकाफ कौम की अमानत है और उसकी सुरक्षा देश के प्रत्येक मुसलमानों की नैतिक व मजहबी जिम्मेवारी है। जबतक सरकार यह कानून वापस नहीं ले लेती,तब तक देश का मुस्लिम समाज खामोश नहीं रहेगा। उक्त बातें अमीर-ए-शरीयत बिहार, झारखंड, उड़ीसा व पश्चिम बंगाल हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने शुक्रवार की रात शहर के मठिया जिरात स्थित ईदगाह में इमारत-ए-शरीया पूर्वी चंपारण द्वारा आयोजित जिला स्तरीय औकाफ संरक्षण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। संशोधन बिल को काला कानून करार देते हुए मुसलमानों से लंबी लड़ाई लड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि वक्फ संपतियां मुसलमानों के धार्मिक व सामाजिक कल्यार्ण के लिए समर्पित है और इसमें किसी भी प्रकार की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं है. वक्फ संपियों के इस्तेमाल की बाबत विस्तार से जानकारी दी और कहा कि भ्रम फैलाकर देशवासियों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। वक्फ के बारे में हर मुसलमानों के साथ देश के अमन पंसद सेक्यूलर लोगों को बताने का आह्वान किया और कहा कि सबों के सहयोग से इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। नरकटिया विधायक डॉ. शमीम अहमद ने कहा कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। वक्फ की संपतियों को हड़पने की के लिए यह कानून लायी गयी है। पूर्वी चंपारण के काजी प्रसिद्ध उलेमा मुफ्ती रेयाज अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया और भीड़ से चट्टानी एकता के साथ आंदोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। मौके पर नायब काजी मुफ्ती वसी अहमद, डॉ.तबरेज अजीज, सैयद साजिद हुसैन, डॉ.एसएम मिन्नतुल्लाह, डॉ.सबा अख्तर, डॉ. शमीमूल हक, अशरफ अली अंसार, डॉ.एमयू अख्तर, ओजैर अंजुम, इन्तेजारूल हक, मौलाना एहसानुल्लाह, मौलाना बदीउज्जमा, हामिद जफर, तारीक अनवर, डॉ. नौशाद व मुफ्ती साजिद इकबाल कासमी ने अपने अपने विचार व्यक्त किया।

# छात्र-छात्राओं को विधायक ने मेडल देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय झखड़ा के प्रांगण में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह एक सभा करके संपन्न किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक सुनील मणि तिवारी ने बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों में कोई ना कोई प्रतिभा छिपी हुई है। जीवन का एक अंग खेल भी होता है यह जरूरी नहीं है कि बच्चे जो पढ़ने में कमजोर है वह खेल में भी कमजोर होगे इसलिए सभी गुरुजन एवं अभिभावक अपने बच्चों को खेल के प्रति रुचि जागृत करें। खेल प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने मंच का संचालन किया। प्रधानाध्यापिका बीना देवी ने बताया कि प्रखंड स्तरीय खेल के लिए इस संकुल से 50 बच्चों का चयन किया गया है। वहीं संकुल स्तरीय खेलकूद के सफल संचालन के लिए विधायक ने संकुल खेल प्रभारी संतोष कुमार तिवारी कबड्डी के कोच बसंत मणि, संजय कुमार मंडल, रमाशंकर पंडित, रवि शंकर, मुन्ना कुमार जायसवाल, प्रभात कुमार, मदन मोहन नाथ तिवारी एवं संजीत कुमार को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# नवयुवक पुस्तकालय में फीता काटकर समर कैंप का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** उद्योगपति भाजपा नेता यमुना सीकरिया के द्वारा नवयुवक पुस्तकालय में फीता काटकर समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस कैंप का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच मोतिहारी शाखा, सृष्टि शाखा, मारवाड़ी महिला समिति के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। मंच अध्यक्ष कृष्णा राजगढ़िया महिला समिति अध्यक्ष, कंचन राजगढ़िया, सृष्टि शाखा अध्यक्ष राधिका राजगढ़िया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर यमुना सीकरीया का स्वागत किया। इस अवसर पर सीकारीया ने बताया गर्मी छुट्टी में बच्चों को पढ़ाई के अलावा बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हेतु नई-नई गतिविधिया सिखाई जायेगी। इस एक हफ्ते के कैंप में बच्चों के द्वारा चेस, आर्ट पेंटिंग, शहर भ्रमण, चरखा पार्क युद्ध के कला में प्रवीण किया जाएगा अपनी संस्कृति के बारे में बताया जाएगा, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताया जाएगा । इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, उर्मिला गारोदिया, विपुल जालान, प्रतिभा शर्मा, शालू मोदी, रवि केजरीवाल, मौसम जालान, दीपा लोहिया, अनिरुद्ध लोहिया, प्रतिक केडिया,मंजू जालान, अंजू अग्रवाल, काजल केडिया, श्वेता अग्रवाल उपस्थित थे।

# खेल के प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना, युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना मुख्य उदेश्य : निदेशक

## खेल मैदान निर्माण कार्य में पूर्वी चम्पारण जिला राज्य में अव्वल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान बनाने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना, युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना सहित अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसमे राज्य सरकार की पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के तहत पंचायत स्तर पर खेल मैदानों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमे पूर्वी चम्पारण जिला बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूर्वी चम्पारण जिले में कुल 333 खेल मैदानों के निर्माण के लिए स्थल को चिन्हित किया गया था, जिसमें 330 स्थानों पर कार्य प्रारम्भ किया गया था, इसमे 259 खेल मैदानों का कार्य पूर्ण होने यह जिला बिहार में अव्वल स्थान प्राप्त कर अपनी परचम लहराया है। उक्त जानकारी देते हुए डीआरडीए के निदेशक डॉ. कुंदन ने बताया कि जिले में कुल 396 पंचायत है जिसमें जिसमें खेल मैदान के लिए अभी तक 333 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां 330 स्थलों पर कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसमे 259 जगहों पर खेल मैदान बनकर पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है। उन्होंने बताया कि बास्केटबॉल के लिए 298 जगह पर ढलाई कार्य पूरा हो गया है वही 13 स्थानों पर लंबित बास्केटबॉल की ढलाई की गई है। खेल मैदान में बास्केटबाल, बालीबॉल, बैडमिंटन, रनिंग ट्रैक, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित स्टोर रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं।उन्होंने बताया कि पूर्वी चम्पारण जिला 77.78% कार्य पूर्ण कर राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त किया है, जबकि नवादा दूसरे और बक्सर जिला तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि पूर्वी चम्पारण जिले के अरेराज, पहाड़पुर, पिपराकोठी और तेतरिया प्रखंड अपने लक्ष्य के अनुरूप प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि कल्याणपुर 87.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर दूसरे तथा चिरैया प्रखंड 86.96 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर तीसरे स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि यह जिला अपना प्रथम स्थान क़ायम रखे इसके लिए कार्य योजना बना बेहतर तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिले को प्रथम स्थान प्राप्त होने से जिला गौरवांवित हुआ है और जिलेवासी बधाईयां दे रहे है।



# प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य पांच पौधा लगाना : गायत्री परिवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 208वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के कुमड्डी सूर्य मंदिर के प्रांगण में किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के सस्वर पाठ एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित मखदुमपुर प्रखंड प्रमुख के पति सुबोध कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि कम से कम प्रत्येक वर्ष 05 पौधा लगाकर उसकी



देखभाल करें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। पौधरोपण कार्यक्रम से युवाओं का जुड़ना पर्यावरण संरक्षण में एक सकारात्मक कदम है। गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए गौरव का क्षण है। पौधरोपण कार्यक्रम गायत्री परिवार के द्वारा प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चलाया जाता है। अभी तक जिले में लगभग 40000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को अनवरत चलता रहेगा जब तक की पर्यावरण संतुलित ना हो जाय। कुछ दिनों में बारिश का मौसम आने वाला है इस बारिश के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगायें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस अवसर पर प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के रंगेश कुमार, कौशल कुमार, श्यामनारायण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, विनोद कुमार, विजय कुमार,नवीन कुमार रौशन, मनोज मिश्रा, मंदिर के पुजारी श्री श्री 1008 बालक दास जी महाराज, धिरंजन कुमार, प्रमोद कुमार, संजय यादव, पप्पू कुमार उपस्थित थे।

# पटना-गया मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, गलत ओवरटेक और यू-टर्न में महिला घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पटना-गया मुख्य मार्ग पर कनौदी के समीप एक तेज़ रफ़्तार बाइक और कार की टक्कर में बाइक सवार महिला घायल हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बाइक सवार ने डिवाइडर पर गलत तरीके से यू-टर्न लेने की कोशिश की और कार को खतरनाक ढंग से ओवरटेक कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक युवक और एक महिला बाइक से जहानाबाद से पटना की ओर जा रहे थे। कनौदी के पास युवक ने डिवाइडर पर चढ़ाकर अचानक यू-टर्न लेने का प्रयास किया। उसी दिशा में एक कार भी पटना की ओर जा रही थी। बाइक सवार ने कार को गलत तरीके से ओवरटेक किया और अचानक यू-टर्न लेने लगा। कार चालक ने टक्कर से बचने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित हो गया और बाइक से टकरा गया। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार 50 वर्षीय महिला सोनपति देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के तुरंत बाद कार चालक ने जिम्मेदारी दिखाते हुए स्थानीय प्रशासन की मदद से घायल महिला को जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि बाइक सवार ट्रैफिक नियमों का पालन करते तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी।यह घटना एक स्पष्ट चेतावनी देती है कि सड़क पर जरा सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें, ताकि खुद की और दूसरों की जान सुरक्षित रह सके।

# अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू ने नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अंजुमन तरक़्क़ी-ए-उर्दू के तत्वावधान में रविवार को समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हाल ही में चयनित सहायक उर्दू अनुवादकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की भी शुरुआत की। समारोह के मुख्य अतिथि संतोष श्रीवास्तव रहे, जबकि मंच संचालन अंजुमन के प्रतिनिधि ग़ुलाम असदक़ ने किया। उन्होंने कोचिंग कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जिले के उर्दू भाषी युवाओं को सरकारी नौकरियों में अधिक अवसर प्रदान करना है। कोचिंग में पाठ्यक्रम के साथ-साथ परीक्षा



रणनीति, उत्तर लेखन कौशल और साक्षात्कार की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और इस पहल को अपने भविष्य निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उपस्थित छात्रों ने इसे उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार और युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। समारोह में शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिन्होंने अंजुमन तरक़्क़ी-ए-उर्दू की इस पहल की सराहना की और इसे उर्दू भाषा के पुनर्ज़ागरण के लिए प्रेरणादायक बताया।

CMYK

# 28 सालों से फरार कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

## एसटीएफ एवं औरंगाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद/ गोह।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप एसटीएफ और औरंगाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 28 वर्षों से फरार चल रहे कई कांडों में वांछित व कुख्यात नक्सली अर्जुन पासवान को गिरफ्तार किया है। आरोपित पुलिस के डर से लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, लेकिन पुलिस के बिछाए जाल में आखिरकार वह फंस ही गया। उसे बंदेया थाना क्षेत्र के गंगटी मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। अर्जुन थाना क्षेत्र के ही चपरा का रहने वाला है। इसका अपराधिक इतिहास रहा है। औरंगाबाद और गया जिले के विभिन्न थानों में वांछित और कुख्यात अपराधियों में उसका नाम शामिल है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि औरंगाबाद जिला को अपराध एवं नक्सल मुक्त क्षेत्र बनाने के उद्देश्य से लगातार एसटीएफ के साथ सामंजस्य स्थापित कर कई अभियान चलाए जा रहे है। इसी अभियान के तहत औरंगाबाद जिला अंतर्गत विभिन्न नक्सली कांडों में संलिप्त तथा 28 वर्षों से फरार चल रहे नक्सली अर्जुन पासवान की गिरफ्तारी हेतु औरंगाबाद पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त विशेष टीम का गठन कर तकनीकी एवं ह्यूमन इन्टेलीजेंस से प्राप्त सूचना के अधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में सूचना के आधार पर गंगटी मोड़ पर घेराबंदी करते हुए आरोपित को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। एसपी ने बताया कि औरंगाबाद पुलिस एवं एसटीएफ के द्वारा किये गये संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाए जाने हेतु छापामारी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ औरंगाबाद जिले के गोह में तीन, बंदेया में दो एवं गया जिले के गुरारू थाना में एक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा गया जिले के अनुमंडलीय न्यायालय शेरघाटी से इसके विरूद्ध वारंट भी निर्गत किया जा चुका है। आवश्यक कार्रवाई के बाद कुख्यात नक्सली को जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में बंदेया थानाध्यक्ष सूरज कुमार, एसआई कृष्णा राय सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।



## मांगों के समर्थन में धरना देगा भारतीय किसान यूनियन

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** भारत माला परियोजना के तहत निर्माणाधीन वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन कल 27 मई को प्रखंड मुख्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों को उचित मुआवजा दिए बगैर अन्यायपूर्ण तरीके से किसानों के जमीन पर कब्जा करना चाहती है वहीं दूसरी तरफ अंचल कार्यालय में अधिकारियों द्वारा परिमार्जन प्लस, खाता- खेसरा में सुधार और जमाबंदी कायम नहीं किया जा रहा है। यह किसानों के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने किसानों का आह्वाहन करते हुए कहा कि आंदोलन के बल पर ही किसानों की समस्याओं का निराकरण हो सकता है।

# बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने पर भाजपा का जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा रोड स्थित भाजपा कार्यालय में तीनों मंडल रफीगंज ग्रामीण, नगर और भदवा मंडल के संयुक्त सांगठनिक कार्यसमिति कि बैठक सह बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक कि अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू एवं संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के संगठन को बुथ स्तर पर मजबूत करने को लेकर हम लोगों को जनसंपर्क अभियान के तहत गांव-गांव जाकर लोगों से मिलना होगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर जोर दिया गया और बताया गया कि अगर बूथ मजबूत हो जाएगी तो हमारी सरकार जरूर बनेगी। बैठक में आगामी 30 मई को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज में होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने को लेकर चर्चा किया गया। तीनों मंडलों के मंडल कार्यसमिति का घोषणा की गई। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने किया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, भाजपा महामंत्री सह पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ. गोपाल प्रसाद, मंडल महामंत्री शशिभूषण मिश्रा, मुखिया सह उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, भाजपा नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, नगीना देवी, महामंत्री शिवनारायण साव, मनोज कुमार सिंह, अशोक प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, सुदय कुमार सिंह, लूटन सिंह, बिमलेश पासवान, रंजीत कुमार शर्मा, डॉ आर कुमार, पिंकी देवी, जयमनी देवी, वर्षा देवी, सरोज देवी, लालो देवी, अरविंद राज सिंह, सूरज कुमार, हार्दिक सिंह राजपूत, रिंटू मिश्रा, मनोज कुमार चंद्रवंशी, विजय चौधरी, रवि कुमार समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विशेष शिविर लगा बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

**जगदीशपुर (भोजपुर)/ नबिटा संवाददाता।** जगदीशपुर नगर पंचायत कार्यालय में आज से तीन दिन तक विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। यह शिविर आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयोजित होगा। शिविर की निगरानी कार्यपालक पदाधिकारी स्वयं करेंगे। शिविर 26 मई से 28 मई तक चलेगा। जानकारी देते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय परिसर में शिविर के माध्यम से लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा ध्वनि प्रसार के माध्यम से प्रचार किया गया है। साथ ही नगर पंचायत के सभी कर्मियों, सफाई कर्मियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और पार्षदों के साथ बैठक कर जानकारी दी गई है। शिविर में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को प्राथमिकता दी जाएगी। आयुष्मान कार्ड एक स्वास्थ्य बीमा कार्ड है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।

# हड़ियाही नहर के अधूरे कार्य को जल्द करें पूरा : सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद से अभी तक क्षेत्र के किसी सांसद या विधायक ने किसानों के लिए अति महत्वाकांक्षी बटाने शीर्ष परियोजना हंड़ीयाही नहर के अधूरे काम को पूरा कराने के लिए सार्थक प्रयास नहीं किया जिसका नतीजा है कि 45 वर्ष बीत जाने के बाद भी हंड़ीयाही नहर अर्द्धनिर्मित और बदहाल स्थिति में है। बटाने शीर्ष परियोजना हंड़ीयाही नहर के निर्माण की परिकल्पना उत्तर कोयल नहर के दक्षिणी इलाके के असिंचित भूमि को सिंचित करने के उद्देश्य से बनाया गया था। नहर के बन जाने से औरंगाबाद जिला के नबीनगर, कुटुंबा एवं देव प्रखण्ड के लाखो हेक्टेयर सुखाड़ से प्रभावित होने वाली असिंचित भूमि में पानी मिलने से इलाके को पिछड़ापन तथा उग्रवाद जैसी समस्या से भी हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता और इस इलाके के किसान और मजदूर को पलायन करने पर मजबूर नहीं होना पड़ता। डॉ. पासवान ने कहा कि सरकार के साथ विगत दो दशकों में इस क्षेत्र के सांसद-विधायक ने अपने जनता के प्रति जवाबदेही को निभाने में उदासीनता दिखाई है। जिसके चलते ही बटाने शीर्ष परियोजना हंड़ीयाही नहर का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। अभी भी समय है कि संयुक्त रूप से मौजूदा सांसद व विधायक को बिहार सरकार, झारखंड सरकार और केंद्र सरकार के समक्ष इस परियोजना को पूरा करने के लिए जोरदार आवाज उठानी चाहिए। यदि सरकार आवाज को अनसुना करे तो किसानों को एकत्रित कर आंदोलन की भी तैयारी करनी चाहिए। ताकि बरसों से लंबित इस अति महत्वाकांक्षी नहर के निर्माण कार्य को पूरा कराकर कर बटाने राइट एवं लेफ्ट कैनाल से किसानों की असिंचित भूमि को सिंचित किया जा सके।

## फरार वारंटी गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात्रि लभरी गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उक्त गांव निवासी मनोज साव के रूप में हुई है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गडहनी (भोजपुर)।** कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, पूर्व प्रमुख गडहनी श्याम कुमार मिश्र और डॉ केके सिंह फिजिशियन के सौजन्य से नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अमहारा, बिहटा, पटना द्वारा रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे डॉ के.के. सिंह, डॉ शशि रंजन, डॉ अनु प्रिया, डॉ भव्या एवं डॉ अफजल ने शिविर में आये हुए मरीजों के स्वास्थ्य का जांच किया। इस दौरान ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन और ईसीजी की जांच के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। वहीं शिविर के माध्यम से दवा वितरक अमित कुमार विशेष छूट के साथ मरीजो को दवा उपलब्ध कराई गई।

# मायापुर में पानी को लेकर मचा हाहाकार

## गांव के करीब 70 प्रतिशत चापाकल सूखे, नल-जल योजना भी ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** सोनहुली पंचायत के मायापुर गांव में पानी की भारी किल्लत से ग्रामीण बेहाल हैं। गर्मी की दस्तक के साथ ही गांव के करीब 70 प्रतिशत चापाकल सूख गए हैं, जबकि बचे हुए कुछ चापाकलों से भी पानी बहुत कम निकल रहा है। वार्ड संख्या 4 की स्थिति सबसे चिंताजनक है। यहां के ग्रामीण राकेश कुमार, पप्पू यादव, जैन यादव, जनार्दन तिवारी, नंदकिशोर यादव, भोला तिवारी और अयोध्या तिवारी ने बताया कि गांव में जो गिनती के चापाकल अभी भी चालू हैं, उनके आस-पास दिनभर लोगों की भीड़ लगी रहती है। सुबह से शाम तक बर्तन और डिब्बों में पानी भरकर लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड संख्या 4 में नल-जल योजना के तहत लगाए गए नल शुरुआत में कुछ दिन तो चले, लेकिन उसके बाद बंद हो गए। निवर्तमान मुखिया जमीरा देवी के कार्यकाल में नल-जल योजना का निर्माण हुआ था, पर समय के साथ पाइप फट गए और टंकियां उड़ गईं। लोगों ने बार-बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अब ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम को सूचना दी है। बीडीओ ने कहा कि विभागीय स्तर पर संपर्क कर नल-जल योजना को पुनः चालू कराने की कोशिश की जाएगी। चापाकलों की मरम्मत को लेकर पीएचडी के कार्यपालक अभियंता शमी अख्तर से संपर्क किया गया, जिनका कहना है कि बंद पड़े चापाकलों की मरम्मत के लिए मिस्त्री भेजा जाएगा।

**■ बंद पड़े चापाकलों की मरम्मति के लिए भेजा जाएगा मिस्त्री : कार्यपालक अभियंता**

# सभी बूथों पर सशक्त कमिटी बनाएगी भाजपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा में बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संचालन मंडल महामंत्री चंदन कुमार ने किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष के द्वारा 61 सदस्यीय मंडल कार्यसमिति का घोषणा किया गया जिसमें 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष के साथ-साथ 45 सदस्यी कार्यसमिति की घोषणा हुआ। प्रत्येक बूथों पर सशक्त बूथ कमेटी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री सुबोध सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया रहें। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हमारा बूथ सबसे मजबूत के संकल्प के साथ सभी बूथों पर एनडीए उम्मीदवार के जीत सुनिश्चित करने पर बल दिया तथा ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ सेना के जवाबी कार्रवाई को नमन किया। इसके साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन 30 मई 2025 शुक्रवार को बिक्रमगंज के पावन धरती पर होने जा रहा है।

# पीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रचार रथ किया रवाना




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्यभान सिंह के द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर आरा शहर के गिरजा मोड़ से बड़हरा विधानसभा क्षेत्र में प्रचार- प्रसार के लिए रविवार को दो प्रचार रथ रवाना किया गया। रथ पूरे बड़हरा विधानसभा के सभी पंचायतों के गांवों में घूम-घूम कर आगामी 30 मई के कार्यक्रम की जानकारी देगा। जहां शाहाबाद की धरती पर बिक्रमगंज स्थित दुर्गाडीह मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में भोजपुर की धरती से लाखों लाख की संख्या में लोगों को पहुचाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। भाजपा नेता सूर्यभान सिंह ने बताया कि पीएम के द्वारा शाहाबाद के लिए विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं हजारों करोड़ों का सौगात बिहारवासियों को दी जाएगी। इसी संदर्भ में बड़हरा विधानसभा के लिए दो प्रचार रथ को अपने आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इस मौके पर भाजपा के कमलेश नारायण सिंह, डॉ मंजीत सिंह, वरुण सिंह, हरेंद्र सिंह, ठाकुर संजय सिंह, मृत्युंजय सिंह, चंद्रभान सिंह, बबलू शुक्ला, सूरज सिंह, बृजेश पांडेय, अजय सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के शंकरडीह गांव से महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनेष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शंकरडीह गांव में शराब की बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 30 लीटर महुआ शराब के साथ कारोबारी लूटन चौधरी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

# मांगों के समर्थन में माध्यमिक शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी कल करेंगे प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार प्रदेश माध्यमिक शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के बैनर तले औरंगाबाद जिला इकाई से जुड़े सभी अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी कल 27 मई को अपनी मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में संघ के संयोजक प्रदुम्न सिंह और सदस्य विवेक कुमार ने औरंगाबाद जिला पदाधिकारी को आवेदन प्रेषित किया है। आवेदन में बताया गया है कि बिहार के 715 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों पर राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्धारित वितरित संबद्धता नियमावली 2011 को लागू कर दिया गया है, जो शिक्षकों और कर्मियों के हित में नहीं है। प्रदर्शन में औरंगाबाद जिले के तमाम अनुदानित विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भाग लेंगे और इस नियमावली के विरोध में संकल्प की प्रति भी जलाई जाएगी। संघ का कहना है कि सरकार की यह नीति शिक्षकों के अधिकारों का हनन है और इसके खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है। संघ द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी और अनुमंडल के संबंधित अधिकारियों को भी आवेदन की प्रतिलिपि भेजी गई है। प्रदर्शन को लेकर जिले में तैयारियां चल रही हैं और शिक्षकों में भारी रोष देखा जा रहा है।

# शिक्षाविद तारिणी बाबू की पुण्यतिथि पर भजन संध्या का आयोजन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** नबीनगर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद व समाजसेवी स्व. तारिणी प्रसाद की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगरवासियों के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि सभा सह भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार 26 मई को शाम 6:00 बजे से रात 12:00 बजे तक नबीनगर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा उर्फ मुन्ना बाबू के चेयरमैन रोड स्थित आवास पर आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक अजय कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि हर वर्ष की भांति इस बार भी स्व. तारिणी बाबू की पुण्यतिथि को सामाजिक समर्पण एवं सांस्कृतिक भावनाओं से जोड़ते हुए आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देशभर में चर्चित गायक धीरजकांत और प्रसिद्ध गायिका डिंपल भूमि द्वारा दी जाएगी। दोनों कलाकारों की उपस्थिति इस आयोजन को एक विशिष्ट रंग देगी। गौरतलब है कि स्व. तारिणी प्रसाद न केवल शिक्षा जगत में अपनी बौद्धिकता व अनुशासन के लिए प्रसिद्ध रहे, बल्कि उन्होंने सामाजिक चेतना के कई अभियानों का नेतृत्व भी किया। उनका जीवन समर्पण, संस्कार और सेवा का प्रतीक था और आज भी नबीनगर में उनकी स्मृतियाँ जीवंत हैं। अजय कुमार सिन्हा ने यह भी बताया कि ''तारिणी बाबू की पुण्यतिथि महज एक स्मृति नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है। हर वर्ष उनके सम्मान में हम समाजसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधरोपण, जरूरतमंदों को सहायता जैसे अभियान चलाते हैं, ताकि उनका सपना– एक शिक्षित, संवेदनशील और सशक्त समाज–साकार हो सके। इस आयोजन में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता, जीविका समूह की महिलाएं, छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों के उपस्थित रहने की संभावना है। आयोजकों ने आमजनों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित करें और भजन संध्या में भाग लें। स्व. तारिणी बाबू की पुण्यतिथि पर आयोजित यह सांस्कृतिक-सामाजिक संगम न केवल उन्हें श्रद्धांजलि है, बल्कि उनके मूल्यों को पीढ़ियों तक पहुंचाने का प्रयास भी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अब तक नहीं बन सकी पक्की सड़क, ग्रामीण परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड क्षेत्र के नीमड़ी हरख टोले गांव के ग्रामीण पक्की सड़क के अभाव में असुविधापूर्ण स्थिति में आवागमन कर रहे हैं, लेकिन मांग के बावजूद भी ग्रामीणों को पक्की सड़क की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। पानी निकासी की सुविधा तो दूर बरसात के दिनों में ग्रामीणों का मुख्य रोड तक दोनों दिशाएं (दक्षिण एवं पश्चिम) में मुख्य सड़क तक का रास्ता बंद हो जाता है मगर अभी तक गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। सुविधा नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा। यह कच्ची सड़क हरख विगहा से आशापुर व बाजितपुर मुख्य सड़क में जुड़ जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि औरंगाबाद गया का सीमावर्ती इलाका है। दोनों जिला का सीमावर्ती इलाका होने के कारण जनप्रतिनिधि कच्ची सड़क को पक्की सड़क निर्माण पर ध्यान नहीं देते हैं। हालांकि इस कच्ची सड़क का इलाका पूरा अमारी पंचायत के वार्ड नम्बर 9 के अंतर्गत आता है, परंतु हर वर्ष मनरेगा के तहत कच्चा वर्ग का कार्य किया जाता है, परंतु पक्की सड़क पर किसी का ध्यान नही जाता है। बरसात के समय अपने ही पंचायत मुख्यालय में 8 किलोमीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता है, जबकि सड़क बन जाने के बाद यह दूरी घटकर 2 किलोमीटर हो जाएगी। इस संबंध में ग्रामीण पिंटू विश्वकर्मा, बिगन कुमार, विजय मिस्त्री, चंदू चंद्रवंशी, सिकंदर विश्वकर्मा, चुकन चंद्रवंशी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की है। मामले में बीडीओ के फोन नम्बर पर संपर्क करने की कोशिश की गई परंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। हालांकि क्षेत्र संख्या 6 के जिप प्रतिनिधि श्याम सुंदर ने उक्त टोले के ग्रामीणों को आश्वासन दिया है, पर अब देखना यह होगा कि कब तक सड़क का निर्माण हो पाता है।

# एनडीए कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के प्रति निकाली आभार यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार द्वारा मदनपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा पर एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया। ऐतिहासिक धार्मिक अध्यात्मिक भक्ति आस्था का केन्द्र मां उमंगेश्वरी शक्ति पीठ मंदिर प्रांगण उमगा से एनडीए गठबंधन कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री आभार यात्रा निकाली गई। यह यात्रा उमंगा से होकर मदनपुर मुख्य बाजार, एनएच- 19 से थाना रोड़, अस्पताल रोड़ होकर धर्मशाला परिसर पहुंचा जहां एक सभा में परिणत हो गई। सभा में पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मदनपुर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले मदनपुर को पुलिस अनुमंडल का दर्जा दिया। इसके बाद नगर पंचायत का दर्जा देकर लोगों को गौरवान्वित किया है। यात्रा के दौरान केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में तेजी से सर्वांगीण विकास हुआ है। रोड, बिजली, पेयजल, घर-घर नल का जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, फ्री राशन, 10-12 लाख युवाओं को शिक्षक, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों में सरकारी नौकरी देने का काम किया गया है। राज्य में केन्द्र की सरकार के सहयोग से विकास की बहुत सारे कल्याणकारी योजनाएं चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है। राज्य में पुनः एनडीए की सरकार बनी तो हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। युवाओं को सरकारी नौकरी देने के साथ ही सभी बेरोजगारों को स्वरोजगार परक प्रशिक्षण देकर रोजगार दिया जाएगा। यात्रा में शामिल 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शमशेर सिंह, जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, सतीश कुमार पाठक, उमा शंकर सिंह, भरत कुमार मेहता, सुखाड़ी सिंह भोक्ता, 20 सूत्री सदस्य मुनी देवी, जेडीयू पर प्रखंड सचिव संजीव कुमार पाठक, उपाध्यक्ष जयकुमार सिंह, विक्की कुमार, सोनू कुमार सिंह, विनय कुमार चंद्रवंशी, प्रेम कुमार, मंडल भाजपा अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, अजय कुमार पाठक, अभिमन्यु प्रसाद सिंह शामिल थे।

**● रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के कोटवारा गांव के आहर के समीप से अज्ञात चोरों द्वारा स्टार्टर चोरी करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। इस मामले में कोटवारा गांव के कैलाश प्रसाद के पुत्र अमरजीत कुमार ने बताया कि मेरे समरसेबल बोरिंग पर अज्ञात चोरों द्वारा लगा हुआ स्टार्टर एवं तार काटकर चोरी कर लिया गया है साथ ही गांव के ही राम रहीम सिंह मुकेश पासवान एवं महेंद्र यादव का भी स्टार्टर एवं तार चोरी कर लिया गया है।

# सोमवार को सभी थानों में होगा हथियारों का सत्यापन

## एसडीएम ने थानों में प्रतिनियुक्त किये दंडाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अनुमंडल प्रशासन ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए हथियारों के सत्यापन की तिथि निर्धारित कर दी है। 26-27 मई को सभी थानों पर कैंप लगाकर हथियारों का सत्यापन किया जाएगा, ऐसे सोमवार को मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों में शिविर लगाकर हथियारों का सत्यापन किया जाएगा। जिसको लेकर सभी थानों में दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी है। मसौढ़ी थाना में अनुमंडल दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एवं अंचलाधिकारी वही धनरूआ में बीडीओ, सीओ पुनपुन में कार्यपालक दंडाधिकारी इंद्राणी कुमारी एवं सभी जगह पर बीडीओ, सीओ मजिस्ट्रेट के रूप में लगाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि दूसरे राज्यों के हथियार तब तक थानों में ही जमा रहेंगे जब तक की संबंधित राज्य से उनका सत्यापन नहीं हो जाता है, एसडीएम ने जारी आदेश में कहा है कि सभी हथियारों के लाइसेंस का नवीनीकरण 5 साल पर और हथियारों का सत्यापन हर साल करना है, हथियारों के सत्यापन के लिए 26-27 मई को मसौढ़ी थाना, धनरूआ थाना, भगवानगंज, पुनपुन, पिपरा, कादिरगंज थाना मे हथियारों का भौतिक सत्यापन मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में होगी, भौतिक सत्यापन होगा, जिसको लेकर अनुमंडल स्तर पर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई जो सुबह 10:30 से शाम 4:00 बजे तक थाना पर रहेंगे, हथियारों के दस्तावेज पर सत्यापन का वर्ष व तिथि भी अंकित की जाएगी, इसके लिए सभी थानाध्यक्ष अपनी थाना शस्त्र पंजी के अनुसार सभी अनुज्ञप्तिधारियों को चौकीदार या दफादार के माध्यम से लिखित सूचना भी तामिला कराया ताकि सभी को सूचना मिल सके।

# भर ले उड़ान सीजन 9 समर कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** भर ले उड़ान सीजन 9 समर कैंप का उद्घाटन समारोह बहुत ही उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन 25 मई से लेकर 14 जून तक आयोजित होगा। 14 जून को ग्रैंड फिनाले पटना के ए.एनकॉलेज में होगा। इस अवसर पर संस्था की सचिव स्वीटी पंडित, अध्यक्ष कोमल पांडेय और उपाध्यक्ष सौरभ भारती पासवान उपस्थित थे। इसके अलावा टीम के सदस्य गुड़िया, हर्षिता, अमृता, अंशु और भरले उड़ान के सभी सदस्य भी इस समारोह में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान, अमिया और काव्य ने अपने कराटे कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया और उन्हें कराटे सर्टिफिकेट और बेल्ट से सम्मानित किया गया। यह उनके लिए एक बहुत बड़ा सम्मान था और उनकी मेहनत का परिणाम था।




इसके अलावा, आदित्री, सृष्टि, आयुष, अनुप्रिया, आयुषी, आयुष्मान, सौहार्द, श्रीनिका, आदर्श, अनन्या, सार्थक, चीनमय और अन्य बच्चों ने नृत्य, कला और पेंटिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी बच्चों ने अपनी कला और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया और दर्शकों का मन मोह लिया। टीम ने इस समारोह को सफल बनाने के लिए बहुत मेहनत की और सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। उम्मीद है कि यह समर कैंप बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव होगा और उन्हें अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।टीम ने अपने सभी अतिथियों, अभिभावकों और बच्चों का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इस समारोह को सफल बनाया। हमें विश्वास है कि यह समर कैंप हमारे बच्चों के लिए एक सुनहरा भविष्य बनाने में मदद करेगा।

## एक नजर

### हंगामा कर रहे तीन पियक्कड़ गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी मेनरोड स्थित देर शाम को शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन पियक्कड को लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया बाद में तीनों पियक्कड़ों की जांच ब्रेथ एनेलाइजर से करने के बाद शराब पीने की पुष्टि होने पर पुलिस रविवार को तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि थाना के धनौती निवासी राहुल कुमार व नगर के प्रेमरोड लखीबाग निवासी सूरज कुमार एवं मेनरोड रजिस्ट्री के पास रहने वाला साहिल कुमार किसी पार्टी में जाने के पहले शराब पी ली और शराब के नशे में बीच सड़क पर राहगीरों के साथ बदसलूकी करने लगा। आसपास के लोग यह देख इसकी सूचना पुलिस क दे दिये। इधर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### जाम की समस्या को लेकर लिखा पत्र

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुल्हिनबाजार में पाली-बिक्रम मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए दुल्हिनबाजार के थानाध्यक्ष भृगुनाथ सिंह ने पालीगंज के अनुमंडल पदाधिकारी अमनप्रीत सिंह को पत्र लिखा है। पत्र में थानाध्यक्ष ने बताया कि दुल्हिनबाजार चौक के पास सड़क के किनारे अवैध रूप से दुकानें और ठेले लग जाने से हर दिन जाम लग जाता है। त्योहारों और शादी-ब्याह के समय यह जाम और भी गंभीर हो जाता है। यह मुख्य सड़क आम लोगों के साथ-साथ कई विशिष्ट व्यक्तियों के आवागमन का भी मार्ग है। जाम के कारण लोगों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई होती है। इस स्थिति को देखते हुए थानाध्यक्ष ने एसडीओ से अनुरोध किया है कि वे दुल्हिनबाजार चौक के पास सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त करवाएं ताकि आम आवाम को यातायात व्यवस्था सुचारू हो और लोगों को राहत मिल सके।

### विवाहिता की मौत, पुलिस कर रही जांच

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेउर थाना क्षेत्र के 70 फीट इलाके में एक विवाहित युवती की मौत सनसनीखेज परिस्थिति में हो गई है. मृतका की पहचान शारदा कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी शादी तीन साल पहले राघोपुर से आकर 70 फीट इलाके में रहने वाले अमरजीत कुमार से हुई थी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम डेड बॉडी को पोस्टमार्टम में भेज कर अब एफ एस एल को बुलाकर साक्षरतरित किया. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# आयुष्मान कार्ड शिविर को लेकर पंचायतस्तरीय टीम गठित

## 17 नोडल पदाधिकारी, 58 पंचायत स्तरीय टीम का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, जिसको लेकर जिसको लेकर प्रखंड प्रशासन के द्वारा पंचायत स्तरीय टीम का गठन किया गया है, मसौढ़ी प्रखंड के 17 पंचायतों में पंचायत स्तरीय टीम जिसमें 58 कर्मचारी शिविर का हिस्सा होंगे, जिसमें 17 नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं, जबकि 58 पंचायत स्तरीय टीम का गठन किया गया है, प्रखंड स्तरीय 4 पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, जिसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को चार पंचायत, प्रखंड कृषि पदाधिकारी को पांच पंचायत, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी को चार पंचायत और जिला सहायक आपूर्ति पदाधिकारी को चार पंचायत की जिम्मेदारी तय की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि मसौढ़ी के सभी पंचायत में पंचायत स्तर पर और प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी के टीम गठित की गई है जो पंचायत में आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन के जिम्मेवार होंगे।इसके साथ ही उन्होंने बताया की 70 वर्ष एवं उसके अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक चाहे उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति कुछ भी हो आयुष्मान वंदना कार्ड से अच्छादित किया जाना है। सभी लाभार्थियों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए तक निशुल्क चिकित्सा का प्रावधान होगी। इस अभियान में आशा कार्यकर्ता, पंचायत स्तर पर कार्यरत पंचायती राज कार्यपालक सहायक एवं अन्य ऑपरेटर के माध्यम से कार्ड निर्माण किया जाएगा।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की ऑल-न्यू रिबेल 500

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने भारतीय बाजार में बहुप्रतीक्षित रिबेल 500 मोटरसाइकल लॉन्च की जो ब्रांड के प्रीमियम मोटरसाइकल पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस नई क्रूजर मोटरसाइकल की बुकिंग्स चुनिंदा बिगविंग टॉपलाइन डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी हैं। ऑल - न्यू 2025 होंडा रिबेल 500 की एक्स - शोरूम (गुरुग्राम) कीमत 5.12 लाख रखी गई है। यह मोटरसाइकल केवल गुरुग्राम, मुंबई और बेंगलुरु में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी जून 2025 से

**5.12 लाख रुपये है एक्स शो रूम कीमत**

शुरू की जाएगी। लॉन्च की घोषणा करते हुए होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हम भारत में विश्व स्तर पर प्रशंसित रेबेल 500 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इस बहुप्रतीक्षित क्रूजर मोटरसाइकल को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, और हमें विश्वास है कि यह भारतीय राइडर्स को भी उतना ही पसंद आएगी। अपने अनूठे डिज़ाइन, दमदार प्रदर्शन और होंडा की विश्वसनीय इंजीनियरिंग के साथ यह देशभर के अनुभवी व नए राइडर्स के साथ गहराई से जुड़ाव बनाएगी। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के निदेशक, सेल्स एवं मार्केटिंग योगेश माथुर ने कहा, हम रेबेल 500 को भारतीय बाजार में लाकर बेहद रोमांचित हैं। अपने दमदार लुक, टॉर्की इंजन और आरामदायक एर्गोनॉमिक्स के साथ, यह मोटरसाइकल उन राइडर्स के लिए एकदम उपयुक्त है जो एक प्रभावशाली और आत्मा से जुड़ी मशीन की तलाश में हैं।

## पेज 1 का शेष

### बिहार चुनाव व सुशासन...

भी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा था कि यह सेना का शौर्य है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई। नक्सलवाद को लेकर जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को बताया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कैसे किया है।

### सड़क हादसे में पिता...

थानाध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो नई रेलगाड़ियों...

और जूनागढ़ राजकोट, विरागम होते हुए 21:35 पर साबरमती स्टेशन पहुंचेगी। चांदलोडिया स्टेशन पर अभी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डेवलपमेंट के काम हो रहे हैं जिनका पूरा किए जाने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस का वाणिज्यिक ठहराव चांदलोडिया स्टेशन पर प्रारंभ होगा। गुजरात में यात्रियों की सुविधा के लिए दूसरी एक्सप्रेस गाड़ी वलसाड दाहोद एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 19011 प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे वलसाड स्टेशन से खुलेगी और बीलीमोरा, नवसारी, सूरत वडोदरा, गोधरा होते हुए 11:05 पर दाहोद स्टेशन पहुंचेगी वापसी में यह गाड़ी दाहोद स्टेशन से 11:55 पर खुलेगी और 20:05 पर वलसाड स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 17 कोच होंगे। ट्रेन में एग्जीक्यूटिव क्लास का एक कोच, थर्ड एसी का चार कोच और सेकंड क्लास के 10 कोच लगाए जाएंगे। इसके अलावा गार्ड सह पार्सल वान के दो कोच होंगे। एक गार्ड वान में दिव्यांग यात्रियों के बैठने की सहूलियत प्रदान की जाएगी।

### बड़े पैमाने पर हो रही ...

अंतर्गत 22 करोड़ रुपये की लागत से जीएनएम एवं पारा मेडिकल संस्थान का निर्माण कार्य भी सदर अस्पताल परिसर में कराया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु जिले के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 20 शैय्या युक्त प्री-फैब वार्ड तथा मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम (एमजीपीएस ) की अधिष्ठापना की गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में यह सतत प्रगति राज्य सरकार की दूरदर्शिता, जनकल्याण की प्रतिबद्धता तथा प्रशासनिक तत्परता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को समय पर प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, सिविल सर्जन डा. विनोद कुमार सिंह, भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी सहित कई अन्य पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### जीविका से जुड़कर 1.35 करोड...

इससे जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, प्रबंधक संचार मोहम्मद अनवर हुसैन, प्रबंधक संस्था निर्माण एवं क्षमता वर्धन रणंजय कुमार, ओबरा की प्रखंड परियोजना प्रबंधक सविता कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक अरुण कुमार एवं विमल कुमारी, सामुदायिक समन्वयक भरत कुमार एवं अवंती कुमारी सहित कई पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जीविका समूह से जुड़ी रंजीती देवी, उषा देवी, चन्द्रावती कुमारी, निशा सिंह, रानी कुमारी आदि द्वारा अपने अनुभव साझा करने से हुई। महिलाओं ने बताया कि कन्या उत्थान योजना, साइकिल योजना, बालिका पोशाक योजना तथा छात्रवृत्ति योजनाओं से उन्हें न सिर्फ़ आर्थिक सहयोग मिला बल्कि आत्मविश्वास और पहचान भी मिली है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार बेटियों के जन्म से लेकर स्नातक तक आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। विद्यालय जाने वाली छात्राओं को पोशाक और साइकिल योजना का लाभ दिया जाता है, वहीं मैट्रिक, इंटर और स्नातक पास करने पर छात्रवृत्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 35% आरक्षण देकर राज्य सरकार ने उन्हें निर्णय लेने की भूमिका में लाने का मार्ग प्रशस्त किया है। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और उपस्थित महिलाओं एवं जनसमूह ने राज्य सरकार की योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की खुले दिल से सराहना की। मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता सह राजनीतिक सलाहकार डा. निर्मल कुशवाहा भी मौजूद थे।

# अनुमंडल कंट्रोल रूम में सीसीटीवी की मॉनीटरिंग नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** तीसरी आंख से शहर की निगरानी को लेकर तकरीबन 125 कैमरे शहर के चप्पे चप्पे पर चौक चौराहे पर लगा दिए गए हैं। लेकिन सवाल उठता है कि कैमरे तो अनुमंडल कार्यालय के कंट्रोल रूम में लगा दिए गए हैं लेकिन इसकी मॉनिटरिंग कौन करेगा और मॉनिटरिंग कैसे होगी इसका कोई अभी आता पता नहीं चल रहा है। दरअसल अपराध नियंत्रण को लेकर पूरे मसौढी शहर में चप्पे चप्पे पर तीसरी आंख से निगरानी को लेकर अनुमंडल प्रशासन के सानिध्य में नगर परिषद के द्वारा पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गये



है। जो मसौढ़ी के स्टेशन रोड, मेंन रोड, कैलूचक, ब्लॉक रोड, पटेल नगर, गांधी मैदान रोड, रजिस्ट्री कार्यालय रोड आदि जगहों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। तकरीबन 125 कैमरे पूरे शहर के चारों तरफ लगाये गये है। लेकिन मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में कैमरे तो लगा दिया गया है लेकिन इसे कौन देख कौन रहा है मॉनिटरिंग कैसे हो रही है पूरे शहर की निगरानी की विधवत तौर पर अभी तक इसका क्रियान्वयन नहीं किया गया है। बताया गया था कि तीन पालियों में सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग की जाएगी, पूरे शहर में कहीं पर घटना होती है तो तुरंत कंट्रोल रूम से संबंधित थाना पदाधिकारी को इनफॉरमेशन दी जाएगी लेकिन तमाम चीजों पर अभी तरह से अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। नगर परिषद के पदाधिकारी की माने तो अनुमंडल पुलिस प्रशासन कार्यालय से कर्मचारी, कुछ अनुमंडल के कर्मचारियों को वहां पर प्रतिनियुक्त करना था जो अभी तक नहीं हो पाया है ऐसे में पूरे शहर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग कौन करेगा इस बात का अभी तक कोई पता नहीं चल पा रहा है। तो ऐसे में अगर कहीं घटना घट जाती है तो सीसीटीवी कौन देखेगा।

# खेल प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुलासचक के छात्रों ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मशाल कार्यक्रम के तहत बिहार राज्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन इन दोनों हर प्रखंडस्तर पर संकुल स्तरीय कार्यक्रम किया जा रहा है। ऐसे में धनरूआ के ननौरी संकुल स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां पर 19 विद्यालय के छात्र-छात्रा इस पूरे खेल प्रतियोगिता में शामिल हुए, जहां उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुलासचक वीर के छात्र-छात्रा प्रथम स्थान प्राप्त हुए, वहीं ननौरी उत्क्रमित माध्यमिक उच्च विधायालय दूसरे स्थान पर रहे। कबड्डी खेल प्रतियोगिता में अमित कुमार और नीतू कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दौड़ खेल प्रतियोगिता में अनामिका कुमारी 400 मीटर पर, एवं संगीता कुमारी ने 600 मीटर दौड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, खेल प्रतियोगिता के अंत में परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं के बीच मेडल से पुरूस्कृत किया गया। जिसमें जदयू के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार जय किशोर सिंह, ननौरी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार, उत्क्रमित मध्य हुलासचक वीर के प्रधानाध्यापक चंचला कुमारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन मैकेनिकल एंड इंडस्ट्रीयल टेक्नोलॉजी का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार की तकनीकी शिक्षा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन मैकेनिकल एंड इंडस्ट्रीयल टेक्नोलॉजी का भव्य शुभारंभ शनिवार को एमआईटी मुज़फ्फरपुर में हुआ। समारोह का उद्घाटन बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री कृष्ण कुमार मंटू ने किया। उन्होंने कहा तकनीकी नवाचार ही भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा। सरकार तकनीकी संस्थानों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बिहार के युवाओं को




स्टार्टअप्स की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, इसके साथ ही उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने स्टार्टअप आइडिया के आवेदन सरकार को भेजें। ऐसे विचारों को प्राथमिकता दी जाएगी और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्राचार्य प्रो. डॉ. एम. के. झा (एमाईटी मुज़फ्फरपुर) ने कहा, आईसीएमआईटी-2025 बिहार की तकनीकी शिक्षा को वैश्विक मंच से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर है। प्रो. एम. के. झा ने संस्थान की गौरवशाली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और राज्य सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। प्रभात कुमार सिन्हा, चेयरमैन, आईसीसी बिहार ने कहा कि इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट समन्वय से ही युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्रीतम कुमार सिन्हा, सलाहकार, सेंटर ऑफ स्मार्ट गवर्नेंस, कर्नाटक सरकार ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस में भारत को वैश्विक मानक स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों को जमीनी विषयों पर अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रो. संदीप तिवारी (प्राचार्य, डीएसई दरभंगा) ने इस आयोजन को दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक समन्वय को नई ऊर्ज़ा देने वाला बताया। प्रो. संदीप तिवारी ने इस आयोजन को दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक समन्वय को नई ऊर्ज़ा देनेवाला बताया। एनआईटी पटना के पूर्व निदेशक प्रो. यू.सी. राय ने कहा कि संस्थागत नवाचार ही तकनीकी संस्थानों की पहचान है। प्रो. विवेकानंद सिंह, कुलपति, पूर्णिया विश्वविद्यालय ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी जरूरी है। डॉ. प्रताप सिंह काकासाहेब देसाई, अध्यक्ष, आईएसटीई, नई दिल्ली ने कहा कि तकनीक बिना नवाचार के सामाजिक पाप है। ज्ञानेंद्र शरण, निदेशक, इंफोटेक ने कहा कि एआई और ऑटोमेशन में युवाओं की भागीदारी जरूरी है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बिक्रम।** रानीतालाब थानांतर्गत बिहटा महाबलीपुर पथ पर पतुत धर्मकांटा के समीप शनिवार को बाइक सवार युवक को एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रानीतालाब थाना की पुलिस घटनास्थल पहुँची। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त युवक की पहचान मनेर थाना के भाट भटेरी ग्राम निवासी दुर्गा राम के पुत्र संतोष राम (30 वर्ष) के रूप में की गई है।युवक का रानीतालाब थाना क्षेत्र के बेरर गाँव में ससुराल था जहां वह जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन से कुचल जाने से उसकी मौत हो गई।

# मसौढ़ी के विभिन्न राजस्व पंचायतों में बनाया जा रहा है फार्मर आईडी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आधार के तर्ज पर किसानों के लिए बनाई जा रही है फार्मर आईडी, अब बार-बार केवाईसी का झंझट खत्म होगा। किसानों के लिए जल्द ही एक नई पहचान प्रणाली लॉन्च की जाएगी, जो आधार के तर्ज पर होगी. इस फार्मर आईडी के जरिए किसानों को बार-बार केवाईसी प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी, ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड के सभी राजस्व गांव में फार्मर आईडी शिविर लगाकर किसानों के केवाईसी की जा रही है और उसे



फार्मर आईडी बनाई जा रही है। मसौढी में अब तक 107 किसानों का फार्मर आईडी बनाया जा चुका है और 508 किसानों का केवाईसी किया गया है। कृषि समन्वक विजय कुमार ने बताया कि मसौढ़ी प्रखंड के सभी राजस्व गांव में फार्मर आईडी की प्रक्रिया शुरू हो गई है फिलहाल शाहाबाद, देवरिया, खरांट, बेर्रा, कराय, लखनौर, आदि पंचायत में फार्मर आईडी की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। इस प्रणाली से किसानों की पहचान और उनके डेटा को सुरक्षित और सरल तरीके से प्रबंधित किया जा सकेगा, आधार कार्ड की तरह ही, फार्मर आईडी किसानों की पहचान का डिजिटल माध्यम होगा। इसका उपयोग प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, और कृषि से संबंधित अन्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया जाएगा। इस पहचान पत्र में किसानों की भूमि, पशुधन, फसल की जानकारी, और अन्य डिटेल्स शामिल होंगे। फार्मर आईडी बनने के बाद किसानों को बार-बार केवासी कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

# दो पक्षों में मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के निम्डा गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों में गाली गलौज मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां पर दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित सूचना दी गई है। दरअसल पहला पक्ष चंदन कुमार पिता रामानुज सिंह ने आरोप लगाया है की 22 मई को हमारे फोन पर अभिजीत कुमार ने धमकी दी गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी है। उसके बाद पुनः दूसरे दिन भी मेरे घर पर आकर गाली गलौज करते हुए हमारे नाबालिग बेटे लोकेश कुमार को जान से मारने की कोशिश की, हमारी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया, इस मामले में कुल चार लोगों पर नामजद आरोपी बनाया है, जिसमें अरविंद सिंह पिता स्व सकलदेव सिंह, गौरव कुमार, राहुल कुमार अभिजीत कुमार है। वहीं दूसरे पक्ष राहुल कुमार पिता अरविंद सिंह की ओर से भी दो लोगों पर नामजद केस किया है जिसमें चंदन और उसके पिता शामिल है। इस पूरे मामले में थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया की आपसी विवाद में दोनों तरफ से गाली गलौज मारपीट की घटना घटी है, दोनों पक्षों की ओर से थाने में केस दर्ज कराया गया है, मामले की पूरी तहकीकात की जा रही है, बताया जाता है कि चंदन कुमार के बेटे के द्वारा हमेशा गाली गलौज किया जाता रहा है।

# वेयर हाउस में एफएलसी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर सिवान के भंटा पोखर स्थित इवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्य का निरीक्षण शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एफएलसी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्यों को पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एफएलसी कार्य के दौरान हर दिन राजनीतिक दलों द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे।

**सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी की भी जांच**

जिला पदाधिकारी ने वेयरहाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के डिस्प्ले और निगरानी व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कैमरों की फीड की जांच की और सुरक्षा में तैनात कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी व्यक्ति बिना लॉग बुक में प्रविष्टि किए वेयरहाउस के अंदर प्रवेश न करे। लॉग बुक की जांच के साथ ही उन्होंने परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

**जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने दी जानकारी**

इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि एफएलसी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन हो रहा है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और हमारी भूमिका पर संवाद गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** नगर के रीड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और हमारी भूमिका विषय पर संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए जेपी सेनानी सह वरीय समाजसेवी पंकज ने कहा कि करीब तीन दशक पहले सरकारी विद्यालयों में संसाधनों का घोर अभाव था। वर्तमान समय में सरकारी विधालयों में सभी सुविधाएं मौजूद रहते हुए छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान नहीं किया जा रहा है। शिक्षा में सुधार के लिए सबकी भागीदारी अति आवश्यक है। संवाद गोष्ठी का संचालन रामेश्वर प्रसाद, अमित और रमेश कुमार ने किया। पंकज ने कहा कि 1991 में सरकारी स्कूलों में भवन, शौचालय, चाहरदिवारी, आदि की सुविधा कम थी, लेकिन वर्तमान समय में सरकारी स्कूलों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई। स्कूलों में हो रहें वर्ग वार पढाई का अभिभावक मूल्यांकन करते हैं। जब तक शिक्षा समिति, समाज कर्मी, अभिभावक, मीडिया कर्मी और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी तबतक शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकतीं है।

# मिठू हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के पखनाहा में मिठू हत्याकांड में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सदर टू राजनिश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि वैरिया थानान्तर्गत पखनाहीं बाजार स्थित प्रोजेक्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में मिठु कुमार पे0 मदन साह को उसके साथियों के द्वारा चाकु मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें मृतक के पिता मदन साह के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर बैरिया थाना में शाहबाज खान, अमित कुमार, आसिफ खान एवं हरिओम कुमार के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया। पुलिस अधीक्षक डा शौर्य सुमन ने एसडीपीओ राजनीश कान्त प्रियदर्शी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। उक्त कांड में अग्रेतर कार्रवाई करते हुए इस कंाड के प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त पखनाहा निवासी शाहबाज खान एवं अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार दोनो अभियुक्तो से पुछताछ करने पर बताया कि हम सभी दोस्त है तथा एक साथ रहा करते थे। घटना के दिन सभी दोस्त एक साथ विद्यालय परिसर में बैठकर बैठकी कर रहे थे। पार्टी के दौरान मिठ्ठु कुमार द्वारा गाली गलौज किया जाने लगा। जिससे बात बढ़ गया। इस कारण गुस्से में आकर शहबाज खान अपने पॉकेट से चाकू निकालकर मिठ्ठु कुमार के उपर कई जगहो पर प्रहार कर दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी और सभी लोग वहाँ से फरार हो गये। छापामारी दल में योगापट्टी के पुलिस निरीक्षक विनय कुमार, बैरिया थानाध्यक्ष अंजेश कुमार, पुअनि लवकांत शर्मा,संजीत कुमार, मिथलेश कुमार, दीपक कुमार दुवे, एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बिहार खेल विश्वविद्यालय में 'शारीरिक शिक्षा' विषय पर लिखी पुस्तक का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा/राजगीर।** बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में शनिवार को 'शारीरिक शिक्षा का इतिहास, सिद्धांत एवं आधारभूत संरचना' नामक पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एडवांस्ड रिफ्रेशर कोर्स के प्रथम बैच के प्रमाण-पत्र वितरण समारोह के दौरान यह पुस्तक लॉन्च की गई। पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति सह सेवानिवृत्त आईएएस शिशिर सिन्हा, कुलसचिव रजनीकांत, डीन निशिकांत तिवारी, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सलाहकार रौशन कुमार और अजीत कुमार तथा पुस्तक की लेखिका डॉ. रंजिता प्रियदर्शिनी ने संयुक्त रूप से किया।

# शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने की सेवा पुस्तिका संधारण के लिए प्रखंड स्तरीय शिविर की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने मांग की कि विशिष्ट श्रेणी के शिक्षकों की सेवा-पुस्तिका का संधारण प्रखंड स्तर पर शिविर लगाकर शीघ्र कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम एवं द्वितीय सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों का तकनीकी सत्यापन और एचआरएमएस ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाए। संघ ने 2017 ओडीएल डीएलएड उत्तीर्ण मढ़ौरा, सोनपुर, मांझी, एकमा, रिविलगंज, परसा और जलालपुर प्रखंडों के वैसे शिक्षकों का उल्लेख किया जिनका वेतन एक मई 2017 से लंबित है। उन्होंने इन शिक्षकों का बकाया वेतन शीघ्र भुगतान करने की मांग की। साथ ही नियोजित शिक्षकों के अन्य लंबित वेतन का भी अविलंब भुगतान सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर शिक्षक नेता संजय यादव, हवलदार मांझी, निजाम अहमद, पीयूष तिवारी, पंकज प्रकाश सिंह, अंकित कुमार सिंह, फिरोज इकबाल, मिथलेश कुमार सिंह, संजय कुमार पांडेय, परशुराम सिंह, तिजामुद्दीन, रविन्द्र ठाकुर, असगर अली, अविनाश कुमार सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर डाटा ऑपरेटर द्वारा अवैध उगाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लौरिया।** बिहार सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को उस वक्त शर्मसार होना पड़ा जब पश्चिम चंपारण के लौरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एक डाटा एंट्री ऑपरेटर पर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगा।

स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत डाटा ऑपरेटर बृजेश कुमार तिवारी पर आरोप है कि वे जन्म प्रमाण पत्र बनवाने और निर्गत कराने के एवज में लोगों से प्रति प्रमाण पत्र 500 से 800 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे थे। यह भी बताया गया कि बिना नजराना दिए कोई प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता।

इसको लेकर रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने ऑपरेटर बृजेश तिवारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

इन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अपने-अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्हें बृजेश तिवारी को नकद पैसे देने पड़े और प्रमाण पत्र पाने के लिए कई बार स्वास्थ्य केंद्र का चक्कर लगाना पड़ा। इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार ने दिनांक 21 मई 2025 को पत्रांक इच/171 के माध्यम से बृजेश तिवारी को 24 घंटे के अंदर प्रभार अन्य डाटा एंट्री ऑपरेटर शशिधर मिश्रा को सौंपने का निर्देश दिया था। हालांकि, आश्चर्यजनक रूप से अब तक बृजेश तिवारी ने प्रभार नहीं सौंपा, जिससे मामले की गंभीरता और प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# कमजोर नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रहा मॉडल अस्पताल का एसएनसीयू, 2924 बच्चों का सफल इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जन्म के साथ कमजोर और बीमार नवजात शिशुओं के लिए मॉडल सदर अस्पताल स्थित स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) किसी वरदान से कम नहीं है। अप्रैल 2022 से अब तक यहां 2924 नवजातों का सफल इलाज किया जा चुका है। सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि एसएनसीयू में न केवल सदर अस्पताल में जन्मे, बल्कि बाहरी अस्पतालों में जन्मे नवजातों का भी समुचित इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी नवजात को यहां मौजूद सुविधाओं से लाभ नहीं होता है, तो उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया जाता है। एसएनसीयू में इलाज पूरी तरह निःशुल्क है और डिस्चार्ज के बाद नियमित फॉलोअप की भी व्यवस्था है। बच्चे के स्वास्थ्य पर एक साल तक विशेष नजर रखी जाती है, जिसमें अधिकतम पांच बार फॉलोअप किया जाता है।

**गर्भावस्था के दौरान लापरवाही बन रही बीमारियों की वजह**

अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान पर्याप्त देखभाल और पौष्टिक आहार नहीं लेने की वजह से बच्चे कमजोर और बीमार पैदा होते हैं। कई बार बच्चों का वजन सामान्य से काफी कम होता है और उन्हें सांस लेने में दिक्कत, हाइपोथर्मिया, हाइपोग्लाइसीमिया जैसी समस्याएं हो जाती हैं। ऐसे नवजातों को तत्काल एसएनसीयू में भर्ती कर विशेषज्ञों की देखरेख में इलाज किया जाता है। यहां डॉ. कालिका सिंह, डॉ. पंकज कुमार सिंह और डॉ. उमेश कुमार गुप्ता जैसे विशेषज्ञ बच्चों का समुचित इलाज सुनिश्चित करते हैं। खासकर वे बच्चे जो जन्म के बाद एक मिनट तक नहीं रोते, उन्हें बर्थ एस्फिक्सिया की श्रेणी में रखते हुए तुरंत इलाज शुरू किया जाता है।

**हर महीने दर्ज हो रही है सफलता की नई कहानी**

एसएनसीयू की प्रभारी जीएनएम शोभा कुमारी ने बताया कि अप्रैल 2022 से अब तक 2924 नवजातों को इलाज के बाद स्वस्थ कर घर भेजा गया है। इसमें 2022-23 में 687, 2023-24 में 1167, 2024-25 में अब तक 933, जबकि मई महीने में अब तक 60 बच्चों का इलाज किया जा चुका है। इलाज के लिए 12 वार्मर, 2 सी-पैप, 4 फोटोथेरेपी यूनिट और 6 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था है। आठ प्रशिक्षित जीएनएम और तीन शिशु रोग विशेषज्ञ 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। ओपीडी समय में दो चिकित्सक एसएनसीयू वार्ड में बच्चों की नियमित जांच करते हैं।

# मशाल प्रतियोगिताओं का समापन, प्रतिभाशाली चयनित छात्र-छात्राएं सम्मानित






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड व नगर अंतर्गत विभिन्न संकुल संसाधन केंद्रों पर आयोजित तीन दिवसीय मशाल प्रतियोगिताओं का समापन शनिवार को हुआ।

इस अवसर पर कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, साइक्लिंग सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, गौसपुर में आयोजित समापन समारोह में संकुल समन्वयक अनिल कुमार सिंह, संचालक मोहम्मद तौकीर अंसारी, प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, फिजिकल शिक्षक योगेश कुमार सिंह व धर्मेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास व मानसिक-शारीरिक विकास का माध्यम है। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को पहचान कर संकुल, प्रखंड व जिला स्तर से आगे बढ़ाया जाए, ताकि वे प्रदेश स्तर तक पहुंच सकें और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अनीता पांडेय, दिग्विजय कुमार गुप्ता, अंजू कुमारी, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, सनोज कुमार, विकास कुमार, सोनाली नंदा, राज मोहम्मद अंसारी, विभा कुमारी, जूली कुमारी, रंजीत कुमार, शुभम कुमार, रंजीत कुमार रंजन, सुशील कुमार यादव, योगेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार आदि शिक्षकों व शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। इसी क्रम में अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, एकमा में संकुल समन्वयक अरुण कुमार सिंह व संचालक कृष्ण भगवान यादव की उपस्थिति में समापन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया वहीं अन्य संकुल संसाधन केंद्रों पर भी प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, दीपक कुमार,उपेंद्र कुमार यादव, सच्चिदानंद आज़ाद, सोनू सिंह, विनय कुमार सिंह, हेम नारायण राम, संजय भारती, उमेश सिंह आदि द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## 26 किलो गांजा जब्त, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मैनाटांड़।** बॉर्डर पर एसएसबी और भंगहा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रविवार को पीलर संख्या 424 के पास से 26 किलो गांजा जब्त किया गया है जबकि कारोबारी चकमा देकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भंगहा गांव के रास्ते पिलर संख्या 424 से एक व्यक्ति गांजा लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाला है।सूचना के आधार पर पुलिस और भंगहा बीओपी के एसएसबी जवानो ने रविवार को उक्त जगह को नाकाबंदी करना शुरू कर दिया। तभी नेपाल की तरफ से एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। पुलिस और एसएसबी को देख अपने साथ रखा बोरा को फ़ेंक चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस और एसएसबी ने फेंके गए बोरा की जब जांच की तो उसमे गांजा रखा हुआ था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गांजा जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**एक नजर**

## कांग्रेस भवन छपरा में जिला कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक



**छपरा (सारण)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सारण जिला कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन, छपरा में संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पूर्व में हुए कार्यों की समीक्षा, आगामी विधानसभा चुनाव, जिला कार्यालय के जीर्णोद्धार समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक संध्या 4 बजे तक चली। इस दौरान 'हर घर झंडा' कार्यक्रम को ज़ोर-शोर से चलाने और युवाओं को संगठित कर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष बच्चू प्रसाद वीरू ने कहा कि हर घर झंडा अभियान को प्रत्येक पंचायत और वार्ड तक पहुंचाना है, ताकि संगठन की मजबूती धरातल पर दिखाई दे। बैठक में प्रमुख रूप से मालिक प्रसाद यादव, जेपी मिश्रा, राहुल यादव, फैसल अनवर, फिरोज इकबाल, विपिन सिंह, नवीन सिंह, अनिल सिंह, पंकज सिंह परमार, नरेंद्र मिश्रा, संदीप रौशन, मीडिया प्रभारी अमित नयन, जयप्रकाश यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षक व समाजसेवी लाल बाबू सिंह का निधन

**मांझी (सारण)।** प्रखंड के सलेमपुर गांव निवासी अवकाशप्राप्त शिक्षक व समाजसेवी लाल बाबू सिंह का बीती रात 85 वर्ष की उम्र में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वे पिछले एक वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे। वर्ष 2000 में उन्होंने एकमा मिडिल स्कूल से सेवानिवृत्ति ली थी। शनिवार को डुमाईगढ़ स्थित सरयू नदी के घाट पर उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र रविंद्र सिंह ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उनके पुत्र हरेंद्र सिंह के साथ-साथ छपरा के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन सिंह, मुकुल कुमार व अन्य परिजन उपस्थित रहे। स्व. सिंह ने अपने पीछे भरा-पूरा परिवार व समाजसेवा की समृद्ध स्मृतियां छोड़ी हैं। उनकी अंतिम यात्रा में बजरंग दल के प्रदेश संयोजक राहुल मेहता, आरएसएस के जिला कार्यवाह महेश जी, नगर कार्यवाह राहुल जी, सीपीएस के संचालक हरेन्द्र सिंह, पूर्व उप प्रमुख रामकृष्ण सिंह, पूर्व मुखिया मंटू सिंह, शिक्षक उमेश सिंह, प्रो. ओम प्रकाश सिंह, प्रो. अर्जुन यादव, विजय सिंह, अजय सिंह, राम नारायण सिंह, धनंजय दुबे, सत्येंद्र सिंह, अरुण सिंह, भूपेंद्र सिंह, कवि-शिक्षक बिजेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार व ग्रामीण मौजूद थे।

## बारात में मारपीट, पांच लोग घायल

**एकमा (सारण)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के टेसुआर गांव में आयी एक बारात के विदाई के बाद चार कुर्सियों के चोरी हो जाने के विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई। मामूली कहासूनी के बाद विवाद में हिंसक रूप ले लिया। जिसमें तीन लोग गंभीर व दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इसके बाद दो घायलों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गंभीर रूप से घायलों में टेसुआर गांव निवासी मीना देवी (45), राजू राम (25) व काशी नाथ राम (22) व मामूली रूप से घायलों में भोला राम (55) व उषा राम (30) शामिल हैं। पड़ोस में आई बारात के विदाई के बाद दौरान कुछ कुर्सियां चोरी के आरोप को लेकर पड़ोस के कुछ युवकों से विवाद शुरू हो गया। विवाद का बीच-बचाव की कोशिश पर मामला और बिगड़ गया और लाठी-डंडे व चाकू चलने लगे। वारदात की सूचना पर पहुंची रसूलपुर थाना पुलिस ने घायलों के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप व हत्या मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा (सारण)।** जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना आयी है। जहां भटकेशरी गांव स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा पांच की 10 वर्षीय मासूम छात्रा के साथ गांव के ही मनचले किशोरों के द्वारा गैंग रेप की घटना को अंजाम देने के बाद हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया है। बताया गया है कि जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भटकेशरी गांव में यह वारदात हुई है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस सहित जिले के आला अधिकारियों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। घटना के संबंध में मृत मासूम की बहन ने बताया कि गांव के ही नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में मेरी बहन पांचवीं वर्ग की छात्रा थी। जहां स्कूल से मात्र 200 मीटर की दूरी पर नहर किनारे झाड़ी में शव मिला है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जलालपुर थाने की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है, घटना के बाद इस मामले में त्वरित करवाई करते हुए जलालपुर पुलिस ने घटना में आरोपित सभी पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपमहानिरीक्षक, सारण प्रक्षेत्र; निलेश कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक सारण डॉ कुमार आशीष, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)- शिखर चौधरी एकमा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजकुमार आदि ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की गहनता से जांच के निर्देश दिए। मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया है साथ ही घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है।

## नाबालिग की हत्या शर्मनाक: सुधांशु रंजन

जलालपुर प्रखंड के भटकेसरी गांव में 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप के बाद हत्या की घटना ने पूरे सारण जिले को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य वारदात के विरोध में बिहार विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन के नेतृत्व में राजद प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना जताई। राजद प्रतिनिधिमंडल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को अविलंब फांसी की सजा देने की मांग की। पीड़ित परिवार को राहत स्वरूप अनाज व नकद राशि भी उपलब्ध कराई गई। प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल से ही वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष, बीडीओ तथा स्थानीय थानाध्यक्ष से दूरभाष पर बातचीत कर निष्पक्ष व तेज कार्रवाई की मांग की। सुधांशु रंजन ने बताया कि घटना के बाद सारण के डीआईजी नीलेश कुमार, एसएसपी डॉ कुमार आशीष व ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी ने संयुक्त रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पांचों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि सारण जिले के इस दर्दनाक कांड ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है और यह बिहार की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# दस महिलाओं को दी गई सिलाई मशीन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज।** नगर के गोपाल ब्रह्म स्थान परिसर में रविवार को रोटरी क्लब द्वारा महिला स्वरोजगार योजना के तहत 10 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता पहुचे हुए थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत संस्था रहा है। आज इस संस्था के प्रयास से क्षेत्र के दस महिलाओं को जीविकोपार्जन के लिए सिलाई मशीन देकर उन्हें स्वावलंबी बनोने के लिये एक मिशाल कायम किया गया है। वही क्लब के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह सिलाई मशीन मैजिक ऑफ रोटरी के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट ग्रांट द्वारा निशुल्क दिया जा रहा है। सिलाई मशीन पाने वालों में प्रखंड क्षेत्र के नरकटिया गाव की सुनीता देवी, रबिता कुमारी, सुमन कुमारी, शिला कुमारी, जीता देवी, आरती कुमारी, चिन्ता देवी, बिशुनपुरवा की मु0 सुनीता, लालपरी देवी एवं महेशपुर की चिंता देवी का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी महिलाएं अलग अलग संस्था से प्रशिक्षित है। सिलाई मशीन से सिलाई कर अपने और अपने परिवार को अर्थिक सहायता कर सकेगी।

# दो ट्रकों की टक्कर में एक की मौत

## एक घंटे तक ट्रक में ही फंसी रही चालक की लाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में रविवार को दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में एक ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक यूपी निवासी उदल कुमार है। बताया जा रहा कि सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। चालक पास की दुकान में टायर बनवा रहा था। इसी बीच उदल कुमार बारुन से शेरघाटी की ओर से ट्रक ले जा रहा था। ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। उदल को झपकी आ गई और ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। उदल की लाश एक घंटे तक ट्रक में फंसी रही। लोगों ने चालक को निकालने की पूरी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। पुलिस और नेशनल हाईवे की टीम को सूचना दी गई। घटना बारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिया मोड़ की है। बारुन थाना पुलिस और हाईवे टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल चालक की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन परिजन नहीं होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं ले जाया गया। सदर अस्पताल में ही इलाज चलता रहा। कुछ देर इलाज के बाद सदर अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई। बारून थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि हादसे में घायल चालक को अस्पताल भेजा गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों ट्रक अभी घटनास्थल पर ही है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## मारपीट मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कुटकुरी गांव में मारपीट के मामले में भीम शर्मा व टुनटुन शर्मा घायल हो गए। घायल टुनटुन शर्मा के द्वारा दर्ज करायरी गयी प्राथमिकी के आधार पर तीन अभियुक्त कुटकुरी गांव निवासी अजय कुमार, लाल सिंह एवं मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि घायल टुनटुन शर्मा ने आवेदन दिया था, जिसमे आठ लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया, जिसमे तीन अभियुक्त को गांव से गिरफ्तार कर भेज दिया गया एवं अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

# 'मन की बात' देश के हृदय की आवाज : मंत्री कृष्णनंदन पासवान

- शहर के कुंडा हाउस में हुआ प्रेरक कार्यक्रम
- सुना गया 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पीएम मोदी का उद्बोधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण रविवार को शहर के कुंडा हाउस स्थित शुभम इंटरनेशनल होटल में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता अनिल सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे मात्र एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत के बदलते आत्मविश्वास और वैश्विक मंच पर बढ़ती ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत की संप्रभुता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चेतना के नए युग की शुरुआत है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की कार्रवाई अब पूरी दुनिया को यह संदेश दे रही है कि भारत हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री ने यह भी साझा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में देशभक्ति की लहर दौड़ गई, बच्चों ने देशभक्ति से प्रेरित चित्र बनाए, युवाओं ने कविताएं लिखीं और विभिन्न शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। कई परिवारों ने अपने नवजात बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा, जो देश के प्रति लोगों की गहरी भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने कहा, 'मन की बात' वास्तव में देश के हृदय की बात है। प्रधानमंत्री का संवाद न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और चेतना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में भारत ने अपने कुशल नेतृत्व के बल पर वैश्विक पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता इंद्रदेव यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला कोषाध्यक्ष कौशल कुमार पिंटू सहित अरविंद सिंह, मधेश्वर सिंह, ऋषि कुमार, राजेंद्र पासवान, अशोक पासवान, उदय कुमार पासवान, अविनाश कुमार, विक्रांत कुमार सिंह, विकास बारूद, अशोक कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, रंजन कुमार, कन्हाई यादव, नरेश राम और साहित्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले अधिकांश लोगों ने कहा कि 'मन की बात' एक प्रेरणादायक पहल है, जिसका पूरे महीने बेसब्री से इंतजार रहता है। यह न केवल सरकार की प्राथमिकताओं को जनमानस तक पहुंचाता है, बल्कि देशवासियों को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की भावना भी देता है।

## संपत्ति कुर्क, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना की पुलिस ने परता नावाडीह गांव में लंबे समय से फरार वारंटी के घर कुर्की जब्ती की कार्यवाही की। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया की उक्त गांव निवासी चार लोगों के विरुद्ध कोर्ट द्वारा कुर्की जब्ती का वारंट जारी किया गया था। जिसमें एक अभियुक्त की मृत्यु हो गई थी। वारंट के आलोक में कार्यवाही करते हुए एक ही परिवार के तीन सदस्य मोहम्मद इकबाल हुसैन, नूरजहां खातून और मोहम्मद फारुख अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं उनकी संपत्ति भी कुर्क कर ली गई।

# मंत्री ने प्रचार रथों को झंडी दिखा किया रवाना



**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास के बिक्रमगंज के दुर्गाडीह मैदान में 30 मई को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा को लेकर प्रचार रथों को बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्णा नंदन पासवान ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के रमेश चौक से रवाना हुई रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगी और अधिक से अधिक लोगों को जनसभा में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर मंत्री कृष्णा नंदन पासवान ने बताया कि आगामी 30 मई को बिक्रमगंज के दुर्गाडीह मैदान में देश के प्रधानमंत्री की बड़ी जनसभा होने जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री का प्रथम आगमन है। कार्यक्रम स्थल पर वरीय भाजपा नेता अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रदेव यादव एवं पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने आम लोगों से माहिती सभा में चलने की अपील की। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बिक्रमगंज की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। औरंगाबाद जिले से उक्त सभा में लगभग 50 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यकर्ता हर एक क्षेत्र में हर एक स्तर पर प्रचार एवं प्रसार कर रहे हैं। मौके पर जदयू के वरीय नेता अशोक कुमार सिंह टुनटुन, भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री ऋषि कुमार सिंह, पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री विकास कुमार, भाजपा के वरीय नेता संजय कुमार सिंह, विक्रांत प्रताप सिंह, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख राजेंद्र पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रदेश से चलकर आए हुए वरीय नेता दीपक शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# ऊर्जा परिशिष्ट



# देश के हर कोने को रोशन कर रही एनटीपीसी

एनटीपीसी देश के हर कोने को रोशन करने और सभी के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने हेतु समर्पित भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी है। विद्युत क्षेत्र में अग्रणी के रूप में एनटीपीसी कुशल और सस्ती विद्युत उत्पन्न करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और कंपनी का लक्ष्य 2032 तक 130 गीगावॉट क्षमता प्राप्त करना है। एनटीपीसी अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए जीवाश्म ईंधन, गैस, हाइड्रो, परमाणु और नवीकरणीय स्रोतों को अपनाते हुए विविध ईंधनों का उपयोग कर रहे हैं।



### भारत की आर्थिक वृद्धि में अदा की महत्वपूर्ण भूमिका

एनटीपीसी ने 1975 में अपनी स्थापना के पश्चात लगभग पांच दशकों तक भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। प्रचालनात्मक उत्कृष्टता और वैश्विक मानकों के पालन की प्रतिबद्धता के साथ, एनटीपीसी देश में हर चौथे बल्ब को रोशन कर रहे हैं। हमारे लोग एनटीपीसी की सबसे बड़ी शक्ति हैं, जिनकी लगन और मेहनत हमें सफलता की ओर ले जा रही है। 'पीएलएफ (संयंत्र भार कारक) से पहले लोग' के दर्शन से प्रेरित होकर एनटीपीसी अपने कर्मचारियों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक विविध और सहयोगात्मक कार्यस्थल बना रहे हैं।

### वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य

वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के साथ, एनटीपीसी सतत विद्युत उत्पादन की दिशा में सक्रिय कदम उठा रहा है। एक सुदृढ़ ईएसजी योजना को लागू करके, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थकर ग्रह बनाने हेतु अपने प्रचालनों को इष्टतम कर रहे है तथा पारिस्थितिकी तंत्र को सही-सलामत रखने के प्रयास करते रहे हैं। पांच दशकों से, एनटीपीसी अपनी परियोजनाओं के आसपास के समुदायों में रहने वाले लोगों के जीवन को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के लिए समर्पित है। हमारी व्यापक सीएसआर पहलें हमारे मूल मूल्यों के ताने-बाने में बुनी हुई हैं, जो स्वास्थ्य देखरेख, शिक्षा, कौशल विकास, लैंगिक सशक्तिकरण और आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाती हैं।

### एनटीपीसी की मूल मान्यताएं

एनटीपीसी की मूल मान्यताएं आई सत्यनिष्ठा, सी ग्राहक को प्रधानता एवं स्फूर्ति, ओ संगठनात्मक गौरव, एम परस्पर सम्मान और विश्वास, आई नवोन्मेष एवं अधिगम एवं टी कुल गुणवत्ता एवं सुरक्षा है। एनटीपीसी का उद्देश्य इन मूल मान्यताओं को संस्थागत रूप देना और टीम निर्माण, सशक्तिकरण, समानता, नवाचार और खुलेपन की संस्कृति बनाना है जो कर्मचारियों को प्रेरित करेगा और रणनीतिक उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए समर्थ बनाएगा। मूल मान्यताओं के संदर्भ में एनटीपीसी की मुख्य चुनौती दैनिक गतिविधियों में इसका उपयोग और प्रासंगिकता है। इस उद्देश्य से, एनटीपीसी ने विभिन्न कदम उठाए हैं, अर्थात हमारी निष्पादन प्रबंधन प्रणालियों में मूल्यों के लिए महत्व बनाना, मूल्यों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना और हमारे प्रमुख कार्यक्रमों में मूल्यों पर सत्र भी शामिल करना, मूल्य आधारित व्यवहार को पुरस्कृत करना और मूल्य बोध कार्य बल का निर्माण। एनटीपीसी के शीर्ष प्रबंधन द्वारा एक विज़न एंड वैल्यूज़ रिविजिट वर्कशॉप हमारी मूल मान्यताओं की प्राप्ति का एक प्रमुख घटक है।

### कर्मचारियों को सर्वोत्तम उपलब्ध कार्य जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है एनटीपीसी

एनटीपीसी अपने कर्मचारियों को सर्वोत्तम उपलब्ध कार्य जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुरक्षित और सौंदर्यपूर्ण रूप से सुखदायक कार्यस्थल सुनिश्चित करने के अलावा, एनटीपीसी सक्रिय रूप से साथियों, वरिष्ठों और अधीनस्थों के बीच आपसी सम्मान और विश्वास की संस्कृति को प्रोत्साहित करता है। शहरों की भीड़-भाड़ से दूर, हमारी टाउनशिप शांति, प्राकृतिक सुंदरता और करीबी सामुदायिक जीवन का प्रतीक हैं। कर्मचारियों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता और कल्याण को बढ़ाने के लिए टाउनशिप में स्कूलों, अस्पतालों और सामाजिक क्लबों सहित कई कल्याण और मनोरंजन सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। किसी व्यक्ति के जीवन में उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति को पूरा करने के लिए कर्मचारियों को बच्चों की देखभाल की छुट्टी से लेकर सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभों तक लाभों की एक पूरी श्रृंखला प्रदान की जाती है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के लिए कई पुरस्कार योजनाएं

एनटीपीसी अपने सहकर्मियों को प्रेरित करने में पुरस्कारों और सम्मानों द्वारा निभाई गई भूमिका को पहचानते हैं। इस उद्देश्य से, एनटीपीसी ने विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाकर और ऐसी सफलता के पीछे के योगदान को पहचानकर पुरस्कार और प्रशंसा की संस्कृति बनाई है। परियोजना निर्माण के चरण से लेकर पावर स्टेशन के संचालन तक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों और टीमों के लिए एनटीपीसी की कई पुरस्कार योजनाएं हैं, साथ ही, विशेष आयोजनों/प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार भी हैं जहां कर्मचारी अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। एनटीपीसी कर्मचारियों के परिवारों को नियमित आधार पर विभिन्न आयोजनों और प्रतियोगिताओं में शामिल कर उनके योगदान को भी मान्यता देता है। एनटीपीसी पीढ़ियों के लिए विद्युत का उत्पादन करता है और मुस्कुराहट फैलाता है।




